
जावेद अख्तर और कंगना... 7

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत


श्रीमद्भगवत कथा का... 11

■ वर्ष 29 अंक 245 | डाक/नगर संस्करण | ■ जबलपुर रविवार 02 मार्च 2025 | ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00


# भाजपा सरकार ने भ्रष्ट और कलंकित प्रदेश बनाया: कमलनाथ

## छिंदवाड़ा में बोले- टीआई ने बीजेपी का बिल्ला लगा लिया, यह बर्दाश्त नहीं

छिंदवाड़ा ( स्वतंत्र मत )

टीआई कान खोलकर सुन लें, जितने दिन आपकी वर्दी सुरक्षित है, उतने दिन तक ही आपकी इज्जत है। कुछ ऐसे लोग होते हैं जो बीजेपी का बिल्ला अपनी जेब में रख कर घूमते हैं और यहां (हर्रई) के टीआई ने बीजेपी का बिल्ला जेब के ऊपर लगा लिया है। पुलिस प्रशासन जनता की सुरक्षा और सेवा के लिए है। ये पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में काम करते हैं तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने छिंदवाड़ा की अमरवाड़ा विधानसभा के हर्रई में शनिवार को एक कार्यक्रम में सार्वजनिक मंच से यह बात कही। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इस सभा में दिए गए वक्तव्य का वीडियो भी अपलोड किया है। इसमें वह पुलिस वालों को वर्दी की इज्जत करने की बात कह रहे हैं। साथ ही भाजपा की सरकार को कर्ज लेकर घी पीने के सिद्धांत पर चलने वाली बताकर जनता से पूरी तरह मुंह मोड़ लेने वाला कहा। कमलनाथ ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए बोले कि भाजपा ने मध्यप्रदेश में भ्रष्टाचार करके इसे कलंकित प्रदेश बना दिया है। आज प्रदेश का युवा भटक रहा है, उनका भविष्य अंधेरे में है। उनके समक्ष बड़ी चुनौती है। वह बोले कि बीजेपी बड़ी-बड़ी बातें कर रही है। खाद-बीज के भाव बढ़ रहे हैं। लेकिन किसान की उपज के भाव नहीं बढ़ रहे। बीजेपी इसकी बात नहीं करती है।




### समय बदलेगा, सत्य की जीत होगी

कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कमलनाथ ने कहा कि डरने की जरूरत नहीं है। कल समय बदलेगा और सत्य की जीत होगी। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस की सरकार आने पर छिंदवाड़ा में बिजली से लेकर सिंचाई, पानी सब तरह की व्यवस्था करने का काम किया गया है।

### जनता के साथ हर स्तर पर भेदभाव

एक्स पर कमलनाथ ने यह भी लिखा है कि छिंदवाड़ा में ट्रिपल इंजन की सरकार चल रही है। लेकिन सच्चाई यह है कि जनता को पेट्रोल ही नहीं मिल पा रहा। छिंदवाड़ा और पांढुर्णा की जनता के साथ हर स्तर पर भेदभाव किया जा रहा है और जानबूझकर क्षेत्र को विकास योजनाओं से दूर किया जा रहा है। प्रदेश सरकार करोड़ों रुपया इवेंट पर खर्च कर रही है। लेकिन विकास योजनाओं, नौजवानों को रोजगार देने, किसानों को फसल का उचित मूल्य देने और महिलाओं को सुरक्षा देने पर कोई खर्च नहीं किया जा रहा है।

### मनन मिश्रा 7वीं बार बीसीआई के अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली।** सीनियर एडवोकेट और राज्यसभा सांसद मनन कुमार मिश्रा शनिवार को



बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष चुने गए। उन्होंने 7वीं बार यह जीत हासिल की। वहीं, उपाध्यक्ष के लिए चुनाव रविवार को चुनाव होना है

### सूटकेस में मिली कांग्रेस नेत्री की लाश

**रोहतक।** हरियाणा में कांग्रेस की युवा महिला नेता हिमानी नरवाल की हत्या कर दी गई। लाश सूटकेस में बस स्टैंड के पास मिली। हाथ में मेहंदी लगी हुई थी। शनिवार को सूटकेस सांपला बस स्टैंड के पास फ्लाइओवर के पास पड़ा मिला। इसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने शुरुआती जांच में बताया कि महिला नेता की गला घोंटकर हत्या की गई है। रोहतक के कांग्रेस विधायक भारत भूषण बत्रा ने पुष्टि की कि यह लाश कांग्रेस की युवा महिला नेता हिमानी नरवाल की है।



### कर्नाटक के 3 जिलों में बर्ड फ्लू

**बेंगलुरू।** कर्नाटक के तीन जिलों में बर्ड फ्लू के मामले आने के बाद प्रशासन बड़े पैमाने पर पक्षियों को मार रहा है। इसके अलावा पूरे राज्य में निगरानी बढ़ा दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि रायचूर, चिक्काबल्लापुर और बल्लारी जिलों के पोल्ट्री फॉर्म में बर्ड फ्लू के मामले सामने आए हैं। इसके बाद चिक्कबल्लापुर में 292 और बल्लारी में 1 हजार से ज्यादा पोल्ट्री पक्षियों को मारा गया।

### उत्तराखंड एवलांच में 4 की मौत, 5 लापता

**चमोली।** उत्तराखंड के चमोली एवलांच में अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है। हादसे के दूसरे दिन शनिवार को 17 मजदूरों को रेस्क्यू किया गया। इससे पहले शुक्रवार को 33 लोगों को बचाया गया था। इनमें गंभीर रूप से घायल 4 लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई। 5 मजदूर अब भी लापता हैं। हादसा चमोली के माणा गांव के नजदीक 28 फरवरी की सुबह 7.15 बजे हुआ था।

### दिल्ली में 15 साल पुराने वाहनों को पेट्रोल-डीजल नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 15 साल और उससे ज्यादा पुराने वाहनों को 31 मार्च से पेट्रोल-डीजल नहीं दिया जाएगा। दिल्ली में बढ़ते एयर पॉल्यूशन को कंट्रोल करने के लिए दिल्ली सरकार ने यह कदम उठाया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शनिवार को यह ऐलान किया। उन्होंने कहा, इस फैसले की जानकारी केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय को जल्द दी जाएगी। हम पेट्रोल पंपों पर गैजेट लगा रहे हैं जो 15 साल से पुराने वाहनों की पहचान करेंगे। ऐसे वाहनों को पेट्रोल-डीजल नहीं दिया जाएगा।

# मप्र में नक्सलवाद पनपने नहीं देंगे: सीएम



## धान में किसानों को प्रति हेक्टेयर 4000 रुपये अलग से दिये जायेंगे

बालाघाट ( स्वतंत्र मत )

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एक साल के भीतर पांचवी बार शनिवार को बालाघाट पहुंचे। इस दौरान बालाघाट के रेंजर कालेज मैदान पर उन्होने किसान सम्मेलन में शिरकत की, साथ ही दिव्यांगजनों को उपकरण का वितरण भी किया। सीएम ने सबसे पहले आंबेडकर चौक पहुंचकर तकरीबन सात करोड़ की लागत से बने हॉकी एस्ट्रोटर्फ का लोकार्पण किया। इसके बाद सीएम रेंजर कॉलेज मैदान पहुंचे जहां पर उन्होंने उपस्थित जन समुदाय का अभिवादन करते हुए अपने उदबोधन की शुरूआत की। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 264 करोड़ रुपये के विकास कार्यो का वर्चुअली लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजन कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 2,520 दिव्यांगजनों को 2 करोड़ 64 लाख रुपये के सहायक उपकरण वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बालाघाट के चिनौर चावल की प्रशंसा करते हुए कहा कि देश ही नहीं अपितु विदेशों तक यहां के चावल की खुश्बू महकती हैं। जिसके कारण बालाघाट जिले की अपनी एक अलग पहचान हैं। वहीं नक्सलवाद को लेकर तीक्ष्ण प्रहार करते हुए कहा कि यहां पर नक्सलवाद जैसी गतिविधियों के लिए कोई जगह नहीं हैं। इन्हे किसी भी तरह से बख्शा नहीं जायेगा। उन्होने किसानों को लेकर कहा कि किसानों को किया वादा जरूर पूरा किया जायेगा। राम की चिड़िया, राम का खेत चुन-चुन चिड़िया भर-भर पेट। सरकार के पास किसानों के लिए कोई कमी नहीं हैं, किसानों से धान का वादा चार साल की सरकार में पूरा किया जायेगा, गेहूं में 2600 रूपये दे ही रहे हैं अब किसानों को धान में प्रति हेक्टेयर 4000 रुपये अलग से दिये जायेंगे।

### कोटेश्वर महादेव का लिया आशीर्वाद

बालाघाट प्रवास के दौरान लांजी के कोटेश्वर महादेव धाम पहुंचकर सीएम ने भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। जिसके बाद भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा का अनावरण भी किया। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा के बलिदान और आदिवासी समाज के संघर्ष को सम्मान देने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है।

### सीएम ने कही खास बातें

- प्रदेश सरकार 01 लाख पदों पर सरकारी भर्ती करवा रही है। अगले 05 साल में 2 लाख 70 हजार पद भरे जायेंगे।
- हम 70 प्रतिशत युवाओं को 2028-29 तक रोजगार देने का संकल्प ले रहे हैं।
- हमारी लाडली बहने भी चिंता ना करें। आपके लिये चालू की गई कोई भी योजना बंद नही होगी। सबको पैसा बढ़ाकर दिया जायेगा।
- अब हमारी भूमि से किसी भी नक्सली को जिंदा नही जाने देंगे। यहां नक्सलियों के कोई पांव जमने नही देंगे।

# गूगल पर सर्च करो, सबसे झूठा नेता शिवराज बताएगा

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि आगर आप गूगल पर सर्च करो कि सबसे ज्यादा झूठ बोलने वाले नेता कोई एक है, उसका नाम बताओ गूगल तो वह शिवराज सिंह चौहान का ही नाम बताएगा। चाहो तो इसके खुद चेक करके देख लो। पटवारी ने कहा कि विदिशा लोकसभा सीट से सांसद और देश के कृषि मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान यही कहते हैं कि, खेती को लाभ का धंधा बनाना है। हर बार उन्होंने कहा कि, मैं किसान का बेटा हूं। किसान मेरा भगवान है। किसान की आय दोगुनी करनी है। गूगल पर सर्च पर करो तो पता चलेगा कि शिवराज ने ये बातें एक लाख बार कही है। पटवारी ने ये बातें पीसीसी में प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस ने किसानों को लेकर जो संघर्ष किया है और नीति बनाई है, उसे आगे बढ़ाने का काम प्रदेश कांग्रेस किसान मोर्चा के अध्यक्ष करेंगे। कांग्रेस की 15 महीने की सरकार में 27 लाख किसानों को कर्ज मुक्त करने का काम किया गया है। कृषि उपकरणों पर सब्सिडी देने का काम कांग्रेस की केंद्र की सरकार ने ही शुरू किया है।

**पटवारी बोले- देश में सबसे ज्यादा आत्महत्या यहीं**



### आज प्रदेश का किसान परेशान है

जीतू पटवारी ने कहा कि प्रदेश में किसानों की समस्याओं को पूरी ताकत के साथ उठाने की जरूरत है। आज प्रदेश का किसान परेशान है। प्रदेश की भाजपा सरकार ने किसानों से जो वादे किये थे, वह अपने वादे से मुकर गई है। हम सभी को मिलकर किसानों से किए वादों को सरकार को याद दिलाना है और उन वादों को पूरा कराने के लिए सड़क से लेकर सदन तक जनता की लड़ाई में एक साथ खड़े होकर किसान विरोधी सरकार को नींद से जगाना है ताकि किसानों के साथ न्याय हो सके।

# राहुल गांधी ने रेलवे स्टेशन पर कुलियों से की मुलाकात

नई दिल्ली

राहुल गांधी ने शनिवार को दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कुली का काम करने वाले लोगों से मुलाकात की। 15 फरवरी को मची भगदड़ में लोगों की मदद के लिए कुलियों को धन्यवाद कहा। राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट में कुलियों से मुलाकात की तस्वीरें भी पोस्ट में। उन्होंने लिखा, अक्सर सबसे अंधकार भरे समय में ही इंसानियत की रोशनी सबसे ज्यादा चमकती है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के दौरान कुली भाइयों ने इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए कई यात्रियों की जान बचाई थी। इसके लिए मैंने देशवासियों की ओर से आज उनका धन्यवाद किया। लेकिन ऐसे हादसों से सीख लेना जरूरी है। भीड़ नियंत्रण, आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल, बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर और आपातकालीन



व्यवस्थाओं को मजबूत करके इन्हें रोका जा सकता है। आशा है सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाएगी ताकि हर वर्ग के यात्री सुरक्षित यात्रा कर सकें।

### पेपर लीक: 4 डीएसपी समेत 25 पुलिस अधिकारी सस्पेंड

**चंडीगढ़।** हरियाणा बोर्ड परीक्षा के पेपर लीक के मामले को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गंभीरता से लिया है और सरकारी स्कूलों के 4 निरीक्षकों और निजी स्कूल के 1 निरीक्षक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। इसके अलावा चार डीएसपी समेत 25 पुलिस अधिकारी भी सस्पेंड किए गए हैं। पेपर लीक के मामले पर मुख्यमंत्री ने कहा, हमने इस मामले को गंभीरता से लिया है। सरकारी स्कूलों के 4 निरीक्षकों और निजी स्कूल के 1 निरीक्षक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। सरकारी स्कूलों के सभी चार निरीक्षकों- गोपाल दत्त, शौकत अली, रकीमुद्दीन और प्रीति रानी को निलंबित किया है।

# एनकाउंटर में 2 नक्सली ढेर

सुकमा

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में जवानों ने 2 नक्सलियों को मार गिराया है। इनमें एक महिला और एक पुरुष नक्सली है। दोनों के शव बरामद कर लिए गए हैं, लेकिन पहचान नहीं हो पाई है। मारे गए नक्सलियों को मिलाकर 2025 में 83 नक्सली ढेर हुए हैं। मामला किस्टाराम थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार सुबह से पुलिस और नक्सलियों के बड़े लीडर्स से मुठभेड़ हुई। दोनों तरफ से रुक-रुककर फायरिंग के बाद सर्चिंग ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि किस्टाराम इलाके में कोबरा, डीआरजी और जिला बल के करीब 500 जवान इस एनकाउंटर में शामिल थे।



### 2025 में 83 नक्सली मारे गए

छत्तीसगढ़ में 2025 में अब तक 83 नक्सली मारे गए हैं, जिनमें से 65 बस्तर संभाग में ही ढेर हुए हैं। इसमें बीजापुर सहित 7 जिले शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक 2024 में अलग-अलग मुठभेड़ों में जवानों ने 217 नक्सलियों को ढेर किया था।

# हिमाचल में 15 दिन में बनेगा कांग्रेस का नया संगठन

## 2027 में सरकार रिपीट करेंगे: पाटिल

**शिमला।** हिमाचल कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल ने शिमला में पार्टी नेताओं से दो दिन की बातचीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि 15 दिन के भीतर नया संगठन बना दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन में सभी वर्गों को तरजीह दी जाएगी, ताकि मजबूत संगठन खड़ा किया जा सके। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाकर 5 साल कांग्रेस और 5 साल बीजेपी सरकार की प्रथा को खत्म किया जाएगा। साल 2027 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस दोबारा सरकार बनाएगी। रजनी पाटिल ने कहा कि हिमाचल में बीजेपी का ऑपरेशन लोटस फेल हुए एक साल हो गया है। बीजेपी को घमंड था कि ऑपरेशन लॉट्स होगा। इसके लिए बीजेपी ईडी, सीबीआई समेत कई तरह के दबाव डालती रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की लड़ाई जारी रहेगी। कांग्रेस राहुल गांधी और सोनिया गांधी के नेतृत्व में लड़ाई लड़ रही है। बीजेपी झूठा प्रचार कर रही है कि हिमाचल कांग्रेस एकजुट नहीं है। उन्होंने दावा किया कि पूरी पार्टी एकजुट है। प्रदेश सरकार अच्छा काम कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष बदलने को लेकर पूछे सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अभी हाईकमान का ऐसा कोई आदेश नहीं हुआ है। वहीं प्रदेश में प्रतिभा सिंह को बदलने जाने की चर्चाएं हैं। इसकी वजह अप्रैल 2025 में उनका तीन साल का कार्यकाल पूरा होना माना जा रहा है। मगर हॉली लॉज समर्थक प्रतिभा सिंह को कंटीन्यू अध्यक्ष के तौर पर देखना चाहते हैं।



# मप्र हाईकोर्ट: 4.64 लाख केस पेंडिंग, मात्र 34 जज

## पावर सिर पर चढ़ गया तो रिटायरमेंट के बाद हो सकती है बड़ी समस्या: जस्टिस कैत

उज्जैन

मध्य प्रदेश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सुरेश कुमार कैत ने न्यायिक व्यवस्था में सुधार की जरूरत पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि, वर्तमान में हाईकोर्ट में 4 लाख 64 हजार केस लंबित हैं, जबकि जज की संख्या मात्र 34 है। इस स्थिति को देखते हुए केंद्र और राज्य सरकार को 85 नए जजों की नियुक्ति का प्रस्ताव भेजा गया है। विक्रमोत्सव 2025 के दौरान आयोजित विक्रमादित्य का न्याय वैचारिक समागम में शनिवार को उन्होंने यह बात कही। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आश्वासन दिया कि वे लंबित मामलों को देखते हुए जज के पदों की संख्या बढ़ाने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजेंगे। मुख्य न्यायाधीश ने सत्ता के दुरुपयोग पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि, कुर्सी पर बैठकर पावर का उपयोग करना और कुर्सी को सिर पर बैठा लेना, दोनों में अंतर है। अगर पावर सिर पर चढ़ गया तो रिटायरमेंट के बाद बड़ी समस्या हो सकती है। मुख्य न्यायाधिपति सुरेश कुमार कैत ने कहा कि, सम्राट विक्रमादित्य का शासन व्यवस्था प्रधान था, न कि व्यक्ति प्रधान। विक्रमादित्य का शासन तंत्र न्याय, प्रशासनिक दक्षता और सामाजिक समरसता पर आधारित था। विक्रमादित्य का शासन एक संगठित और सुव्यवस्थित प्रणाली पर आधारित था। सम्राट विक्रमादित्य का न्याय त्वरित और पारदर्शी था। उन्हें न्याय और सुशासन का प्रतीक भी माना जाता है। आज भी उनके न्याय की मिसाल दी जाती है। यह कार्यक्रम 1 से 3 मार्च 2025 तक पं. सूर्यनारायण व्यास संकुल, कालिदास अकादमी में आयोजित किया जा रहा है। तीन दिवसीय इस समागम में विक्रमादित्यकालीन राजधर्म, न्याय व्यवस्था और दंड विधान पर विस्तृत चर्चा होगी। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला अभिभाषक संघ और विक्रम विश्वविद्यालय समेत कई संस्थाएं भाग ले रही हैं।



### विक्रमादित्य की प्रणाली आज भी प्रासंगिक: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि, भारतीय न्याय व्यावस्था का आरंभ वैदिक काल में हुआ। जहां सभा और समिति जैसी संस्थाओं के माध्यम से विवादों का निपटारा किया जाता था। सम्राट विक्रमादित्य के समय यह प्रणाली और अधिक सशक्त हुई। हमारे लिए आज भी उनकी न्याय प्रणाली की प्रासंगिकता अत्यंत महत्वपूर्ण है, समय बदल चुका है लेकिन न्याय की अवधारणा वही है जो विक्रमादित्य ने स्थापित की थी। उन्होंने न्यायपूर्ण, निष्पक्ष और समान समाज की स्थापना की थी।

# अनूपपुर में आयोजित होगा वैश्य समाज का महाकुंभ

## 22-23 मार्च को होंगे विभिन्न कार्यक्रम

शहडोल (स्वतंत्रमत)

वैश्य महासम्मेलन की प्रदेश कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक आगामी 22 एवं 23 मार्च को अमरकंटक रोड स्थित होटल कान्हा इंटरनेशनल में आयोजित होगी। इस बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों से वैश्य समाज के प्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए 14 फरवरी को एक विशेष बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें बैठक की रूपरेखा और कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश महामंत्री एवं शहडोल संभाग प्रभारी संदीप अग्रवाल, अनूपपुर जिला प्रभारी राधा राम वैश्य, जिलाध्यक्ष हरिओम ताम्रकार, कार्यकारी जिलाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, महिला इकाई संभाग प्रभारी सत्यभामा गुप्ता, सह संभाग प्रभारी शशि गुप्ता, संभागीय अध्यक्ष शांति गुप्ता, महिला जिलाध्यक्ष अर्चना अग्रवाल, कार्यकारी जिलाध्यक्ष नीतू सोनी, जिला महामंत्री पार्वती सोनी, शहडोल जिला प्रभारी महिला निर्मला गुप्ता, तहसील अध्यक्ष अनूपपुर आरती ताम्रकार, महिला जिला प्रभारी पारुल अग्रवाल, शहडोल जिलाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, बबलू गुप्ता, रामप्रसाद गुप्ता, दिनेश खेमका, अमित गुप्ता, शिव सराफ, मनीष गुप्ता, मीना केशरवानी, संरक्षक कैलाश जैन, कार्यक्रम संयोजक मुकेश जैन, राजकमल गुप्ता, महेश गुप्ता, श्याम गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि आयोजन में शामिल होने वाले लगभग 200 अतिथियों के ठहरने, भोजन और अन्य व्यवस्थाओं को भव्य और व्यवस्थित ढंग से किया जाएगा। इसके लिए होटल कान्हा इंटरनेशनल में






विशेष व्यवस्था की जाएगी, जिसमें अतिथियों के आराम और सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाएगा। इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान देवी मढिया मंदिर और दुर्गा मंदिर में एकत्रित होकर नगर के प्रमुख मार्गों से शाम 4 बजे से एक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में वैश्य समाज के सभी घटक शामिल होंगे, जिसमें पारंपरिक वेशभूषा, बैंड-बाजे और धार्मिक झांकियों का समावेश रहेगा। शोभायात्रा के दौरान नगर के प्रमुख मार्गों को सजाया जाएगा, और समाज के सदस्य जनजागरण का संदेश देंगे।

बैठक के दौरान आजीवन सदस्यों का सम्मेलन, अनूपपुर जिलाध्यक्ष सम्मेलन एवं परिचयात्मक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। परिचयात्मक कार्यक्रम में समाज के नए सदस्यों का परिचय कराया जाएगा और उनकी क्षमताओं एवं योगदान पर विचार किया जाएगा। इसके साथ ही समाज के विभिन्न प्रकोष्ठों के कार्यों की समीक्षा की जाएगी और आगामी गतिविधियों की योजना बनाई जाएगी। इससे पहले 30 जनवरी को बिना जिला सागर में कोर ग्रुप की बैठक होगी, जिसमें वैश्य महासम्मेलन के नए प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल के नेतृत्व में आगामी योजनाओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में प्रदेश के सभी संभागों के प्रमुख प्रतिनिधि शामिल होंगे और समाज के विकास के लिए नई रणनीतियां बनाई जाएंगी।

बैठक में शहडोल, ब्यौहारी, उमरिया, डिंडौरी, अनूपपुर सहित प्रदेश के सभी जिलों के आजीवन सदस्यों से 22 मार्च को अनूपपुर सपरिवार पहुंचकर कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है। इसके लिए सभी जिलों में संपर्क अभियान चलाया जाएगा, ताकि अधिकतम संख्या में सदस्य इस आयोजन में शामिल हो सकें। इस संबंध में जानकारी वैश्य महासम्मेलन के वरिष्ठ पदाधिकारी पदम खेमका ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सभी अतिथियों के स्वागत के लिए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं, जिसमें आवास, भोजन, सुरक्षा और अन्य आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। पदम खेमका ने कहा कि यह आयोजन समाज की एकता, समर्पण और संगठन शक्ति का परिचायक होगा। उन्होंने समाज के सभी सदस्यों से इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की, ताकि समाज के उद्देश्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके। इस आयोजन के माध्यम से समाज के युवा, महिलाएं और वरिष्ठ सदस्य एक साथ मिलकर समाज सेवा और जनकल्याण के कार्यों में योगदान देंगे। समाज के सभी घटकों से अपेक्षा की गई है कि वे कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दें और समाज के विकास में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें।

# तीन दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह का हुआ आयोजन



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नेहरू महाविद्यालय बुढ़ार में तीन दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. गंगा मिश्रा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं महान वैज्ञानिक डॉ. सी.वी. रमन के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विधायक जयसिंह मरावी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि मुख्य वक्ता प्रो. कौशलेंद्र कुमार, विशिष्ट अतिथि एवं अनुपपुर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अनिल सक्सेना, समाजसेवी दौलत मनवानी, जनभागीदारी अध्यक्ष निलेश जैन तथा महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. गंगा मिश्रा ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम प्रभारी प्रो. एन. मानिकपुरी ने स्वागत भाषण दिया, जबकि मुख्य वक्ताओं का परिचय प्रो. संगीता मसी ने कराया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस में विद्यार्थियों के लिए विशेष व्याख्यान, पोस्टर प्रतियोगिता, विज्ञान प्रश्नोत्तरी व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रो. अनिल सक्सेना ने अपने व्याख्यान में रमन प्रभाव एवं भौतिकी की भूमिका को विस्तार से समझाया तथा विज्ञान के कौशल को अपनाकर स्टार्टअप शुरू करने की प्रेरणा दी। प्रो. कौशलेंद्र कुमार ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण, खोज एवं तर्क पर बल देते हुए युवाओं को विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विधायक जयसिंह मरावी ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा भारतीय वैज्ञानिकों की उपलब्धियों को याद किया। प्राचार्य प्रो. गंगा मिश्रा ने विज्ञान को सर्वव्यापी शक्ति बताते हुए इसके आधुनिक जीवन पर प्रभाव पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में छात्र-छात्राओं ने कविता एवं भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से विज्ञान की महत्ता पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विजेताओं की घोषणा डॉ. बी.एन. उपाध्याय ने की, जिसमेंकृ विज्ञान भाषण प्रतियोगिता में ऋषि कुशवाहा (प्रथम), तमन्ना खातून (द्वितीय), दामिनी (तृतीय) स्थान पर रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में अंजू लोधी (प्रथम), सोमैया अंसारी (द्वितीय), नीतू प्रजापति (तृतीय) स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का समन्वय प्रो. एन. मानिकपुरी व डॉ. बी.एन. उपाध्याय ने किया, जबकि डॉ. अनिल उपाध्याय ने आभार प्रदर्शन किया। सफल संचालन छात्र निखिल यादव व शालिनी शुक्ला ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. स्वालकिन खान, डॉ. आई.के. वेक, डॉ. मनोज कुजुर, डॉ. शिवमूरत प्रजापति, कमलेश प्रजापति, डॉ. ममता द्विवेदी, डॉ. अनूप सेन, डॉ. राधेश्याम नापित, डॉ. दिनेश वर्मा, जयशंकर, दीपक पटेल, डॉ. मोनिका मनहास, डॉ. पुष्पांजलि पटेल, डॉ. नृपेन्द्र कर्चुली, के.पी. त्रिपाठी, दीपा सिंह, डॉ. कीर्ति जैसवाल, डॉ. अंजली अग्रवाल, रितेश जैन, माधुरी शर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# ग्रामीण बैंक के कैशियर हुये सेवानिवृत्त

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** ग्रामीण बैंक शाखा रसमोहनी में कैशियर के पद पर पदस्थ श्रीनिवास मिश्रा अड़तीस वर्ष की सेवा प्रदान करते हुए अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर विगत दिवस सेवा निवृत्त हो गये।अपने इस दीर्घ कालीन बैंकिंग सेवा के दौरान मिश्रा अपने मृदु व्यवहार एवं स्नेह शीलता कर्मठता एवं बैंक ग्राहकों के प्रति संवेदनशीलता के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। सेवानिवृत्त के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे आशीष कुमार पाण्डेय क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय शहडोल एवं कार्यक्रम में पधारे मोहित उदानी एच आर डी प्रमुख क्षेत्रीय कार्यालय शहडोल ने अध्यक्षता कर मंच को सुशोभित किया। कार्यक्रम का आगाज सर्व प्रथम सेवा निवृत्त हो रहे श्रीनिवास मिश्रा एवं उनके परिवार जनों का स्वागत वंदन व माल्यार्पण कर किया गया। सभी उपस्थित जनों ने अपने चहेते श्री मिश्रा को चंदन वंदन एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। शाखा प्रबंधक रसमोहनी निमिष मिश्रा मय स्टाफ तथा समीपी बैंक शाखा चुहिरी से आए हुए शाखा प्रबंधक अर्जुन सिंह मय स्टाफ के साथ श्री मिश्रा का अभिनंदन शाल श्रीफल भेंट कर किया और उनके अपने साथ सेवाकाल में किए गए कार्यों को याद करते हुए प्रशंसा कर उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में पधारे क्षेत्रीय प्रबंधक आशीष कुमार पाण्डेय एवं मोहित उदानी का स्वागत वंदन शाखा प्रबंधक रसमोहनी निमिष मिश्रा व शाखा प्रबंधक चुहिरी अर्जुन सिंह ने माल्यार्पण कर किया। श्री पाण्डेय एवं श्री उदानी ने विभाग की ओर से श्री मिश्रा को स्मृति चिन्ह एवं आवश्यक दस्तावेज भेंट कर के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस में आयोजित हुए विभिन्न प्रतियोगिताएं


शहडोल (स्वतंत्रमत)

पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय वैज्ञानिक पर्व का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम तथा द्वारा प्रायोजित था जिसकी थीम विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना। पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के विज्ञान विभाग ने इसकी थीम राखी समावेशी विकास के लिए विज्ञान अनुसंधान और नवाचार के माध्यम से ग्रामीण और आदिवासी विकास को आगे बढ़ना। विज्ञान दिवस की इस कार्यक्रम में 26 27 एवं 28 फरवरी 2025 को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया 26 फरवरी को ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 27 फरवरी को उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलगुरु, कुलसचिव, विषय विशेषज्ञ डॉक्टर बी के प्रजापति, वरिष्ठ वैज्ञानिक,



कृषि विज्ञान केंद्र कल्याणपुर शहडोल दिन प्रोफेसर प्रवीण कुमार शर्मा प्रोफेसर एमके भटनागर, डॉ ममता प्रजापति, डॉ योगिता बसेने, डॉ उमा सिंह तथा आयोजन समिति के सभी सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। विषय प्रवर्तन डॉ ममता प्रजापति ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलगुरू ने किया। मुख्य वक्ता में अपने वक्तव्य में मशरूम कल्चर, पर्ल कल्चर, तथा ईको-टूरिज्म विषय में स्वरोजगार के स्वर्णिम अवसरों की जानकारी दी 27 फरवरी को रंगोली पोस्ट निर्माण प्रतियोगिता मॉडल तथा औषधि पौधों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है जिसमें लगभग 787 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भोपाल द्वारा आयोजित उद्घाटन सत्र का सीधा प्रसारण विद्यार्थियों के लिए किया गया जिसमें मध्य प्रदेश के उद्घाटन कर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। तदोपरांत फरवरी कविता पाठ, वाद विवाद तथा भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और सर चंद्रशेखर वेंकट रमन पर आयोजित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। उसके बाद डॉ सत्य प्रकाश, विषय विशेषज्ञ स्कूल ऑफ लाइफ साइंस इंपीरियल कॉलेज लंदन ने वर्चुअल मोद पर विद्यार्थियों को एप्लीकेशन ऑफ जेनेटिक इंजीनियरिंग टू सॉल्व प्रेजेंट एंड फ्यूचर प्रॉब्लम्स विषय पर रोचक विस्तृत लेक्चर दिया। डॉ सत्य प्रकाश जेनेटिक इंजीनियरिंग में शोध के क्षेत्र में एक चमकता हुआ नाम है जिन्होंने सिंथेटिक बायोलॉजी में शोध किया है इनके सदियों शोध पत्र वैश्विक जर्नल्स में प्रकाशित हैं। कार्यक्रम के समापन सत्र में कुलगुरू महोदय ने विद्यार्थियों को विज्ञान में नवाचार से परिचित होने के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम की कोऑर्डिनेटर योगिता बसेने ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की कोऑर्डिनेटर डॉ ममता प्रजापति ने इस वैज्ञानिक पर पर आयोजित विभिन्न गतिविधियों पर रिपोर्ट प्रस्तुत किया। आयोजन समिति सदस्य डॉक्टर उमा सिंह ने आभार प्रदर्शित किया। अनुराग पांडे ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। कार्यक्रम की आयोजन समिति में डॉ मौसमी कर, डॉ हेमंत पाठक, डॉ पूजा गौर, डॉ स्नेहा सिंह, डॉ सुनील महोबिया, लक्ष्मी सिंह, रूपल मिश्रा, राकेश त्रिपाठी, श्रीति श्रीवास्तव, हर्षा लखोटिया तथा अंजलि तोमर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कुलसचिव महोदय ने समन्वय को एवं आयोजन समिति को बधाइयां प्रेषित की।

# आवारा पशुओं की वजह से हो रहे हैं सड़क हादसे



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** जिले के शहर एवं वार्डो में यही हॉल रहता है पूरा दिन और पूरी रात मवेशी रोड में ही अपना घर बनाते है। उसमें कहीं न कही पशुओं को भी जन हानि का सामना करना पड़ता है। समय पर उचित कार्यवाही हो जाये रहस्य वासियों के साथ-साथ पशुओं को भी जन हानि से बचाया जा सकता है। शहर के कई जगह जैसे सिंहपुर रोड स्थित आवारा पशुओं का डेरा लग जाता है जैसे ही शाम हुई नहीं कि आवारा पशुओं का लग जाता है डेरा बुढ़ार चौराहा से लेकर गांधी चौक पांडव नगर से लेकर जयस्तंभ चौक, घरौला महोल्ला, पुलिस लाईन, पटेल नगर कई जगहो में देखा जा सकता है। शाम होते ही आवारा पशुंओं द्वारा रोड में बैठ जाते है जिससे लोंगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि विगत दिनों पांडव नगर स्थित एक महिला को गाय ने दौड़ा कर मारा जिससे महिला को चोट आई है। इसी तरह कई जगहों पर आवारा मवेशियों द्वारा रोड पर खड़ें हो जाते है और जैसे रात हुई तो रोड पर ही अपना घर समझ कर वहीं डेरा जमा लेते है जिससे राहगीरों को काफी परेशानी का करना पड़ता है सामना लेकिन इधर न तो प्रशासन का और न ही नगर पालिका प्रशासन का ध्यान है जब कभी प्रशासन द्वारा अभियान चलाया जाता है तो नगर पालिका अपनी बाहबारी लुटने में एक दो दिन कार्यवाही करने के बाद पूर्ण विराम लगा देते है।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस में आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

शहडोल (स्वतंत्रमत)

पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय वैज्ञानिक पर्व का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम तथा द्वारा प्रायोजित था जिसकी थीम विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना। पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के विज्ञान विभाग ने इसकी थीम राखी समावेशी विकास के लिए विज्ञान अनुसंधान और नवाचार के माध्यम से ग्रामीण और आदिवासी विकास को आगे बढ़ना। विज्ञान दिवस की इस कार्यक्रम में 26 27 एवं 28 फरवरी 2025 को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया 26 फरवरी को ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 27 फरवरी को उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलगुरु, कुलसचिव, विषय विशेषज्ञ डॉक्टर बी के प्रजापति, वरिष्ठ वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र कल्याणपुर शहडोल दिन प्रोफेसर प्रवीण कुमार शर्मा प्रोफेसर एमके भटनागर, डॉ ममता प्रजापति, डॉ योगिता बसेने, डॉ उमा सिंह तथा आयोजन समिति के सभी सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। विषय प्रवर्तन डॉ ममता प्रजापति ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलगुरू ने किया। मुख्य वक्ता में अपने वक्तव्य में मशरूम कल्चर, पर्ल कल्चर, तथा ईको-टूरिज्म विषय में स्वरोजगार के स्वर्णिम अवसरों की जानकारी दी 27 फरवरी को रंगोली पोस्ट निर्माण प्रतियोगिता मॉडल तथा औषधि पौधों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है जिसमें लगभग 787 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भोपाल द्वारा आयोजित उद्घाटन सत्र का सीधा प्रसारण विद्यार्थियों के लिए किया गया।

# अर्थशास्त्र विभाग में बजट परिचर्चा का हुआ आयोजन

शहडोल (स्वतंत्रमत)

पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में कुलगुरु के कुशल मार्गदर्शन में बजट परिचर्चा 2025 का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा में विषय विशेषज्ञ के रूप में संकायध्यक्ष, समाज विज्ञान संकाय एवं विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र विभाग, प्रो. सुनीता वाथरे रही, जिन्होंने बजट के सभी पहलुओं की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए समझाया कि बजट अर्थव्यवस्था में निवेश को प्रोत्साहित करेगा तथा देश को आत्मनिर्भर भारत बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। इस परिचर्चा में छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और बजट के विभिन्न पहलुओं पर परिचर्चा किया जिसमें अरुणेंद्र मिश्रा, अभय तिवारी, एवं अभिनव पांडे ने अपनी प्रस्तुति दी अरुणेंद्र मिश्रा ने आयकर के विभिन्न स्लैब की जानकारी देते हुए बताया कि 12 लाख की छूट से निश्चित ही अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक परिणाम प्राप्त होगा। अभय तिवारी में उत्कृष्टता केंद्र पर जानकारी दी। अभिनव पांडे में बजट पर देश के अधोसंरचनात्मक विकास के लिए किए गए व्यय आवंटन से अर्थव्यवस्था में तेज गति से वृद्धि होगी। कार्यक्रम के संयोजन अर्थशास्त्र विभाग के सहा. प्राध्यापक डॉ. अंजनी सूर्यवंशी द्वारा किया गया, इस कार्यक्रम में विभाग के सभी प्राध्यापकों एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही तथा विभाग के विजिटिंग फैकल्टी डॉ. संतोष पुरी तथा मो. इस्लाम खान की उपस्थिति रही।



# कंचन ओपन माइंस मे मजदूरों भुगतान किये बिना फरार हुई सिद्धेश्वरी इंफ्रास्ट्रक्चर ...!




**उमरिया (स्वतंत्रमत)** । जिले के नौरोजाबाद घुलघुली स्थित कंचन ओपन माइंस ठेका कंपनी सिद्धेश्वरी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कार्यरत मजदूरों के मेहनत का पैसा लेकर हुई फरार हो गई है और अब कंपनी में काम करने वाले गरीब मजदूर अपने ही मेहनत के पैसे के लिए दर-दर भटक रहे हैं और अब वे न्याय के लिए परेशान हैं। खास बात यह है कि सिद्धेश्वरी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का ठेका खत्म हो गया और वह कंपनी मजदूरों का पैसा दिए बगैर फरार हो गई हैं। वही इस मामले को लेकर सिद्धेश्वरी कंपनी के कर्मचारीयों ने अपनी मेहनत के पैसे ना मिलने पर स्थानीय थाना नौरोजाबाद में इस मामले के संबंध में लिखित आवेदन दे दिया गया है। अब देखना यह होगा की इन गरीब मजदूरों का पैसा सिद्धेश्वरी कंपनी के द्वारा कब तक भुगतान किया जाता है...!

# फरवरी माह में एनसीएल से सेवानिवृत्त हुए कर्मियों के सम्मान में आयोजित हुआ अभिनंदन समारोह

सिंगरौली

शुक्रवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) से फरवरी माह के अंत में 8 अधिकारियों एवं 44 कर्मचारियों सहित कुल 52 कर्मी सेवानिवृत्त हुए। एनसीएल मुख्यालय से धन बालन, महाप्रबन्धक (सामग्री प्रबंधन), जमुना राम, सफाई कर्मचारी (केंद्रीय चिकित्सालय) सिंगरौली एवं राजेश, सफाई कर्मचारी (नगर प्रशासन विभाग) सेवानिवृत्त हुए। कंपनी मुख्यालय में आयोजित अभिनंदन समारोह के दौरान एनसीएल सीएमडी बी. साईराम, निदेशक (कार्मिक), मनीष कुमार, निदेशक (वित्त), रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन), जितेंद्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना), सुनील प्रसाद सिंह, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष, अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण तथा सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के परिजन उपस्थित रहे 7 इस अवसर पर अपने उद्बोधन में सीएमडी एनसीएल, बी. साईराम ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को जीवन की आगामी पारी की शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए उनके सुखद एवं स्वस्थ भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होनें कंपनी की उन्नति में कर्मियों के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। इस दौरान अपने सम्बोधन में निदेशक (कार्मिक), मनीष कुमार ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के सुखद एवं खुशहाल भविष्य हेतु शुभकामनाएँ दी। इसी क?ी में अपने उद्बोधन में , निदेशक (वित्त), रजनीश नारायण ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को जीवन की आगामी पारी हेतु मंगल कामना की एवं कंपनी में उनके अतुलनीय योगदान हेतु आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर निदेशक (तकनीकी/ संचालन), जितेंद्र मलिक ने सेवानिवृति को जीवन का एक प?ाव बताते हुए सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को जीवन की नयी पारी की शुरुआत हेतु शुभकामनाएँ दीं एवं कंपनी को प्रदत्त सेवाओं में कर्मियों के योगदान पर प्रकाश डाला। अभिनंदन समारोह के दौरान निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना), सुनील प्रसाद सिंह ने कंपनी की सफलता में सेवानिवृत हो रहे कर्मियों के योगदान को सराहनीय बताते हुए उन्हें सुखद भविष्य एवं स्वस्थ जीवन हेतु शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों ने एनसीएल में अपने लंबे कार्यालयीन जीवन के अनुभवों को सभी के साथ साझा किया और अपनी उपलब्धियों का श्रेय एनसीएल को दिया । गौरतलब है कि एनसीएल के विभिन्न कोयला क्षेत्रों व इकाइयों में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।



# मौसम की मार, घर-घर में लोग बीमार



## सर्दी-जुकाम, वायरल, टाइफाइड, चिकन पॉक्स के मामले ज्यादा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

स्कूलों की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। इधर बदलते मौसम में बड़ी संख्या में बच्चे सर्दी-जुकाम, वायरल बुखार से ग्रस्त हो रहे हैं। पेट दर्द, टाइफाइड, चिकन पॉक्स के मामले भी आए हैं। परीक्षाओं के बीच बच्चों के बीमार होने से पैरेंट्स परेशान हैं। जिला अस्पताल मेडिकल समेत अन्य अस्पतालोंए क्लीनिक में बड़ी संख्या में बच्चे पहुंच रहे हैं। ज्यादातर में सर्दी-जुकाम, गले में दर्द, खराश, तेज बुखार, बदन दर्द के कॉमन लक्षण देखने मिल रहे हैं। कई मरीजों में 2-3 दिन तेज बुखार भी रह रहा है। विशेषज्ञ सलाह दे रहे हैं स्वास्थ्य नरम-गरम होने पर जांच अवश्य कराएं और समय पर दवाइयां लें तो जल्दी आराम मिल जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार ज्यादातर मरीजों में कॉमन कोल्ड वायरस का ही असर है। समय पर उपचार से मरीज को आराम मिल जा रहा है।

### ये सावधानी रखें

रात में ठंडक बनी हुई है, ऐसे में विशेषज्ञों की सलाह है कि ठंड से बचें। आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक, लस्सी व अन्य ठंडी खाद्य सामग्री नहीं लें। बच्चे पढ़ाई के साथ ही पर्याप्त आराम भी करें। उन्हें संतुलित डाइट, मौसमी फल, दूध दें। बच्चे पढ़ाई का ज्यादा तनाव ना लें इसके लिए पैरेंट्स उनके साथ बात करें।

### शिशु रोग विशेषज्ञों की राय

चिकित्सकों ने बताया कि तापमान की ये असमानता वायरस के पनपने के लिए अनुकूल है। यही कारण है कि बड़ी संख्या में लोग कॉमन कोल्ड वायरस से प्रभावित हो रहे हैं। उनका कहना है कि मौसम संतुलित होने तक लगभग पंद्रह से बीस दिन ये समस्या रह सकती है।

दिन व रात के तापमान में असामानता के कारण मौसमी वायरस के पनपने के लिए अनुकूल है। बड़ी संख्या में बच्चे सर्दी-जुकाम, वायरल बुखार से पीड़ित हो रहे हैं, हालांकि समय पर जांच कराकर इलाज लें तो जल्दी आराम मिल जा रहा है।



# 12 वीं के उर्दू, मराठी के पेपर में 4 गैरहाजिर

## दसवीं के एनएसक्यूएफ विषय में 23 बच्चे अनुपस्थित

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



माशिमं की कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में शनिवार को उर्दू व मराठी विषय का पेपर हुआ। इसके साथ ही कक्षा 10वीं के एनएसक्यूएफ विषय के परीक्षार्थी भी परीक्षा में बैठे। जिले में 103 परीक्षा केंद्रों मे से 54 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा हुई। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने बताया कि जिले के सभी परीक्षा केन्द्रो मे शांतिपूर्वक परीक्षा आयोजित हुई, कहीं भी कोई नक़ल प्रकरण नहीं बना हैं। कक्षा बारहवीं के उर्दू , मराठी विषय के प्रश्नपत्र में शहर के 302 परीक्षा में बैठे जिसमे से 4 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार कक्षा दसवीं के पेपर में कुल 2074 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठे जिसमे से शहर क्षेत्र से 3 परीक्षार्थी एवं ग्रामीण क्षेत्र के 20 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, इस प्रकार शहर एवं ग्रामीण को मिलाकर कुल 23 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केन्द्रो मे कलेक्टर प्रतिनिधि की उपस्थिति मे ऑनलाइन एप के माध्यम सें निगरानी रखते हुए पेपर हुआ। पुलिस थाने एवं परीक्षा केंद्रों मे कलेक्टर प्रतिनिधि एवं केन्द्राध्यक्ष के आपसी समन्वय से सभी कार्य आसानी से शांतिपूर्वक सम्पादित किए गए।

### नकल प्रकरण नहीं हुआ दर्ज

कलेक्टर द्वारा गठित दलों के द्वारा सरस्वती स्कूल गंगा नगर, शा रानी दुर्गावती कन्या स्कूल गंगा नगर, शा उमावि बघराजी, शा उमावि कन्या शाला कुण्डम, बीएमडी हित कारिणी कन्या शाला दीक्षितपुरा का निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के निर्देश पर विकासखंड स्तर पर सभी सहायक संचालक शिक्षा के द्वारा भी सभी ब्लॉक मे सघनता से परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। सभी निरीक्षण के दौरान किसी भी केंद्र मे कोई भी अनियमितता नहीं पायी गयी एवं कोई भी नक़ल प्रकरण नहीं बना।



# नौ कन्याओं का कराया विवाह

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

शिव मंदिर समिति कांच का शिव मंदिर पचपेढ़ी द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आर्थिक रूप से कमजोर नौ कन्याओं का विवाह संपन्न कराया गया जिसमें कन्याओं को गृहस्थी का पूरा सामान व अन्य सामग्री प्रदान की गई। इस वर्ष को मिलाकर कुल 93 कन्याओं का विवाह संपन्न कराया जा चुका है। समिति के मनीष त्रिपाठी सिंगापुर, मोहन सिंह ठाकुर, प्यारेलाल गजभिए, अशोक रोहाणी, जगत बहादुर सिंह अन्नू, आशीष दुबे ने कन्याओं को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

# 5वीं में हिन्दी-अंग्रेजी, 8वीं का हुआ सामाजिक विज्ञान का पेपर



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार जिले में कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा सुचारु रूप से 63 जन शिक्षा केंद्र अंतर्गत 311 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जा रही हैं। शनिवार को परीक्षा के तृतीय दिवस कक्षा पांचवी में द्वितीय भाषा हिंदी, अंग्रेजी एवं कक्षा आठवीं में सामाजिक विज्ञान विषय का पेपर संपन्न हुआ। जिला शिक्षा केंद्र से डीपीसी योगेश शर्मा एवं बीएसी अजय रजक ने शहरी क्षेत्र के नचिकेता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र, सेंट थॉमस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र एवं जबलपुर ग्रामीण विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सालीवाड़ा परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया.सभी परीक्षा केंद्रों में केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक सभी अपने निर्धारित दायित्व निर्वहन कर रहे हैं। परीक्षा दिवस को ही जनशिक्षा केंद्रों से परीक्षा केंद्र तक प्रश्न पत्रों का वितरण किया जा है। जिले की समस्त 2522 शासकीय, मान्यता प्राप्त आशासकीय और अनुदान प्राप्त शालाओं के साथ डाईस कोड प्राप्त मदरसों में अध्यनरत 95प्रतिशत बच्चों ने पांचवी एवं आठवीं की वार्षिक परीक्षा दी।

परीक्षा के सफल आयोजन हेतु जिला शिक्षा केंद्र समस्त स्टाफ द्वारा, जनशिक्षा केंद्र प्रभारी, बीआरसी, बीएसी, जनशिक्षकों के द्वारा सतत मॉनिटरिंग की गई। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के प्रावधान अनुसार निःशक्त विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय और लेखक की सुविधा प्रदान की गई।

# बर्थडे पार्टी में की गई दनादन हर्ष फायरिंग

## डुमना-वे के मैगी प्वाइंट का वीडियो वायरल

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** खमरिया थाना अंतर्गत डुमना मार्ग पर मैगी प्वाइंट में जन्मदिन का जश्न मनाने के दौरान हर्ष फायरिंग हुई जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया जिसमें बदमाश और उसके गुर्गे गोलियां चला रहे है। बदमाश एक विधायक का करीबी बताया जा रहा है जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर लीक हो गया। घटना तीन फरवरी की रात 12 बजे की बताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक रामरूद्र यादव निवासी गधेरी का दो फरवरी को उसका जन्मदिन था। जिसे मनाने के लिए तीन फरवरी की रात को उसके गुर्गे डुमना रोड पर स्थित अपने रिश्तेदार भाई के मैगी की दुकान पर जुटे थे। जहां पर रात को केक काटने के बाद हर्ष फायरिंग की घटना हुई। हर्ष फायरिंग का वीडियो अब वायरल हुआ है। वीडियो में बदमाश द्वारा चलाए जा रहे तमंचे को अवैध बताया जा रहा है। पुलिस वीडियो की जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है। रामरूद्र यादव खनन के काम से जुड़ा है। अवैध खनन में उसका नाम आ चुका है। वह अपराधिक प्रवृत्ति का है। तिलवारा, गढ़ा और चरगवां थाना क्षेत्र में आरोपी के विरुद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज है। अवैध पिस्टल से फायरिंग को लेकर उसका नाम एक बार फिर चर्चा में है। गधेरी और उसके आसपास क्षेत्र में दबंगई है। यह बीजेपी के एक विधायक का करीबी है। सूत्रों के अनुसार विधायक के संरक्षण में वह समाधि-बरगी मार्ग पर मुर्रम का अवैध खनन कर रहा है।

# रवि गुप्ता अध्यक्ष, शंकर नाग्देव वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने

## महाकोशल चेम्बर के चुनाव परिणाम घोषित



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** महाकोशल चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्री के सत्र 2025 - 2027 के चुनाव में रवि गुप्ता पैनल के समस्त प्रत्याशियों को मुख्य चुनाव अधिकारी सीए राकेश खण्डेलवाल तथा सहायक चुनाव अधिकारी सीए सुकेश कुमार ने निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा की। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों अध्यक्ष रवि गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंकर नाग्देव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष युवराज जैन गढ़ावाल, कोषाध्यक्ष हेमराज अग्रवाल आदि के स्वागत एवं बधाई के क्रम में विभिन्न व्यापारिक एवं औद्योगिक संघों से पधारे पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पुष्पाहारों से स्वागत किया। रवि गुप्ता पैनल के चुनाव संचालन समिति के राजेश चंडोक, अनुराग जैन गढ़ावाल, राजा सराफ, मेवालाल छिरौल्या, अनिल जैन पाली ने उपस्थित सभी संगठनो के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को इस ऐतिहासिक जीत में समर्थन एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# रिशु एजेंसी के संचालक पर जुर्माना

## गंदगी फैलाई और कचरा में लगााई आग

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। गंदगी करने और एकत्रित कचरे में आग लगाने वालों के विरुद्ध पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन अधिनियम के तहत् निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कार्रवाई शुरु कर दी गई है। निगमायुक्त यादव को सूचना मिली थी कि गौमाता चौक स्टेडियम के पास स्थित रिशु एजेंसी द्वारा कचरा में आग लगाई गयी है और उनके इस कृत्य से स्वच्छता अभियान प्रभावित होने के साथ-साथ पर्यावरण पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा है। जिसके कारण निगमायुक्त ने रिशु एजेंसी संचालक के विरूद्ध कार्रवाई करने स्वास्थ्य विभग के उपायुक्त संभाव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल और संबंधित सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव को निर्देशित किया कि संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें। निगमायुक्त के निर्देशों का पालन करते हुए उक्त अधिकारियों ने गंदगी फैलाने व कचरा जलाने वाले गौमाता चौक स्टेडियम के पास स्थित रिशु एजेंसी पर 5 हजार का जुर्माना लगाया और चालानी कार्रवाई की गयी। कार्यवाही में स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव, सीएसआई संदीप पटेल, सुपरवाइजर देवदास, अनिल आदि उपस्थित रहे।




# 48 करदाताओं के विरूद्ध ताबड़तोड़ कुर्की की गई

## बकायादारों के विरूद्ध ननि ने दिखाई सख्ती



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** नगर निगम द्वारा निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देशानुसार राजस्व वसूली अभियान को लेकर करदाताओं के विरूद्ध सख्ती प्रारंभ कर दी गई है। एक साथ सभी 16 संभागों में बड़ी कार्रवाई करते हुए 48 बड़े बकायादारों के विरूद्ध बकाया करों की राशि जमा कराने सम्पत्ति कुर्क करने की ताबड़तोड़ कार्रवाई की गयी वहीं इस कार्रवाई को और सख्त करने तथा बकायादारों के नाम सार्वजनिक करने की कार्रवाई संबंधी तैयारियाँ जोरों पर है। निगमायुक्त प्रीति यादव ने बताया कि अब समय नहीं है लक्ष्य प्राप्ति के लिए बड़ी कार्रवाईयाँ की जायेगी इसके लिए सभी संभागीय अधिकारियों को अपने अपने संभाग के अंतर्गत रोड़ मैप तैयार करने के सख्त निर्देश दिये गए है। निगमायुक्त के सख्त निर्देशों के उपरांत राजस्व अमलों ने अभियान को गति देने की दिशा में कार्रवाईयाँ शुरू कर दी है, जिसके परिणाम स्वरूप आज संभागों में वसूली अभियान के अंतर्गत बकाया करों की राशि जमा करने वाले करदाताओं की संख्या में इजाफा हुआ है।



# शक्ति महाकोशल ने मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शक्ति महाकोशल द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन शा.श्यामसुंदर अग्रवाल महाविद्यालय सिहोरा में किया गया। सरस्वती वंदना एवं ऊँ पूर्णमिदम प्रार्थना एवं शक्ति का परिचय डॉ. मुकुल तिवारी द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. श्रीकृष्ण तिवारी ने विज्ञान के विशिष्ट ज्ञान एवं तकनीकी की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शक्ति महाकोशल की पूर्व अध्यक्ष डॉ. मीरा रामरख्यानी ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, सॅर सीव्ही रमन एवं देश की वैज्ञानिक महिलाओं पर पॉवर पॉइंट प्रजेंटेशन तथा वक्ता गंगा पटेल द्वारा अर्धचालक कुचालक तथा बैटरीयुक्त वाहन के विषय में अपना शोध पत्र पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया। विकसित भारत के लिये विज्ञान एवं नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिये भारतीय युवाओं का सशक्तिकरण विषय पर विद्यार्थियों के मध्य पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें लगभग पचास विद्यार्थियों ने पोस्टर निर्माण कर सुंदर पोस्टर प्रदर्शनी के रूप में प्रस्तुत किया।

## श्रीमद्भागवत में खुशी से झूमे भक्त

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** नगर के समीपी ग्राम घुघरी नवीन मे सार्वजनिक श्रीमद भागवत कथा में कथावाचक पं. मृत्युजय चतुर्वेदी ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा सुनाई उन्होंने नंद बाबा के घर कृष्ण जन्मोत्सव की खुशियों को भी जीवंत रूप में सुनाया वासुदेव के रूप में जब बालक कृष्ण को सुसज्जित टोकनी में जैसे ही उठाया दर्शक महिला उठकर नाचने लगी कृष्ण जन्मोत्सव के मौके पर भक्तों ने बाल-कृष्ण को माखन मिश्री का भोग लगाया साथ ही मंगल गीत गाकर नृत्य भी किया। इस मौक पर आगे कहा कि प्रभु विष्णु ने श्रीकृष्ण अवतार के रूप में जन्म लिया।

## कल मेयर इन काउंसिल की बैठक

**जबलपुर।** मेयर इन कांउसिल की बैठक दिनांक कल सोमवार को पूर्वान्ह 10:00 बजे से निगम परिसर स्थित महापौर कक्ष में आयोजित की गई है।

# लाइनमैनों को बहाल करें, रोका वेतन दें

## तकनीकी कर्मचारी संघ ने अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मप्र विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासचिव हरेंद्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में शनिवार को संघ प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सिटी सर्किल के अधीक्षण अभियंता संजय अरोरा को उनके कार्यालय में चार निलंबित लाईनमैनों को बहाल करने के लिए ज्ञापन सौंपा।

जबलपुर सिटी सर्किल के अधीक्षण अभियंता संजय अरोरा के द्वारा 20 फरवरी को चार लाईनमैनों को निलंबित कर दिया गया था। इसके साथ ही एक लाइनमैन का वेतन तीन माह से रोका गया था। इस संबंध में ज्ञापन सौंपकर मांग की गई कि नियमित कर्मी, संविदा कर्मी एवं आउटसोर्स कर्मी अगर गलती करता है तो पहले उन्हें पत्र देकर अवगत कराएं और अगर कोई उचित कारण हो तो ही निलंबन की कार्यवाही की जाए, क्योंकि लाईनमैनों की अत्यधिक कमी है।




### नहीं दिया जा रहा साप्ताहिक अवकाश

जोखिमपूर्ण करंट का कार्य करने वाले लाईनमैनों को अधिकारियों के द्वारा वैसे भी मूल कार्य के अलावा भी अनेक कार्य सौंप दिए जाते हैं। नियमित, संविदा एवं आउटसोर्स कर्मियों पर अत्याधिक कार्य का बोझ होने से उनका मानसिक संतुलन बिगड़ने लगता है, इससे घातक दुर्घटना होने की संभावना रहती है। अत्याधिक कार्य कराने के बावजूद लाइन कर्मियों को अवकाश नहीं दिया जा रहा है। अधीक्षण अभियंता के द्वारा आश्वासन दिया गया है कि एक सप्ताह के अंदर चारों लाईनमैनों को बहाल कर दिया जायेगा वेतन भी जारी कर दिया जाएगा। इस अवसर पर संघ के मोहन दुबे, राजकुमार सैनी, अजय कश्यप, विनोद दास, इंद्रपाल सिंह, दशरथ शर्मा, लखन सिंह राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# 54वें राष्ट्रीय सुरक्षा माह अंतर्गत हिंडालको महान का सुरक्षा जागरूकता अभियान

## सभी आयु वर्ग के लोगों को सिखाए सुरक्षित जीवन के उपाय



**सिंगरौली।** हिंडालको महान के सुरक्षा विभाग ने हाल ही में ग्राम पोखरा, बिड़ला कॉलोनी सिंगरौली, और महान टाउनशिप में विशेष सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य सभी आयु वर्ग के लोगों-महिलाएं, बुजुर्ग, युवा और बच्चे-को सड़क सुरक्षा, घरेलू सुरक्षा, और बिजली से जुड़े एहतियाती उपायों के प्रति जागरूक करना था, ताकि वे अपने दैनिक जीवन में सतर्क रह सकें और दुर्घटनाओं से बचाव कर सकें। *सड़क सुरक्षा पर जोर* कार्यक्रम के दौरान, उपस्थित लोगों को सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालन करने की महत्ता समझाई गई। उन्हें बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए ट्रैफिक संकेतों का पालन और सावधानीपूर्वक चलना आवश्यक है। *घरेलू सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलू* घरेलू सुरक्षा के तहत, गैस, आग, और बिजली उपकरणों के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी गई। सभी को सिखाया गया कि गैस चूल्हे का उपयोग करते समय सतर्क रहें, आग से संबंधित उपकरणों का सही तरीके से उपयोग करें, और बिजली उपकरणों की खराबी पर तुरंत सतर्क हों। *बिजली सुरक्षा के प्रति जागरूकता* बिजली से जुड़े उपकरणों के सही उपयोग और उनमें खराबी आने पर सतर्क रहने की सीख भी दी गई, ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके। *सक्रिय भागीदारी और पुरस्कार वितरण* सभी आयु वर्ग के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए, सुरक्षा से जुड़े प्रश्न पूछे गए, जिनका सही उत्तर देने वाले 300 महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। *विशेषज्ञों की सहभागिता* इस दौरान, हिंडालको महान की सेफ्टी 360 टास्क फोर्स टीम से मुशर्रत जमाल, दीप्ति श्रीवास्तव, पायल पांडेय, और काजल मौर्या मौजूद रहीं। सेफ्टी विभाग से रवि नारायण मिश्रा, महादेव वालेकर, गिरीश शर्मा, और रवि तिवारी ने भी उपस्थित लोगों को सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। महान पर्यावरण विभाग के निर्भय सिंह और सीएसआर विभाग से बीरेंद्र पांडेय ने भी हिस्सा लिया और सभी को सुरक्षित जीवन जीने के लिए आवश्यक उपायों के बारे में बताया। *सुरक्षित जीवन के लिए सुरक्षा का महत्व* सड़क और घरेलू सुरक्षा के प्रति जागरूकता न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा सुनिश्चित करती है, बल्कि समाज में सुरक्षित वातावरण का निर्माण भी करती है। ऐसे कार्यक्रम सभी को सुरक्षा के प्रति सजग बनाते हैं, जिससे वे भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बन सकें। हिंडालको महान का यह प्रयास न केवल सभी आयु वर्ग के लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाने में सफल रहा, बल्कि उन्हें जीवन को सुरक्षित और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सावधानियों की जानकारी भी प्रदान की।





# अवैध अतिक्रमण पर चला निगम का बुलडोजर

### नगर निगम आयुक्त के नेतृत्व में बिलौजी में 6 अवैध आवासों को ध्वस्त कर निगम की बेशकीमती जमीन को कराया गया अतिक्रमण मुक्त

**सिंगरौली ।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के आयुक्त डी.के शर्मा के अगुवाई में एवं उपखण्ड अधिकारी सिंगरौली सृजन बर्मा के उपस्थिति में आज निगम अमले के द्वारा सुबह सुबह बिलौजी तिराहे के समीप निगम के बेशकीमती जमीन पर अतिक्रमरण कर बनाए गए 6 आवासो को ध्वस्त कर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। विदित हो कि निगमायुक्त शर्मा के नेतृत्व में शहरी क्षेत्र के ऐसे स्थल जहा पर अतिक्रमण किया गया उन्हे चिन्हित कर कर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम आज निगम के अतिक्रमण दस्ते के द्वारा निगम की जमीन पर अतिक्रमण कर निर्माण करायें गये 6 पक्के मकानों को जेसीबी से गिरा जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है।। इस दौरान निगमायुक्त ने बताया कि ये आवास बेलौंजी तिराहे के पास नगर निगम की बेशकीमती जमीन पर अवैध रूप से बने हुए थे। इन आवासो का निर्माण निगम की खाली प?ी जमीन पर किया गया था। लोगों के द्वारा जमीन पर कब्जा कर धीरे-धीरे पक्के मकान बना लिए गए थे। उन्होने बताया कि कई बार अतिक्रमणकारियो को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए किंतु उनके द्वारा अतिक्रमण नही हटाये जाने पर आज निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही कर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। कार्यवाही के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक पीएस परस्ते, तहसीलदार अभिषेक यादव, नगर निगम के कार्यपालन यंत्री व्हीपी उपाध्याय, डिप्टी कमिश्नर आरपी बैस, अतिक्रमण प्रभारी प्रवीण गोस्वामी, एस.एन द्विवेदी, अनुज सिंह सहित निगम का अतिक्रमण दस्ता पुलिस बल उपस्थित रहा।



# एनटीपीसी विंध्याचल में महिलाओं को सशक्त बनाने शुरू किया गया सिलाई ट्रेनिंग प्रोग्राम

सिंगरौली ( स्वतंत्र मत )

महिलाओं के कौशल विकास और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा 27 फरवरी 2025 को अपने सीएसआर पहल के तहत एक सिलाई ट्रेनिंग प्रोग्राम की शुरुआत की गई।

यह कार्यक्रम यूनियन रूरल सेल्फ-एम्प्लॉयमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, सिंगरौली के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस उद्घाटन समारोह में श्री राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख(विंध्याचल) एवं श्री विजय कुमार, डायरेक्टर (रूरल सेल्फ-एम्प्लॉयमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट) की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर अन्य प्रतिष्ठित अतिथियों में श्रीमती मृणालिनी, अपर महाप्रबंधक(मानव संसाधन), श्री माहताब आलम, वरिष्ठ प्रबन्धक(सीएसआर एवं आरएंडआर) और श्री निखिल जायसवाल, कार्यपालक (सीएसआर) भी मौजूद रहे।

यह पहल एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना के निरंतर प्रयासों को प्रदर्शित करती है जो महिलाओं को कौशल विकास के माध्यम से सशक्त बनाने, आर्थिक स्वतंत्रता और सतत आजीविका को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

# फरवरी माह में एनसीएल से सेवानिवृत्त हुए कर्मियों के सम्मान में आयोजित हुआ अभिनंदन समारोह

सिंगरौली ( स्वतंत्र मत )



शुक्रवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) से फरवरी माह के अंत में 8 अधिकारियों एवं 44 कर्मचारियों सहित कुल 52 कर्मी सेवानिवृत्त हुए। एनसीएल मुख्यालय से धन बालन, महाप्रबन्धक (सामग्री प्रबंधन), जमुना राम, सफाई कर्मचारी (केंद्रीय चिकित्सालय) सिंगरौली एवं राजेश, सफाई कर्मचारी (नगर प्रशासन विभाग) सेवानिवृत्त हुए। कंपनी मुख्यालय में आयोजित अभिनंदन समारोह के दौरान एनसीएल सीएमडी बी. साईराम, निदेशक (कार्मिक), मनीष कुमार, निदेशक (वित्त), रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन), जितेंद्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना), सुनील प्रसाद सिंह, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष, अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण तथा सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के परिजन उपस्थित रहे 7 इस अवसर पर अपने उद्बोधन में सीएमडी एनसीएल, बी. साईराम ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को जीवन की आगामी पारी की शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए उनके सुखद एवं स्वस्थ भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होनें कंपनी की उन्नति में कर्मियों के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। इस दौरान अपने सम्बोधन में निदेशक (कार्मिक), मनीष कुमार ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के सुखद एवं खुशहाल भविष्य हेतु शुभकामनाएँ दी। इसी क?ी में अपने उद्बोधन में , निदेशक (वित्त), रजनीश नारायण ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को जीवन की आगामी पारी हेतु मंगल कामना की एवं कंपनी में उनके अतुलनीय योगदान हेतु आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर निदेशक (तकनीकी/ संचालन), जितेंद्र मलिक ने सेवानिवृति को जीवन का एक प?ाव बताते हुए सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को जीवन की नयी पारी की शुरुआत हेतु शुभकामनाएँ दीं एवं कंपनी को प्रदत्त सेवाओं में कर्मियों के योगदान पर प्रकाश डाला। अभिनंदन समारोह के दौरान निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना), सुनील प्रसाद सिंह ने कंपनी की सफलता में सेवानिवृत हो रहे कर्मियों के योगदान को सराहनीय बताते हुए उन्हें सुखद भविष्य एवं स्वस्थ जीवन हेतु शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों ने एनसीएल में अपने लंबे कार्यालयीन जीवन के अनुभवों को सभी के साथ साझा किया और अपनी उपलब्धियों का श्रेय एनसीएल को दिया । गौरतलब है कि एनसीएल के विभिन्न कोयला क्षेत्रों व इकाइयों में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।

# बांधवगढ़ में बने गौर (बायसन) बाड़े के पास बाघ के मूवमेंट पर पार्क प्रबन्धन एलर्ट..!



**उमरिया ( स्वतंत्रमत )..** बांधवग? टाइगर रिजर्व जे कलवाह रेंज के करकचहा में स्थित 20 हेक्टेयर बा? में मौजूद 22 गौर को देख शुक्रवार की देर रात करीब 10 .30 बजे बाघ की मूवमेंट देखी गई है,जिसके बाद से पार्क प्रबन्धन हाई अलर्ट पर है।बताया जाता है कि बा? के करीब युवा नर बाघ है,जो बा? के आसपास लगातार शिकार की ताक में लगा हुआ है,हालांकि सोलर फैंसिंग के कारण बाघ अंदर नहीं जा पाया है।बाघ के मूवमेंट की खबर के बाद बांधवगढ टाइगर रिजर्व के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए है तथा स्थिति पर नियंत्रण बनाए है,इस बात की विधिवत जानकारी उच्च अधिकारियों को भी दी गई है।क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय ने बताया कि बा? के करीब लगातार बाघ के मूवमेंट की खबर ली जा रही है,हालांकि सभी गौर पूरी तरह सुरक्षित है।

# स्वैच्छिक संगठनों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

उमरिया ( स्वतंत्रमत )।



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा समृद्धि योजना अंतर्गत स्वैच्छिक संगठनों का एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण बांधवगढ सभा कक्ष जिला पंचायत सभागार उमरिया मे प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चरणों में दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण करके किया गया।कार्यक्रम के मुख्यअतिथि कृष्ण कुमार पांडे, राष्टीय स्वयं सेवक संघ सह जिला संघचालक उमरिया, रवि सिंह सामाजिक कार्यकर्ता उमरिया, डी.के. सारस जिला जेल अधीक्षक उमरिया, जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ला, विकासखंड समन्वयक मानपुर महेन्द्र सिंह, विकासखंड समन्वयक पाली पुष्पा टेकाम, संजय पांडे मंडल संयोजक जनजातीय कार्य जिला उमरिया व जिले से आये सभी स्वेच्छिक संगठन के प्रमुख उपस्थित थे अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र मे प्रशिक्षण का उद्देश्य जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ला ने बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार पांडे ने कहा कि स्थानीय स्तर पर ऐसा प्रशिक्षण वास्तविक रूप से सामाज को आगे ब?ने की दिशा मे महत्वपूर्ण होगा, जन अभियान परिषद के द्वारा किया गया जब भी मेरी आवश्यकता होगी मैं हमेशा जन अभियान परिषद के साथ हूं।

रवि सिंह विशिष्ट अतिथि द्वारा समाज की आवश्यकता की पूर्ति जन अभियान परिषद के द्वारा विभिन्न संगठनों के माध्यम से की जाती है।

# सरकार और सेवा भारती की मंशानुरूप करेंगे कार्य

### जिला बाल कल्याण समिति की नव नियुक्त अध्यक्ष श्रीमती शशि शुक्ला गौतम ने मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार



**उमरिया ( स्वतंत्रमत )।** जिला बाल कल्याण समिति (किशोर न्याय समिति) की नव नियुक्त अध्यक्ष श्रीमती शशि शुक्ला गौतम ने यह दायित्व सौंपे जाने पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी की मंशा सदैव से पी?ित महिलाओं और किशोर बच्चों को न्याय, सहायता प्रदान करते हुए उन्हें विकास की मुख्यधारा मे शामिल करने की रही है। यही कार्य देश की विख्यात संस्था सेवा भारती का भी है। जिसने शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन और सामाजिकता के क्षेत्र मे कई कीर्तिमान स्थापित किये हैं।श्रीमती गौतम ने कहा कि वे प्रदेश सरकार और सेवा भारती के पद चिन्हों पर चलते हुए उनके उद्देश्यों के अनुरूप समाज की बेहतरी के लिए कार्य करेंगी। उल्लेखनीय है कि श्रीमती शशि शुक्ला गौतम के पास बालहित से जु?ी इस संस्था और कार्यप्रक्रिया का लंबा अनुभव है।



# उमरिया जिला क्रिकेट संघ सीनियर टीम का चयन संपन्न

उमरिया ( स्वतंत्र मत )

शनिवार 1 मार्च को जिला क्रिकेट संघ उमरिया की सीनियर टीम का चयन स्थानीय अमर शहीद स्टेडियम में खिला?ियों के कला कौशल और तकनीक के आधार पर चयन किया गया। चयन के दौरान जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राकेश शर्मा. सचिव नीरज चंदानी. सदस्य राकेश राउत. ब्रजेश शर्मा. चयनकर्ता मानसिंह. हिमांशु यादव. संदीप सतनामी मौजूद रहे।उमरिया जिला सीनियर टीम का चयन 15 खिला?ियों का किया जिसमें आशीष रघुवंशी. आशीष रैतवाल. मासूम रजा. अभय राउत. आयुष तिवारी. नफीस सिद्दीकी. अखिलेश सिंह. कौशल सिंह. अभिराज दहिया. रोशन केवट. जिज्ञास मिश्रा. मुकेश नागवंशी. हिमांशु मिश्रा. रामकृष्ण सोनी शामिल है। टीम कल शहडोल के लिए रवाना होगी जहां वह अपना दो दिवसीय मैच अनूपपुर के खिलाफ खेलेगी टीम के कोच हिमांशु यादव बनाए गए जिला क्रिकेट संघ के सभी पदाधिकारीयों ने खिला?ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके अच्छे खेल प्रदर्शन की कामना की है।

# शासकीय आदर्श महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न



**उमरिया ( स्वतंत्रमत )।** विकसित भारत के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में नवाचारों के माध्यम से भारतीय वैज्ञानिकों को सशक्त बनाने बनाना, विज्ञान के क्षेत्र में घटित होने वाली विभिन्न गतिविधियों प्रयासों उपलब्धियां को छात्र-छात्राओं से परिचय करना ,विज्ञान का प्रयोग मानव कल्याण के लिए एवं दैनिक जीवन में विज्ञान के व्यवहारिकता से परिचित कराना उपरोक्त विचार आदर्श महाविद्यालय में आयोजित विज्ञान सगोष्ठी में अतिथियों के द्वारा पर व्यक्त किए गए स शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया में राष्टीय विज्ञान दिवस का दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत विज्ञान संगोष्ठी एवं प्रमाण पत्र पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया स विज्ञान संगोष्ठी कार्यक्रम में कुलगुरु डॉ आई के त्रिपाठी राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवा?ा ऑनलाइन माध्यम से तथा डॉ एम के भटनागर प्रोफेसर रसायन विज्ञान पंडित शंभूनाथ विश्वविद्यालय शहडोल से शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ सी बी सोंदिया प्राचार्य एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अभय पांडे सहित डॉ अतुल बाजपेई प्राचार्य शासकीय कलानिकेतन महाविद्यालय उमरिया एवं डॉ अतुल अहिरवार विभाग का अध्यक्ष मैकेनिकल विभाग पॉलिटेक्निक उमरिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ राकेश बाजपेई विभाग का अध्यक्ष भौतिक विज्ञान विभाग रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर ,डॉ कमल कुशवाहा विभागाध्यक्ष अप्लाइड फिजिक्स जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज ,डॉ अच्युतानंद शुक्ला वरिष्ठ वैज्ञानिक बोटैनिकल सर्वे ऑफ इंडिया , डॉ प्रज्ञा द्विवेदी विभागाध्यक्ष जंतु विज्ञान शासकीय पीजी गर्ल्स कॉलेज सतना ने छात्र-छात्राओं को अपना मार्गदर्शन एवं शुभकामना संदेश ऑनलाइन प्रदान किया।

राष्टीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम के का संचालन समन्वयक डॉ राजीव तिवारी एवं आभार प्रदर्शन सह समन्वयक डॉ विष्णुकांत तिवारी ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों का संयोजन रंगोली प्रतियोगिता डॉ परिणीता त्रिपाठी, निबंध प्रतियोगिता डॉ रूप लता चतुर्वेदी, पोस्टर प्रतियोगिता डॉ नवीन उपाध्याय ऑनलाइन विज्ञान प्रश्नोत्तरी डॉ ब्रह्मानंद शर्मा श्री सुनील हिरवे द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ हरीश डॉ स्वराज पाल ,डॉ जुगल किशोर ,डॉ राजेंद्र प्रसाद ,डॉ सत्येंद्र महोबिया का विशेष योगदान रहा।

# महात्मा गांधी स्टेडियम में करोड़ों खर्चने के बाद भी नहीं दिखती रौनक, नए सिरे से निर्माण की उठी मांग

मण्डला (स्वतंत्र मत)।





मुख्यालय स्थित जिले का एक मात्र खेल मैदान जिसे महात्मा गांधी स्टेडियम के नाम से जाना और पहचाना जाता है। यह खेल मैदान दशकों से जैसे के तैसा दिखाई देता है। जिम्मेदारों की लापरवाही से आज तक इस खेल मैदान का समुचित विकास नही हो पाया है। जबकि इस खेल मैदान से निकले खिलाड़ियो ने प्रदेश में ही नही देश भर में अपना परचम लहराया है। इसके बाद भी इस खेल मैदान की सुध लेने की किसी को भी जरा फुरसत नही है। विगत पांच साल पहले नगर पालिका ने जरूर इस स्टेडियम के विकास का बीड़ा उठाया था और यहाॅ पर पचासों लाख रूपये से सीढ़ी निर्माण सहित अन्य कार्यो में खर्च कर डाला लेकिन इन निर्माणों की गुणवत्ता और ड्राईंग पर अगर नजर डाली जाए तो आपकों जिम्मेदारों पर एक हजार सवाल करने का मन करेंगा। लेकिन जिले में भ्रष्ट अधिकारियों को ढ़कने और मूंदने के लिए बड़े अधिकारी बचाव करने से कभी पीछे नही हटते हैं शायद यही कारण है कि जितना पैसा स्टेडियम के विकास में नगर पालिका ने खर्च किया है उतने पैसे से आधुनिक स्टेडियम का निर्माण उसी स्थान में आसानी से किया जा सकता था। लेकिन कमीशन खोरी और जनप्रतिनिधियों की लापरवाही के चलते स्टेडियम अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। स्टेडियम में सुविधाओं का न होने का दर्द केवल खिलाड़ी ही जान सकता है। इसके पहले भी एक याचिका लगाई गई थी जिसमें पार्किंग शेड, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी एवं उच्च गुणवत्ता की लाइट हाईमास्क के लिए जिला एवं सत्र न्यायालय की जन उपयोगी सेवाओं की लोक अदालत में लगाई गई थी विगत लंबे समय से ग्राउंड परिसर के आसपास से खिलाड़ियों की 32 साइकिल एवं 2 मोटर साइकिल चोरी हो गयी थीं एवं रात्रि में नशेड़ियों और आपराधिक तत्वों द्वारा खेल मैदान को प्रभावित किया जाता रहा है। उक्त याचिका को न्यायालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में सुनवाई में लिया गया था जिसमें अपर जिला न्यायाधीश सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती डॉ. प्रीति श्रीवास्तव द्वारा पब्लिक यूटिलिटी से सम्बंधित मानकर याचिका स्वीकार की गई। प्रकरण क्र 01/2022 दर्ज कर दिनांक 22/02/2022 की पेशी में अनावेदक नगर पालिका परिषद की ओर से मुख्य नगर पालिका अधिकारी और खेल एवं युवा कल्याण विभाग को नोटिस जारी किया गया। जिस पर नगरपालिका परिषद की जवाबदेही तय होने से उक्त मांगों को विधिसंगत मानते हुए पालन प्रतिवेदन देने हेतु निर्देशित किया गया था। याचिका में दर्ज उक्त सभी पब्लिक यूटिलिटी को न्यायालय द्वारा जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए जिस पर वर्तमान में पार्किंग शेड, सीसीटीवी और सुरक्षा व्यवस्था हेतु आवश्यक कार्य हो गए हैं। उच्च गुणवत्ता युक्त लाइट हाईमास्क पर भी न्यायालय द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उच्च न्यायालय द्वारा रिट पिटीशन 16392/2019 के माध्यम से महात्मा गांधी स्टेडियम में आवश्यक रूप से खेल से अतिरिक्त किसी अन्य गतिविधियों पर पूर्ण रोक साथ ही ग्राउंड में ड्रेसिंग रूम, ट्रैक निर्माण, अवैध कब्जा हटाने, खिलाड़ी के चेंज रूम, पानी व अन्य सुविधाओं के लिए 31 मार्च 2020 तक पूर्ण करने दिशा-निर्देश दिए गए थे जिसका आज तक परिपालन नहीं किया जा सका है। वहीं इस खेल मैदान का मामला न्यायालय में चल रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय मण्डला में प्रकरण क्रमांक 06/2023 में अधिवक्ता नीलेश झा ने खेल मैदान की अव्यवस्था के बारे में पक्ष रखा है। जिसमें का गया कि महात्मा गांधी स्टेडियम मण्डला प्रांगण में विभिन्न खेल गतिविधियों के खिलाड़ी आते हैं रात्रि के समय प्रांगण में अंधेरे की स्थिति रहती है जिस कारण रात्रि में असामाजिक तत्वों के द्वारा प्रांगण में नशाखोरी एवं अनैतिक गतिविधियां होती रहती है रात्रि खेल प्रशिक्षण के लिए भी हाई मास्क उच्च गुणवत्ता की लाईट लगाये जाने के संबंध में निवेदन किया गया था। अनावेदक की ओर से कोई जवाब प्रस्तुत नहीं। महात्मागांधी स्टेडियम मण्डला एक सार्वजनिक मैदान होकर सभी नगरवासियों के लिए उपयोगी और खेल से संबंधित गतिविधियों का केन्द्र स्थल है जिसके कारण अनावेदक का यह दायित्व है कि वहा पर सभी मूलभूत एवं बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराये। आवेदक की ओर से यह कहा है कि प्रांगण में प्रकाश व्यवस्था न होने के कारण अंधेरा बना रहता है जिससे वहां अनैतिक गतिविधियां होती रहती है अतः आवेदक की ओर से प्रस्तुत आवेदन उचित होने के कारण स्वीकार किया जाता है एवं अनावेदक को आदेशित किया जाता है कि महात्मागांधी स्टेडियम में पर्याप्त लाईट व्यवस्था सुनिश्चित करे तथा ठहराव प्रस्ताव के अध्यधीन स्टेडियम में हाई मास्क लाईट लगाना सुनिश्चित करे। उक्त निर्देश मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिए गए है।



## अंचल समिति की बैठक में मिले दायित्व

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

संभाग महाकौशल भाग रेवांचल एकल अभियान अंचल में शुक्रवार को अंचल समिति के समक्ष केंद्रीय कार्यकारिणी अधिकारी मक्खन किशोर गोयल एकल श्रीहरि कथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजस्थान जयपुर, भामनी भूषण केंद्रीय नगर कथा संयोजक एवं व्यवस्था प्रमुख रांची झारखंड, अजय शरण प्रभाग व्यास, सत्येंद्र सिंह संभाग जागरण प्रशिक्षण प्रमुख एवं अंचल प्रमुख मंडला, समिति मिलन बैठक के तत्वाधान में एकल रामकथा की बैठक रखी गई जिसमें 22 मई से 28 मई तक राम कथा का आयोजन किया जाएगा। जिसकी समिति का गठन किया गया। यहां आनंद सोनी अंचल समिति अध्यक्ष, श्रीमती उमा यादव हरिकथा अध्यक्ष, श्रीमती प्रिया धुर्वे महिला समिति अध्यक्ष, आशीष पटेल खेल युवा प्रभारी, किशोर रजक समाजसेवी, सुधीर कांसकार समाजसेवी, श्रीमती सुनीता सोनी संरक्षक, श्याम श्रीवास सदस्य, राजकुमार कछवाहा समाजसेवी, ओम प्रकाश समाजसेवी, इंद्रेश बब्बल खरया, समाजसेवी, शारदा कछवाहा अंचल मां, बैशाखू नंदा समाजसेवी, श्रीमती सुनीता सैयाम सक्रिय सदस्य, श्रीमती मीनाक्षी यादव सक्रिय सदस्य, रविकांत वरिष्ठ मार्गदर्शक, अरविंद शर्मा वरिष्ठ मार्गदर्शक एवं अंचल टोली से अर्जुन सिंह वाटिया अंचल अभियान प्रमुख, नंदकिशोर यादव अंचल कार्यालय प्रमुख मंडला, संजय मरावी प्रा.शिक्षा प्रशिक्षण प्रमुख, नरेश कुमार भंवरे खेल शारीरिक प्रमुख, बैसाखी मरावी अंचल व्यास, अरविंद यादव सह-कार्यालय प्रमुख की समस्त कार्यकर्ताओं की उपस्थिति उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई।

## संभागीय बैठक मे तैयारियों की समीक्षा

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने गेहूं उपार्जन 2025-26 एवं लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली की संभागीय समीक्षा बैठक के संबंध में तैयारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी बैठक के पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण करना सुनिश्चित करें। बैठक में गिरदावरी, पंजीयन केन्द्र, उपार्जन केन्द्र, बारदाना की आवश्यकता, परिवहन की व्यवस्था, भंडारण, प्रशिक्षण, एफसीआई गोदामों की क्षमता, धान उपार्जन 2024-25 में किसानों, परिवहनकर्ताओं, गोदाम संचालकों के भुगतान की स्थिति, पात्र परिवारों को खाद्यान्न वितरण, पात्र हितग्राहियों की केवाईसी, ई श्रम पोर्टल पर श्रमिकों का सत्यापन, लाड़ली बहनों को 450 में गैस रिफिल आदि बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उप संचालक कृषि श्रीमती मधु अली सहकारिता प्रबंधक सहित संबंधित उपस्थित थे।

## परिवहन अधिकारी को प्रशस्ति पत्र

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर ने जनवरी माह के सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में जिला परिवहन अधिकारी परिवहन विभाग श्रीमती रमा दुबे को 91.29 वेटेज स्कोर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत के निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## सीएमओ को मिला प्रशस्ति पत्र

**मण्डला/निवास(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर ने जनवरी माह के सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में मुख्य नगरपालिका अधिकारी निवास शिवासिंह लोधी को 100 वेटेज स्कोर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत के निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## एसपी ने किया थाना भ्रमण

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना महाराजपुर का भ्रमण कर बीट प्रणाली के सफल क्रियान्वयन हेतु माईक्रोबीट पुस्तिका देकर उसमें दर्ज की जाने वाली जानकारी तथा माईक्रोबीट अधिकारी बीट प्रभारी के दायित्वों के बारें बतातें हुए थाना प्रभारी से उनकी तैयारी के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी। बता दे मंडला पुलिस द्वारा समस्त थानों बीट बनायें गये है जिनके अंतर्गत 305 माईक्रोबीट रखे गयें हैं।

## अमल ज्योति स्कूल पहुंचे अधिकारी

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा दसवी एवं बारहवी की परीक्षाएं सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित हों इसके लिए विभाग को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन की ओर से वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा परीक्षा केन्द्रों के औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं। शुक्रवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल के उपाध्यक्ष श्रीनिवास राव एवं प्रभारी कलेक्टर व सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने परीक्षा केन्द्र अमल ज्योति हायरसेकेंडरी स्कूल महाराजपुर का औचक निरीक्षण किया। केन्द्र में कन्या शाला महाराजपुर एवं नवीन हायरसेकेंडरी स्कूल महाराजपुर के विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं।

## महाराजपुर का औचक निरीक्षण

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के उपाध्यक्ष श्रीनिवास राव एवं प्रभारी कलेक्टर व सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने परीक्षा केन्द्र कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महाराजपुर का औचक निरीक्षण किया। कक्षा बारहवी का दूसरा प्रश्नपत्र था। इस दौरान परीक्षा केन्द्र में परीक्षार्थियों को उपलब्ध कराई गई पानी, बिजली, बैठक व्यवस्था, प्रकाश आदि की समुचित व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली गई। इस दौरान को जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी बरकड़े सहित संबंधित उपस्थित थे।

## ईजीपीएफ संबंधी प्रशिक्षण संपन्न

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** सामान्य भविष्य निधि में अंतिम भुगतान के लिए आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर पर ईजीपीएफ के अंतिम भुगतान की नवीन प्रक्रिया लागू की गई है। इसके लिए विभिन्न कार्यालयों से संबंधित स्टॉफ को प्रशिक्षित किया जाना है, इसी कड़ी में शुक्रवार को जिला योजना भवन में जिला कोषालय अधिकारी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें ई-सामान्य भविष्य निधि आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर पर किस प्रकार की जा सकेगी इसके संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

## योजना के कार्यों का अवलोकन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम डोभी में निमार्णधीन ग्राउंड सर्विस रिजर्व वायर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्य ग्राम के सभी घरों में नल कनेक्शन करवाएं। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक नल में शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो। प्रभारी कलेक्टर ने कहा कि पेयजल का सेंपल लेकर प्रयोग शाला में परीक्षण कराएं।

## विभिन्न ग्रामों का किया दौरा

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

प्रभारी कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने शनिवार को मंडला विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम सेमरखापा में निर्माणाधीन ग्राम पंचायत भवन के निर्माण कार्यो का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। प्रभारी कलेक्टर ने निर्देशित किया कि निर्माण कार्य की गुणवत्तायुक्त सामग्री का उपयोग। साथ निर्माण कार्य को समय सीमा पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने अन्य विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को विकास कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपयंत्री सहित संबंधित उपस्थित थे।

## इंजी. कमलेश तेकाम बने प्रदेश अध्यक्ष

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद में इंजी. कमलेश तेकाम की नियुक्ति की गई है। यह नियुक्ति गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम ने की है। बता दें कि श्री तेकाम वर्तमान में गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी मंडला के जिला अध्यक्ष के पद में विराजमान हैं इसी के साथ वे जिला पंचायत मंडला में उपाध्यक्ष के पद में भी कार्यरत हैं। इनकी नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि नेतृत्व क्षमता और समर्पण से पार्टी को नई ऊंचाईयां मिलेगी। आपके नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा



और उत्साह मिलेगा। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने मध्यप्रदेश में संगठन को मजबूत बनाने के लिये युवा नेतृत्व के हाथों में कमान सौंपी है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से श्री तेकाम बिछिया विधानसभा से दो बार विधानसभा का चुनावी लड़ चुकें हैं। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलेश्वर सिंह मरकाम ने मध्यप्रदेश गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की जवाबदारी युवा नेतृत्व कमलेश तेकाम को सौंपकर आगामी विधानसभा चुनाव में मजबूती के साथ मध्यप्रदेश में गोंगपा के पक्ष में करने के उद्देश्य से दिया है। अध्यक्ष नियुक्त होने पर समस्त गोंगपा के कार्यकर्ताओं ने बधाई व शुभकामनायें प्रेषित की है। नियुक्ति संबंधी सवाल के जबाव में श्री तेकाम ने कहा कि पार्टी ने उन पर विश्वास जताया है और वे इस विश्वास को कायम रखेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की छोटी मोटी समस्याओं को भी अब पूरी ताकत के साथ हल किया जाएगा।

## परीक्षा केन्द्र डोभी का निरीक्षण

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** नारायणगंज विकासखंड के भ्रमण के दौरान प्रभारी कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने जिले में चल रही पांचवी एवं आठवीं बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर परीक्षा केन्द्र डोभी का औचक निरीक्षण करते हुए परीक्षाओं की व्यवस्था का जायजा लिया। प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने परीक्षा केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया केंद्रों में विद्यार्थियों के लिए पानी, बिजली, बैठक व्यवस्था, प्रकाश आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए।

## प्रभारी कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**मण्डला।** प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने मंडला विकासखंड के ग्राम सेमरखापा में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत निर्मित आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने पूर्ण और अपूर्ण दोनों प्रकार के आवासों का जायजा लेते हुए योजना के क्रियान्वयन की प्रगति का आकलन किया। प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने निर्देशित किया कि आवास निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए निर्माण कार्यो में गुणवत्तायुक्त सामग्रियों का उपयोग करें।

## खस्ताहाल और खटारा वाहनों में ढोये जा रहे स्कूली बच्चे

### क्षमता से अधिक सवारी से दुर्घटनाओं का अंदेशा

### कुलेन पानी से आहत हुआ बालक

नैनपुर (स्वतंत्र मत)।

कस्बे के स्कूलों में चलने वाले वाहनों की हालत काफी खस्ता है। स्कूलों में बच्चों को लाने और वापस ले जाने वाले वाहन जर्जर हैं। इनमें से कई वाहन ऐसे हैं जिनकी मियाद पूरी हो गई है। इसके बावजूद इन वाहनों का उपयोग स्कूली बच्चों को लाने-ले-जाने में किया जा रहा है। कई वाहन ऐसे है जिन पर नंबर प्लेट भी नहीं लगी होती है। ऐसे में प्रशासन की लापरवाही से बच्चों का जीवन खतरे में दिखाई दे रहा है।

शहर में कई शासकीय व गैर शासकीय स्कूल है। जिनमें नगर व ग्रामीण क्षेत्र के हजारों छात्र-छात्राएं अध्ययनरत है। यह बच्चे स्कूलों में प?ने के लिए किराए के वाहनों से आते-जाते हैं। इनमें से कई वाहन ऐसे हैं जिनकी मियाद पूरी हो गई है। इन वाहनों को नियमानुसार रोड पर चलाना ही नहीं चाहिए। ऐसे वाहनों में छात्र-छात्राओं को ठूंस-ठूंस कर स्कूल लाया और ले जाया जाता है। इन वाहनों का मेंटनेंस नहीं होने के कारण यह वाहन कहीं भी रास्ते में बंद हो जाते हैं। इन वाहनों में वाहन संचालकों द्वारा घिसे-पिटे टायर चलाए जाते हैं जो कभी भी रास्ते में ही जबाब दे जाते हैं। स्कूली बच्चों को ढोने वाले अधिकतर वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र भी नहीं है।

### क्षमता से अधिक भरते है सवारी

शहर में स्कूली बच्चों को ढो रहे ऑटो, मैजिक और अन्य वाहनों में ठूंस-ठूंस कर बच्चों के साथ सवारियों को ढोया जा रहा है। एक ऑटो में 10 से 15 और मैजिक में 20 से 25 स्कूली बच्चों के अलावा गांव से आने वाली सवारियों को बैठाया जाता है। इसके अलावा स्कूल बस, जीप, वेन सहित अन्य वाहनों में भी जमकर ओवरलोडिंग की जा रही है। इनमें से अधिक खटारा वाहन जर्जर हो चुके हैं। ऐसे में यदि इन वाहनों से कोई हादसा हो जाए तो एक ब?ी समस्या ख?ी हो सकती है। इसके बाद भी स्कूल प्रबंधन, पुलिस सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारियों



द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### लंबे समय से नहीं हुई चेकिंग

बच्चों को ढो रहे इन वाहनों की शहर में लंबे समय से परिवहन विभाग और पुलिस के द्वारा कोई चेकिंग नहीं की गई है। यदि कभी चेकिंग हो जाए तो सूचना मिलने पर अधिकतर वाहन चालक उस समय स?क से गायब हो जाते हैं। बाद में फिर से यह खटारा वाहन स?कों पर दौ?ते दिखाई देते हैं।



शहर के ज्ञान ज्योति, स्वामी विवेकानंद, भारत ज्योति, सरस्वती शिशु मंदिर जैसे अशासकीय विद्यालयों के अलावा रेलवे, आदर्श, नवीन और कन्या विद्यालय जैसे शासकीय विद्यालयो में नैनपुर के गांव गांव से अध्ययन करने विद्यार्थी रोजाना आते है। जिनमे ऑटो मैजिक वेन और कई खटारा वाहन बच्चों को ढो रहे हैं। इन वाहनों को चलाने वाले अधिकतर वाहन चालकों के पास वैद्य लाइसेंस भी शायद नहीं हैं। वही यदि किसी के पास लाइसेंस है भी तो वह वैद्य नहीं है। अधिकतर वाहन चालक लाइट मोटर व्हीकल वाले लाइसेंस के साथ इन वाहनों को चलाते हैं। नियमानुसार यह वाहन कॉमर्शियल की श्रेणी में आते हैं। इस लिए इन वाहनों को चलाने के लिए वैद्य लाइसेंस होना जरूरी है। सात: ही समय समय पर इनके फिटनेस प्रमाण पत्र और स?क में दौ?ने की मियाद समय सीमा का परीक्षण करना जरूरी है। ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके।

### कुलेन पानी से आहत हुआ बुरी तरह से बालक

ऐसे ही एक वाहन क्रमांक एम पी 51 डी ए 0488 में एक बालक चोटिल हो गया। आरोप है कि चालक की लापरवाही से कुलेन पानी से बच्चा जख्मी हो गया। बच्चा अभनव ठाकुर पिता मनोज ठाकुर कक्षा 5वी भारत ज्योति का छात्र है। चालक का कहना है कि बालक ने अनजाने में कूलेन पानी का ढक्कन खोल दिया जिससे गर्म पानी उसके घुटनो और पैर में आ गया। जबकि बालक के पालको ने इसे लापरवाही का कारण बताया है। बालक का इलाज अभी सिवनी जिले के अस्पताल में चल रहा है।

## न्यायालय प्रकरणों में लें गंभीरता

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर ने उच्च न्यायालय के अवमानना संबंधी प्रकरणों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अवमानना के प्रकरणों को अत्यंत गंभीरता से लें। अनुविभागीय अधिकारी प्रकरणों की स्वयं समीक्षा करें। न्यायालय की अवमानना संबंधी प्रत्येक प्रकरण की केस समरी तैयार करें। डब्ल्यूपी और अवमानना के प्रत्येक प्रकरणवार विभाग, योजना, परियोजना की ओर से अब तक क्या-क्या कार्यवाही की गई है

## प्रधानमंत्री योजना पर सेमीनार

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना दिवस के अवसर पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योजना की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए प्रभारी प्राचार्य डॉ. नवीन कुमार हरदहा ने विद्यार्थियों को योजना के बारे में जानकारी प्रदान किया गया।

## दिन दहाड़े नगर में हो रही चोरी की घटनाएं

नैनपुर (स्वतंत्र मत)।

वार्ड क्रमांक 02 गोपीनाथ मोहल्ला निवासी अनिल झारिया अधिवक्ता नैनपुर के घर में 25 फरवरी 2025 को लाखों रुपए की चोरी दिन दहाड़े दोपहर 1.30 बजे से 5.30 बजे के बीच हो गई। बताया जा रहा है कि उस समय घर पर कोई भी सदस्य नहीं था। अनिल झारिया, अशोक झारिया सिविल कोर्ट में थे।

**सरस्वती झारिया एंव भाभी रूकमणि झारिया शिक्षिका में जो विद्यालय में थी** - घर पर कोई भी नहीं था। सरस्वती झारिया जब घर पहुंची ओर अपने पति अनिल झारिया को घर पर चोरी होने की जानकारी दी गई। जिसकी सूचना पुलिस को अशोक अनिल झारिया के द्वारा दी गई।




पुलिस को बताया जा रहा कि घर के पीछे की खिड़की तोड कर घर का सामना चोरी हो गया। घर पर सामान बिखरा पड़ा हुआ है। सामान चैक करने पर पता चला कि पुराना इस्तेमाली 01 नग सोने का हार, 08 जोड़ी चादी की पायल, 02 नग चांदी की चैन, 02 चांदी का करधन, 15 जोड़ी चादी की बिछिया, 05 नग चादी की खुचनी, 06 नग चादी की चूड़ियां, 01 सोने की नयी अंगूठी, 01 सोने की चैन 10 चादी के सिक्के, 01 राम लक्ष्मण हनुमान के चित्र वाला धातु का सिक्का एवं नगदी करीबन 10 हजार रुपए घर पर नहीं था। किसी अजात व्यक्ति द्वारा घर की खिड़की तोड़कर घर के अन्दर घुसकर घर से सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गये है। थाना प्रभारी बलदेव सिंह मुजाल्दा के द्वारा बताया गया कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 331 (3), 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण दर्ज किया गया और जांच में लिया गया है।

**पुलिस थाना के सामने सोना-चांदी दुकान से चोरी** - मुख्य मार्ग पुलिस थाना के सामने स्थित ज्वेलरी दुकान से दो ग्रामीण महिलाओं ने सोने का लाकिट आंख मिचोली के चलते रख ली। जब तक दुकान दार समझ पाता तब तक महिला रबाना हो गई। दुकान दार के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में केद हो गई है। फोटो में साफ साफ महिलाओं की फोटो दिखाई दे रही है। पुलिस द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है।

## डॉ. सरिता बनीं बोर्ड सदस्य

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश शासन ने किशोर न्याय बोर्ड के तहत मंडला के लिए डॉक्टर सरिता अग्निहोत्री को बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया है राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार वे इस पद पर दूसरी बार चयनित हुई है इससे पहले वह अपनी सेवाएं किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य रूप में 2007 में दे चुकी डॉ सरिता अग्निहोत्री के चयन से बाल न्याय व्यवस्था की दिशा को नए आयाम मिलेंगे क्योंकि वे क्षेत्र में पहले भी कार्य कर चुकी है विधि का उल्लंघन करने वाले किशोर को समझाइश के साथ संरक्षण की अत्यंत आवश्यकता होती है।




## नाम सुधार सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अनिल कुमार गोप पिता किसना गोप आयु 45 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 9 ग्वारा टोला ग्राम मांगा तहसील घुघरी जिला मंडला (म.प्र.) का मूल निवासी हूं। मेरे ड्रायविंग लायसेंस में मेरा नाम अनिल कुमार यादव पिता किसन यादव दर्ज हैं जो कि गलत है। जबकि मेरा सही नाम अनिल कुमार गोप पिता किसना गोप है जो कि मेरे समस्त शासकीय दस्तावेजों में भी दर्ज है। और मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाता है। इस बात की मैं शपथकर्ता हूं। मेरे ड्रायविंग लायसेंस में दर्ज नाम को सुधार के लिए शपथ पत्र प्रस्तुत करता हूं।

**शपथकर्ता**
**अनिल कुमार गोप**
**पिता किसना गोप**
**निवासी वार्ड नं. 9 ग्वारा टोला ग्राम मांगा**
**तहसील घुघरी जिला मंडला (म.प्र.)**

# चिंतन: धर्म, कर्म, ज्ञान और प्रेम का अद्भुत समागम है प्रयागराज

डॉ दिनेश चंद्र सिंह

प्रयागराज मेरी कर्मभूमि है। मैंने इसे हर नजरिए से पढ़ा है और आत्मीयता भाव पूर्वक उसे गढ़ा है। इस शहर की इंद्रधनुषी सांस्कृतिक छँटा आपको भाव विभोर किये बिना नहीं रहेगी। महाकुंभ 2025 के आयोजन से इसकी विश्वव्यापी प्रसिद्धि बढ़ी है। धार्मिक आस्था और पौराणिक महत्व वाले इस शहर के विभिन्न पहलुओं की चर्चा मैं यहां कर रहा हूँ ताकि इसके विभिन्न महत्ता से आप भी अवगत हो सकें। वैसे तो ज्ञान, धार्मिक एवं सांस्कृतिक समागम की पवित्र भूमि प्रयागराज की महिमा, गरिमा, पूण्य प्रताप और आशीर्वाद के बारे में मैंने विभिन्न लेख में बहुत आत्मीय अनुभूति और गहन अध्ययन के साथ लिखता आया हूँ। अपनी सुदीर्घ वर्षों की साधना एवं लगभग तीन दशकों लंबे के प्रशासनिक अनुभव के बारे में विस्तार से लिखा है। जो भी समझा, उसे अपनी अल्प बुद्धि, ज्ञान और अनुभव के आधार पर लिखा और मन के उद्गार को देश-समाज हित में अभिव्यक्त किया। लिहाजा, यहां पर मैं अपने मन में प्रयागराज विश्वविद्यालय (पूर्व नाम इलाहाबाद विश्वविद्यालय), जिसे ऑक्सफोर्ड ऑफ ईस्ट यानी पूर्व का ऑक्सफोर्ड करार दिया जाता है और ऐसा ही गौरव उसे प्राप्त है, के कुछ अनछुए पहलुओं की चर्चा करूँगा। साथ ही गंगा-जमुना संस्कृति की उस तहजीब और प्रयागराज की पावन भूमि के साथ प्रयागराज की कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाली उस अपठनीय और मन को द्रवित करने वाली चुनौतियों के दृष्टिगत अपने कर्मभूमि के कार्यकाल की अकथनीय दास्तान को वर्णित करने का प्रयास किया, जो वाकई कठिन कार्य है।

मेरा स्पष्ट मत है कि यदि लेखन में अनुभूति, सत्यता और निर्भीक होकर अपने अनुभूति जन्य भावों को प्रकट करने की क्षमता का अभाव है तो ऐसा लेखन निंदनीय और अपठनीय होता है। सच कहूं तो मैंने अपने जीवन में महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला जी, जनकवि कबीर जी को जिया है, अर्थात निराला जी की योग्यता के साथ आर्थिक विपन्नता का दंश भी झेला और क्षत्रिय कुल में जन्म लेकर भी नाम के आगे टाइटिल नहीं लगाने का साइड इफेक्ट्स भी झेला। परंतु जैसे सत्य पराजित नहीं होता है, उसी प्रकार शिक्षा पर आधारित ज्ञान, योग्यता, दक्षता को भी किसी प्रकार से पराजित नहीं किया जा सकता है।

काव्यात्मक शब्दों में कहूँ तो- संपदा से कहीं अधिक जग में, मान-सम्मान की जरूरत/जरारत है, यार, मेरा ख्याल है तुझको, सिर्फ ईमान की जरुरत है। जिसने बख्शी तुम्हें बुलंदी, तुम, उसको पांवों की धूल मत समझो, खींच लेगा जमीन पर तुमको, दर्द उसका फिजूल मत समझो।

दिव्य महाकुम्भ 2025 के सफलता पूर्वक आयोजन से उपरोक्त भारतीय संस्कृति के मूल की पुन: पुष्टि हुई। क्योंकि संगम के पवित्र जल में सभी विचारधाराओं के नागरिकों ने, देश विदेश के नागरिकों ने एक ही पवित्र स्थान पर एवं पवित्र जल में आस्था की डुबकी लगाई और सभी ने अपने आप को धन्य समझा है। और मैं प्रयागराज की पवित्र भूमि पर निवासित नागरिकों को भी साधुवाद दूंगा कि मात्र 45 दिवस की अवधि में 66 करोड़ से ज्यादा अनुशासित श्रद्धालुओं के प्रयागराज में आने पर भी यहाँ के नागरिकों ने शहरी यातायात और मुलभुत सुविधाओं पर आए भारी दबाव को सहर्ष स्वीकार करते हुए श्रद्धालुओं की सेवा में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी।

मसलन यही भारत की तपोभूमि की सरकार है। अतिथि देवो भव: जिसके साक्षात् दर्शन प्रयागराज में एवं आसपास के जनपदों के नागरिकों के द्वारा कराए गए। पड़ोसी जनपद जौनपुर में तैनाती के कारण अतिथियों की व्यवस्था या अन्य प्रशासनिक कार्यों से उनकी सेवा का अवसर मुझे भी मिला, इसके लिए मैं विनम्रता के साथ अपने को अहोभाग्यशाली एवं जनसेवक मानता हूँ। ऐसा सौभाग्य मुझे सेवा के रूप में जीवनपर्यंत मिले, यही मनोकामना है। पुन: प्रयागराज वासियों की सहृदयता, सहनशीलता तथा अतिथियों के प्रति आदर-सम्मान की भावना से हृदय से सम्मान और माननीय मुख्यमंत्री योगी जी की प्रशासनिक दक्षता, राजनीतिक दूरदर्शिता, जनमानस तथा भारतीय संस्कृति के प्रति निष्ठा का कायल हूँ, क्योंकि इन सबका अनूठा संगम आपके व्यक्तित्व में प्रखरता से प्रकाश पुंज की तरह आलोकित हुआ है।



चिरंतन सत्य उक्ति है कि सत्य कभी पराजित नहीं होता है। हां, सत्य की जीत में प्रतीक्षा होती है। आज मैं ध्यान दिलाता हूँ प्रयागराज की कुछ तहजीब और हेकड़ी जनित व्यवस्था की ओर, जिसके बारे में आपको जानना समझना चाहिए।

मसलन, प्रयागराज की तहजीब और ज्ञान के प्रति अनुराग को देखना हो तो कहना न होगा कि तदसमय रिक्शा चालक भी हिंदी, अंग्रेजी और उर्दू के समस्त दैनिक पेपर (अखबार) पढ़े बिना किसी भी दाम पर सवारियों को रिक्शा पर नहीं बैठता था। आज क्या स्थिति है, मुझे मालूम एवं अनुभूति नहीं है।

वहीं, हेकड़ी की बात करूँ तो प्रत्येक शिक्षित, अशिक्षित व्यक्ति जिसको अपने बाहुबल पर अपनी सियासत और दबदबा कायम करना होता था, वह बात-बात पर अमा बम्ब दागकर चीथड़े उड़ा दूंगा कहते हुए सुना ही नहीं जाता था अपितु अनेक घटनाओं को कारित होते हुए सुना एवं देखा है। इसलिए बिना किसी का नाम अभिव्यक्त किए यह बताना पर्याप्त है। चूंकि धर्म, आस्था, ज्ञान व प्रेम की नगरी प्रयागराज में कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाने वाले %ज्ञान के सागर% अपराधी भी कई प्रकार के संरक्षण में खूब नामी-गिरामी बने रहे। वह इस शहर से चमकने वाले लेखक, शिक्षाविद, न्यायाधीश, राजनीतिज्ञ और प्रशासनिक अधिकारियों से भी ज्यादा शक्तिशाली और पॉपुलर (प्रसिद्ध) हुए। हालांकि, वर्तमान उत्तरप्रदेश सरकार में मुख्यमंत्री योगी जी के सशक्त नेतृत्व में ऐसे सभी तत्व अब पाताल वासी हो गए हैं।

वहीं, चर्चा जब प्रयागराज की हो तो इलाहाबाद के प्रसिद्ध सुपाच्य यानी पाचन योग्य और प्रोटेम रिच तथा सभी प्रकार से गुणकारी इलाहाबादी अमरूद के गुणों का उल्लेख किये बिना लेख को समाप्त करना उचित नहीं होगा। मेरी अल्प बुद्धि, ज्ञान और अनुभव से मैंने यह अनुभूति की है कि प्रयागराज की ज्ञान की प्रतिभा को आयुर्वेदिक दृष्टि से प्रौढ़ता के साथ अपने पराक्रमी रूप में छात्र-छात्राओं, योग्य सभी क्षेत्र के ज्ञानी मनीषियों के पाचनतंत्र को शुद्ध और हाजमे को उत्कृष्ट रखने के लिए इलाहाबादी अमरूद की महिमा का वर्णन भी अत्यंत महत्वपूर्ण, अति आवश्यक है।

यहाँ के गरीब छात्र-छात्राएं या आर्थिक दृष्टि से कहीं भी अभाव वाले, किसी भी क्षेत्र के नागरिकों की जीवन चर्या को एवं व्यक्तित्व को रोगमुक्त करने में इलाहाबादी अमरूद अत्यंत महत्वपूर्ण, आवश्यक रहा है। कम पैसों में यह वर्णन मेरे समय का है। अभी भी कम रुपये में वहां के नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए रामबाण और उपयोगी है और रहेगा। जिसके कारण यह अध्ययन रत छात्र-छात्राओं और माननीय न्यायाधीश, विद्वान अधिवक्ताओं, लेखकों, और शिक्षा विद राजनीतिज्ञों, कर्मकारों और सामान्य नागरिकों की जीवन चर्या का अभिन्न, कम मूल्य मिलने वाला विश्व का सबसे प्रतिष्ठित एवँ बिकने वाला फ़ल इलाहाबादी लाल अमरूद सदैव पवित्र तीर्थराज प्रयागराज की पावन भूमि पर आकर्षण का केंद्रबिंदु रहेगा।

आज की लोकतांत्रिक व्यवस्था में भारत का संविधान सर्वोपरि है। इसलिए संविधान में प्रदत्त व्यवस्था के आधार पर लोकतंत्रीय व्यवस्था का संचालन होगा। यही भारत के लिए अपरिहार्य एवं युगीन विकास का वाहक होगा। संविधान के प्रति सच्ची आस्था एवं विश्वास ही हमारे भारत वर्ष की विकास यात्रा का मार्च प्रशस्त करेगा। अन्य व्यवस्था अब गौण हो चुकी है। इसलिए जातिगत, धर्मगत, भाषागत आधार पर हम अपने राष्ट्र की उन्नति का मार्ग प्रशस्त नहीं कर सकते हैं। भारत का संविधान ही हमें कार्य के लिए बल प्रदान करता है और हमारे अधिकारों की रक्षा करता है। परंतु भारतीय संविधान हमारी पीढ़ी/नस्लों को वटवृक्ष की तरह पोषित करती है। और भारत का संविधान भी हमारी भारतीय संस्कृति से ही जीवंतता एवं शक्ति प्राप्त करता है एवं करेगा। इसलिए आवश्यक है हम ज्ञान, परिश्रम, शिक्षा, उद्योग पर, कृषि पर ध्यान देकर विकास की राह को गति प्रदान करें।

दिव्य महाकुंभ 2025 सामान्य नहीं है। इससे निकले अमृत से वैश्विक मानवता के कल्याण की भावना है। जयशंकर प्रसाद जी की कुछ मार्मिक पंक्तियां यहां उद्धृत हैं- शक्ति के विद्युत कण में, विरल विखरे हो निरुपाय, सम्भव्य उनका करो विजयिनी मानवता हो जाए।

....और यह तभी सम्भव है जब सभी ज्ञान, कर्म और विज्ञान (इच्छा) की अनुभूति को एकाकार कर कार्य करेगा। तभी तो कहा गया है कि ज्ञान दूर कुछ क्रिया भिन्न हो, इच्छा क्यों हो पूरी मन की, तीनों मिलकर एक न हो सके, यह बिडम्बना है जीवन की। दिव्य महाकुंभ 2025 ने सम्पूर्ण मानवता को दिव्यता के साथ सभी वर्गों को आस्था की डुबकी का अवसर अनेकों चुनौतियों के बावजूद योगी जी के नेतृत्व में मिला है। इसलिए यह दिव्य महाकुंभ 2025 सदैव के लिए अपनी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए मील का पत्थर बन चुका है। जय हिंद, जय भारत।

**(लेखक उत्तरप्रदेश के जौनपुर जनपद के जिलाधिकारी हैं।)**

---

# होलाष्टक में फैलती है नकारात्मक ऊर्जा

नीतिका शर्मा

होलाष्टक के दौरान ग्रहों की नकारात्मकता बढ़ने से आठ दिन तक वातावरण में नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव रहेगा। ग्रह-नक्षत्र के कमजोर होने के कारण इस दौरान जातक की निर्णय क्षमता कम हो जाती है। होलाष्टक के दौरान पूजा पाठ का विशेष महत्व होता है। होलाष्टक के समय में मौसम में बदलाव होता है, इसलिए दिनचर्या को काफी अनुशासित रखें। श्री लक्ष्मीनारायण एस्ट्रो सॉल्यूशन अजमेर की निदेशिका ज्योतिषाचार्या एवं टैरो कार्ड रीडर नीतिका शर्मा ने बताया कि पंचांग के अनुसार गुरुवार 6 मार्च को प्रात: 10:51 पर होलाष्टक आरंभ होंगे और 14 मार्च को दोपहर 12:24 पर होलाष्टक समाप्त होंगे। होलाष्टक का आरंभ 6 मार्च से हो जाएगा। होलाष्टक 6 मार्च से 14 मार्च तक लगेगा। होलाष्टक का समापन होलिका दहन के दिन हो जाता है। होलाष्टक के दौरान विवाह का मुहूर्त नहीं होता इसलिए इन दिनों में विवाह जैसा मांगलिक कार्य संपन्न नहीं करना चाहिए। नए घर में प्रवेश भी इन दिनों में नहीं करना चाहिए। भूमि पूजन भी इन दिनों में न ही किया जाए तो बेहतर है। नवविवाहिताओं को इन दिनों में मायके में रहने की सलाह दी जाती है।



ज्योतिषाचार्या एवं टैरो कार्ड रीडर नीतिका शर्मा ने बताया कि हिंदू धर्म में 16 प्रकार के संस्कार बताए जाते हैं, इनमें से किसी भी संस्कार को संपन्न नहीं करना चाहिए। होलिका दहन 13 व 14 मार्च को होली खेली जाएगी। होलाष्टक के समय विशेष रूप से विवाह, वाहन खरीद, नए निर्माण व नए कार्यों को आरंभ नहीं करना चाहिए। ऐसा ज्योतिष शास्त्र का कथन है। अर्थात् इन दिनों में किए गए कार्यों से कष्ट, अनेक पीड़ाओं की आशंका रहती है तथा विवाह आदि संबंध विच्छेद और कलह का शिकार हो जाते हैं या फिर अकाल मृत्यु का खतरा या बीमारी होने की आशंका बढ़ जाती है।

होलाष्टक को क्यों माना जाता है अशुभ

ज्योतिषाचार्या एवं टैरो कार्ड रीडर नीतिका शर्मा ने बताया कि ज्योतिष शास्त्र के अनुसार होलाष्टक के दौरान आठ ग्रह उग्र अवस्था में रहते हैं। अष्टमी तिथि को चन्द्रमा, नवमी को सूर्य, दशमी तिथि पर शनि, एकादशी पर शुक्र, द्वादशी पर गुरु, त्रयोदशी तिथि पर बुध, चतुर्दशी पर मंगल और पूर्णिमा तिथि के दिन राहु उग्र स्थिति में रहते हैं। होलाष्टक के दौरान शुभ और मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। माना जाता है कि होलाष्टक की अवधि में किए शुभ और मांगलिक कार्यों पर इन ग्रहों का बुरा असर पड़ता है, जिसका असर सभी राशियों के जीवन पर भी पड़ सकता है। इस वजह से जीवन में कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। यही कारण है कि होली से पहले इन आठ दिनों में सभी मांगलिक कार्यों पर रोक लग जाती है।

**महत्व:**-ज्योतिषाचार्या एवं टैरो कार्ड रीडर नीतिका शर्मा ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार, होलाष्टक के दौरान भगवान हनुमान, भगवान विष्णु और भगवान नरसिंह की पूजा करने का विधान है। माना जाता है कि पूजा करने से सभी समस्याएं दूर हो जाती हैं। साथ ही होलाष्टक के आठ दिनों में व्यक्ति को निरंतर महामृत्युंजय मंत्र का जाप करना चाहिए।

**क्या नहीं करना चाहिए:**- होलाष्टक के आठ दिनों तक शादी विवाह जैसे कार्य नहीं किए जाते हैं। इसके साथ ही भूमि, भवन और वाहन आदि की भी खरीदारी को शुभ नहीं माना गया है। वहीं नवविवाहिताओं को इन दिनों में मायके में रहने की सलाह दी जाती है। हिंदू धर्म में 16 प्रकार के संस्कार बताये जाते हैं इनमें से किसी भी संस्कार को संपन्न नहीं करना चाहिये। हालांकि दुर्भाग्यवश इन दिनों किसी की मौत होती है तो उसके अंत्येष्टि संस्कार के लिये भी शांति पूजन करवाई जाती है। इसके साथ ही इस दौरान किसी भी प्रकार का हवन यज्ञ कर्म भी इन दिनों में नहीं किये जाते।

**क्या करना चाहिए:**-होलाष्टक के दौरान पूजा पाठ का विशेष पुण्य प्राप्त होता है। इस दौरान मौसम में तेजी बदलाव होता है। इसलिए अनुशासित दिनचर्या को अपनाने की सलाह दी जाती है। होलाष्टक में स्वच्छता और खानपान का उचित ध्यान रखना चाहिए। इस दौरान भगवान विष्णु की पूजा करनी चाहिए। होलाष्टक में भले ही शुभ कार्यों के करने की मनाही है लेकिन इन दिनों में अपने आराध्य देव की पूजा अर्चना कर सकते हैं। व्रत उपवास करने से भी आपको पुण्य फल मिलते हैं। इन दिनों में धर्म कर्म के कार्य वस्त्र अनाज व अपनी इच्छा व सामर्थ्य के अनुसार जरुरतमंदों को धन का दान करने से भी आपको लाभ मिल सकता है।

## होलाष्टक पर करने के विशेष उपाय

**संतान के लिए**- यदि किसी कपल को संतान की प्राप्ति नहीं हो रही है तो वह होलाष्टक में लड्डु गोपाल की विधि विधान से पूजा पाठ करें। इस दौरान हवन भी करें जिसमें गाय का शुद्ध घी और मिश्री का इस्तेमाल करें। इस उपाय को करने से निसन्तान को भी संतान प्राप्त हो जाती है।

**करियर में सफलता के लिए**- यदि आप अपने करियर में तरक्की पर तरक्की चाहते हैं तो होलाष्टक में यह उपाय करें। घर या ऑफिस में जौ तिल और शक्कर से हवन करवाएं। ऐसा कर आपके करियर में आने वाली सभी बाधाएं खत्म हो जाएगी। आप जिस भी फील्ड में काम स्टार्ट करेंगे उसमें आसानी से सफलता का स्वाद चख सकेंगे।

**धन प्राप्ति के लिए**- यदि आप आर्थिक रूप से कमजोर हैं या अत्यधिक धन की कामना रखते हैं तो होलाष्टक में यह उपाय जरूर करें। कनेर के फूल, गांठ वाली हल्ती, पीली सरसों और गुड़ के द्वारा अपने घर में हवन करें। ऐसा करने से पैसों से जुड़ी सभी दिक्कतें दूर हो जाएगी। इतना ही नहीं संपत्ति से जुड़े मामलों में भी लाभ होगा।

**अच्छी हेल्थ के लिए** - अपनी अच्छी सेहत के लिए आपको होलाष्टक में महामृत्युंजय मंत्र का जाप करना चाहिए। ये जाप करने के बाद गुग्गल से हवन भी करना न भूलें। मान्यता के अनुसार ऐसा करने से असाध्य रोग से मुक्ति प्राप्त होती है।

**सुखमय जीवन के लिए**-यदि आपके जीवन में अत्यधिक दुख हैं तो होलाष्टक में हनुमान चालीसा और विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करना शुरू कर दें। इससे आपके सभी दुख समाप्त हो जाएंगे। जीवन में खुशियां ही खुशियां होगी। आपकी लाइफ सुख सुविधाओं से सज्जित होगी।

**लेखिका ज्योतिषाचार्या एवं टैरो कार्ड रीडर**

---

# सब ठीक हो जाएगा

संतोष उत्सुक

उन्होंने शपथ लेते हुए मन ही मन अपने बेहतर, अधिक समृद्ध, सामंजस्य पूर्ण भविष्य के लिए भी संकल्प ले लिया। इस बीच बेचारा पर्यावरण सोचता रहा कि उसका क्या होगा। बेरोजगार उनकी यह घोषणा सुनकर संतुष्ट हो गए कि बेरोजगारी से लड़ने के लिए डाटाबेस शीघ्र तैयार करेंगे। उधर खडी नकली बुद्धि जोर से हंस रही थी। जब उन्होंने हाथ उठाकर कहा कि जलवायु संकट से तेज़ी से निबटने का विचार किया जा रहा है तो पर्यावरण के होटों पर मुस्कराहट तैरने लगी। उन्होंने ख्वाब दिखाया कि सबके फायदे के लिए आर्थिक विकास किया जाएगा। महिलाएं इतना कहने पर खुश हो गई कि उनकी भागीदारी बढ़ाई जाएगी। हालांकि इस बीच महिला सुरक्षा काफी परेशान दिखी। असली लगने वाली नकली मुस्कुराहटों का व्यापार भी हुआ। सबसे अच्छी बात यह हुई कि सभी को लगने लगा कि सब ठीक हो जाएगा।

उनकी कुछ बातों के कारण कई ख़्वाब दिखने शुरू हुए। उन्होंने कहा कि भविष्य में अंग्रेज़ी का नुकसान होने वाला है। बहुत से लोगों को पता नहीं है कि दुनिया भर में अंग्रेज़ी बोलने वाले सिर्फ एक चौथाई हैं लेकिन अभी तक डोमेन में अंग्रेज़ी का कब्ज़ा है। उन्होंने शोरदार तरीके से कहा कि अगले हिंदी दिवस तक हम हिंदी ज्यादा बोलकर दिखा देंगे। उन्होंने कहा हम परम्परा वाले आधुनिक लोग हैं। किसी भी किस्म का मेला या उत्सव हो तो बाज़ार, दफ्तर और स्कूल बंद कर देते हैं। हम विदेशी नहीं हैं कि अपने नागरिकों को ज़रा भी परेशानी न होने दें। उनकी बातें सुनकर कई स्मार्ट शहरों का आसमान कह रहा था कि उनके बारे में भी कुछ वायदे और हो जाते तो उचित विकास के सपने तो देख लेते।




उनकी बातों में अपना चर्चा न सुनकर बेचारे वृक्ष परेशान रहे, हवा रोती रही। राष्ट्रीय हरित ट्रिब्यूनल छटपटाता रहा। उनकी कुटिल नीति ने किसी तरफ नहीं देखा। वह आत्ममुग्ध रही। कामयाबी होती ही ऐसी है। मंझे हुए खिलाड़ी हमेशा सुरक्षित खेलते हैं। उन जैसे सभी लोगों ने मोहनदास करमचंद को सादर और ज़ोरदार ढंग से पटा रखा है। उन्हें उनका आशीर्वाद मिला या नहीं इसकी पुष्टि करना असंभव है लेकिन एक संदेश ज़रूर मिला कि कूटनीति बहुत ज़रूरी है। इसे प्रयोग करोगे, खाओगे और पहनोगे तो जीवन में सब ठीक रहेगा।

ऐतिहासिक सफल नुस्खे हमेशा प्रचलित रहते हैं। राजनीति की पारम्परिक और सांस्कृतिक तकनीक खूब मदद करती है। वह युद्ध के समय को शो के ज़माने में बदल देती है। फिलहाल जलवा दिखाने का वक़्त है। नकली रोशनी के पीछे सुबकते असली अंधेरों का समय है। यह गीत ज़रूर सुनते रहना चाहिए, 'कसम ए वादे प्यार वफ़ा सब बातें हैं बातों का क्या', इस गाने पर सशक्त अभिनेता ने गज़ब अभिनय कर प्राण डाल दिए थे। बदलते रहना वक़्त की तासीर है। वक़्त उन्हें भी बदल देगा, तब सब ठीक हो जाएगा।

---

# लौंग के औषधीय गुण

हर भारतीय किचन में कई ऐसे मसाले पाए जाते हैं, जो स्वाद के साथ-साथ सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। ऐसे में आज हम आपको एक ऐसे मसाले के बारे में बताने जा रहे हैं, जो बीमारी से लेकर पूजा तक में इस्तेमाल किया जाता है। लौंग से तो आप सभी भलीभांति परिचित होंगे। लेकिन क्या आपके इसके गुणों के बारे में जानते हैं, बता दें कि लौंग कई गुणों का खजाना मानी जाती है। यह पेट की गैस, उल्टी रोकने, प्यास लगने की समस्या और कफ-पित्त दोष के लिए रामबाण है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको औषधीय गुणों के लिए मशहूर लौंग के फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं, साथ ही यह भी जानेंगे कि यह किन बीमारियों में फायदेमंद मानी जाती है।



**लौंग खाने के फायदे**- हर भारतीय घर में लौंग एक मसाले के रूप में इस्तेमाल की जाती है। डाइजेशन सिस्टम को ठीक करने के लिए आप इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। ब्लोटिंग और गैस की समस्या से भी राहत दिलाने में लौंग लाभकारी माना जाता है। यह भूख को बढ़ाने के साथ ब्लोटिंग और गैस की समस्या को ठीक करने का काम करती है। साथ ही लौंग डायरिया में भी बेहतर काम करती है। लौंग को सर्दियों के मौसम में वरदान माना जाता है। यह सर्दी और खांसी पर बेहतर तरीके से काम करती है। लौंग शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में फायदेमंद होती है। लौंग में एंटी-ऑक्सीडेंट और विटामिन सी पाया जाता है, जोकि बेहद लाभकारी होता है। इसके साथ ही लौंग डाइजेशन को ठीक करने और मुंह से आने वाली बदबू की समस्या को भी दूर करती है। लौंग मोटापे के लिए भी रामबाण है। यह शरीर में चर्बी को धीरे-धीरे पिघलाने का काम करती है।अगर कोई व्यक्ति सिरदर्द की समस्या से परेशान रहता है, तो आप लौंग का सेवन कर सकते हैं। इससे आपको फायदा मिलेगा। वहीं यह कई तरह के रोगों में भी फायदेमंद होती है। वहीं दांत में दर्द और कीड़े लगने की समस्या पर भी लौंग काफी कारगर मानी जाती है। इस समस्या में लौंग का तेल काफी ज्यादा फायदेमंद होता है। आप चाय, गर्म पानी और भोजन के अलावा ऐसे भी सीधे भी लौंग का सेवन कर सकते हैं। हड्डियों में होने वाले दर्द से भी यह निजात दिलाती है।

**ऐसे करें सेवन** - बता दें कि रात को सोने से पहले गुनगुने पानी के साथ लौंग का सेवन करना चाहिए। इससे आप खुद का कई तरह की बीमारियों से बचाव कर सकते हैं।

---

# हाई बीपी कंट्रोल करने ऐसे करें जटामांसी का उपयोग

अनन्या मिश्रा

आजकल बढ़ते तनाव, खराब डाइट, फिजिकल एक्टिविटी की कमी और लाइफस्टाइल की वजह हाई ब्लड प्रेशर या हाइपरटेंशन एक आम समस्या बन गई। कई बार लोग लंबे समय तक इस समस्या से अंजान रहते हैं। क्योंकि हाई ब्लड प्रेशर के लक्षण धीरे-धीरे सामने आते हैं। यह कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं की वजह बन सकती है। जैसे- स्ट्रोक, दिल की बीमारी और किडनी की समस्या। हालांकि पारंपरिक दवाइयों से इस स्थिति का इलाज किया जा सकता है। आयुर्वेद में हाई बीपी के इलाज के लिए नेचुरल उपाय बताए गए हैं। इन्हीं में से एक औषधि है जटामांसी, जिसका आयुर्वेद में ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने के लिए एक प्रभावी उपाय माना जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने के लिए जटामांसी का उपयोग कैसे करना चाहिए।




**हाई बीपी के लिए जटामांसी**- हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो हाई ब्लड प्रेशर को नजरअंदाज करना बेहद खतरनाक माना जाता है। अगर आप समय रहते इसको कंट्रोल नहीं करते हैं, तो यह आपको गंभीर खतरे में डाल सकते हैं। आयुर्वेद में इस समस्या को प्राकृतिक तरीकों से प्राकृतिक तरीकों से कंट्रोल करने के कई प्रभावी उपाय बताए गए हैं। जटामांसी को बालछड़ भी कहा गया है। इसको आयुर्वेद में एक जरूरी औषधि माना गया है। हाई बीपी को कंट्रोल करने में विशेष भूमिका निभाती है। हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो मार्केट में मिलने वाली जटामांसी का 90% हिस्सा नकली होता है। यह नकली जटामांसी बिना तेल के होती है और इसका प्रभाव खत्म हो जाता है। मांसपेशियों को आराम देने और मानसिक शांति प्रदान करने के लिए जटामांसी जानी जाती है। इसका इस्तेमाल बीपी को कम करने और हार्ट की हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए किया जा सकता है। अगर इसका सही तरीके से और सही मात्रा में इस्तेमाल किया जाए, तो हाई बीपी को कंट्रोल करने का नेचुरल और प्रभावी उपाय हो सकता है। जटामांसी में एंटी-हाइपरटेंसि गुण पाए जाते हैं। यह रक्त वाहिनियों को खोलने में मदद करता है और इससे ब्लड सर्कुलेशन सुचारू रूप से होता है।

**ऐसे करें जटामांसी का सेवन**- जटामांसी चूर्ण- जटामांसी का चूर्ण भी बहुत असरदार होता है। आप इसको शहद या घी के साथ ले सकते हैं। यह हाई बीपी को कंट्रोल करने में मदद करता है और आपको मानसिक शांति प्रदान करता है। आप डॉक्टर की सलाह पर इस चूर्ण का नियमित रूप से सेवन कर सकते हैं।

**जटामांसी तेल**- आयुर्वेद में इसके तेल का भी उपयोग किया जाता है। यह तनाव और चिंता को खत्म करने के लिए अच्छा होता है। इस तेल से मस्तिष्क को आराम मिलता है और मानसिक शांति मिलती है।

**जटामांसी का काढ़ा**- बता दें कि जटामांसी का काढ़ा बनाकर भी आप इसका सेवन कर सकते हैं। यह काढ़ा हाई बीपी को कम करने और शरीर को शांति देने में सहायता करता है।

---

# इलाज करवाने के बाद भी दोबारा क्यों हो जाता है कैंसर

दिव्यांशी भदौरिया

ज्यादातर लोगों में पाया गया है कि कैंसर का इलाज करवाने के बाद कैंसर बढ़ने लगता है। इससे पता चलता है कि कैंसर की कोशिकाएं दोबारा तो नहीं उभर रही हैं। कैंसर जब पूरा इलाज होने के बाद भी पैशेंट डॉक्टर के पास जाते हैं, तो उन्हें दोबारा कैंसर डर रहता है। जबकि कैंसर का इलाज पूरा हो जाता है फिर भी कैंसर होने का क्या कारण है। आइए आपको बताते हैं। दोबारा कैंसर होने के क्या कारण है?

## कैंसर सेल्स का रह जाना

एक्सपर्ट के मुताबिक कीमोथेरेपी, रेडिएशन और सर्जरी के बाद भी कुछ सेल्स शरीर में जरुर रह जाते हैं। समय के साथ यह सेल्स फिर से बढ़ने लगते हैं और दोबारा कैंसर होने की संभावना बढ़ जाती है।

## कैंसर का टाइप

कई केसेज में पाया गया है कि दुर्लभ कैंसर होने पर इसके लौटने की संभावना काफी बढ़ जाती है। जिन रोगियों को ग्लिओब्लास्टोमा (दिमाग या रीढ़ की हड्डी) कैंसर में दोबारा कैंसर होने की संभावना 90 फीसदी तक हो सकती है। सफल इलाज के बाद भी 85% मामलों में ओवेरियन कैंसर दोबारा हो सकता है।



## सही इलाज न होना

कई बार होता है कि सही इलाज होने के कारण यह भी देखा जाता है कि लोगों का पहली बार कैंसर का इलाज सही से नहीं होता है, जिसके बाद दोबारा कैंसर बढ़ने लगता है।

## दोबारा कैंसर होने के लक्षण

वजन कम होना या बढ़ना। आराम करने के बाद भी थकान महसूस होती है। गांठ बनना। सूजन होना। पाचन में कोई बड़ा बदलाव होता है।

## इलाज में क्या करें

अगर आप दोबारा कैंसर न हो, इससे बचना चाहते हैं, तो आप डॉक्टर कीमोथेरेपी, रेडिएशन, इम्यूनोथेरेपी या टारगेट थेरेपी कराने की सलाह देते हैं। जितना जल्दी हो सके कैंसर के सेल्स को खत्म किया जाएं और मरीज की जिंदगी की गुणवत्ता में सुधार हो जाएगा।

# ट्रंप ने ज़ेलेंस्की को रवैया बदलने की चेतावनी दी

वाशिंगटन,( वार्ता



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की को आज बहुत कड़े शब्दों में आगाह किया कि वह रूस यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए अपना अहम छोड़ कर रवैया बदलें और लाखों लोगों की जान का जुआ नहीं खेलें।

श्री ट्रंप ने आज यहां व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति श्री ज़ेलेंस्की का स्वागत किया और उनके साथ रूस यूक्रेन युद्ध को समाप्त कराने के मकसद से बातचीत के बाद प्रेस के साथ बातचीत में दो टूक शब्दों में श्री ज़ेलेंस्की को चेतावनी दी। पर इस बैठक का कोई परिणाम नहीं निकला।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा आज व्हाइट हाउस में हमारी एक बहुत ही सार्थक बैठक हुई। बहुत कुछ सीखने को मिला जो कि इस तरह की घृणा और दबाव में बातचीत के बिना कभी नहीं समझा जा सकता था। यह आश्चर्यजनक है कि भावनाओं के माध्यम से क्या निकलता है, और मैं निश्चित रूप से समझता हूँ कि राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की शांति के लिए तैयार नहीं हैं यदि अमेरिका शामिल है, क्योंकि उन्हें लगता है कि हमारी भागीदारी उन्हें वार्ता में एक बड़ा लाभ देती है। मैं लाभ नहीं चाहता, मैं शांति चाहता हूं। उन्होंने अपने पोषित ओवल कार्यालय में अमेरिका का अपमान किया है। हालांकि वह शांति के लिए तैयार हो तो वह वापस आ सकते हैं।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा उन्होंने (रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन) यूक्रेन के हमारे बड़े हिस्सों पर कब्जा कर लिया है। 2014 के दौरान, किसी ने भी उन्हें (श्री पुतिन को) नहीं रोका। वह बस कब्जा करते रहे। उन्होंने लोगों को... 2019 में, मैंने उनके साथ संघर्ष विराम के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने संघर्ष विराम तोड़ दिया, हमारे लोगों को मार डाला और कैदियों का आदान-प्रदान नहीं किया। आप किस तरह की कूटनीति के बारे में बात कर रहे हैं?

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा मैं उस तरह की कूटनीति के बारे में बात कर रहा हूं जो आपके देश के विनाश को समाप्त करने जा रही है। अभी, आप लोग चारों ओर जा रहे हैं और फ्रंटलाइन पर भर्ती करने के लिए मजबूर कर रहे हैं क्योंकि आपके पास जनशक्ति की समस्याएं हैं। आपको अमेरिकी राष्ट्रपति श्री ट्रम्प को धन्यवाद देना चाहिए। मैंने वास्तव में कहानियों को देखा और देखा है और मुझे पता है कि क्या होता है कि आप लोगों को लाते हैं, आप उन्हें एक प्रचारित दौरे पर लाते हैं, श्रीमान राष्ट्रपति। अमेरिका के ओवल कार्यालय में आना और उस प्रशासन पर हमला करना अपमानजनक है जो आपके देश के विनाश को रोकने की कोशिश कर रहा है।

श्री ट्रंप ने कहा आप हमें मत बताइए कि हम क्या महसूस करने जा रहे हैं। हम एक समस्या को हल करने की कोशिश कर रहे हैं। आप यह तय करने की स्थिति में नहीं हैं कि हम क्या महसूस करने जा रहे हैं। हम बहुत अच्छा और बहुत मजबूत महसूस करने जा रहे हैं। आपने खुद को बहुत बुरी स्थिति में डाला है। आपके पास अभी कोई और रास्ता नहीं हैं। आप लाखों लोगों के जीवन के साथ जुआ खेल रहे हैं। आप तीसरे विश्व युद्ध के जोखिम को लेकर जुआ खेल रहे हैं और आप जो कर रहे हैं वह आपके देश के लिए बहुत अपमानजनक है। आपने बहुत बात की है। आपका देश बड़ी मुसीबत में है। आप इस युद्ध में नहीं जीत रहे हैं। आपके पास हमारी वजह से ठीक तरह से बाहर आने का एक अच्छा मौका है। हमने आपको इस बेवकूफ राष्ट्रपति (जो बाइडेन) के माध्यम से 350 अरब डॉलर दिए। हमने आपको सैन्य उपकरण दिए हैं, और आपके लोग बहादुर हैं, लेकिन उन्हें हमारी सेना का उपयोग करना पड़ा। यदि आपके पास हमारे सैन्य उपकरण नहीं होते, तो यह युद्ध दो सप्ताह में खत्म हो जाता।

## इंडोनेशिया में भूकंप के तेज झटके

जकार्ता, (वार्ता)। इंडोनेशिया के पूर्वी मालुकु प्रांत में शनिवार तड़के भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। इंडोनेशिया के मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान एवं भूभौतिकी एजेंसी ने कहा कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.0 मापी गयी। एजेंसी ने कहा कि भूकंप के झटके जकार्ता के स्थानीय समयानुसार आज सुबह 4:58 बजे महसूस किये गये। एजेंसी के अनुसार, भूकंप का केंद्र बांडा द्वीप से 167 किलोमीटर दक्षिण- पूर्व में समुद्र तल से 158 किमी की गहराई में था। एजेंसी के अनुसार, भूकंप के तीव्र झटके बांडा नायरा द्वीप, सेंट्रल मालुकु रीजेंसी और सौमलाकी शहर, मालुकु तेंगारा बारात रीजेंसी में एमएमआई (संशोधित मर्कल्ली तीव्रता) वाले दर्ज किये गये। एजेंसी ने कहा कि भूकंप के झटके पश्चिम पापुआ प्रांत में भी महसूस किये गये, जहां सोरोंग शहर में इसकी तीव्रता द्वद्व एमएमआई दर्ज की गई। सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई, क्योंकि भूकंप इतना शक्तिशाली नहीं था कि बड़ी लहरें पैदा हो सकें।

## नीतीश-भाजपा सरकार ने 20 वर्षों में दो पीढ़ियों का जीवन बर्बाद कर दिया : तेजस्वी

पटना, ( वार्ता )

बिहार विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव ने आरोप लगाते हुए कहा है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने 20 वर्षों में दो पीढ़ियों का जीवन बर्बाद कर दिया है।



श्री यादव ने शनिवार को कटाक्ष करते हुए कहा कि बिहार में 15 साल पुरानी गाड़ी चलाने की अनुमति नहीं है क्योंकि वो ज़्यादा धुआं फेंकती है, प्रदूषण बढ़ाती, जनता के लिए हानिकारक है तो फिर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग)की 20 साल पुरानी जोड़-तोड़, पलटा-पलटी वाली खटारा सरकार क्यों चलेगी।

नेता प्रतिपक्ष ने श्री कुमार की सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि 20 वर्षों की नीतीश सरकार ने विगत 20 साल में बिहार के हर गली-हर टोला-हर गाँव में गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अपराध और पलायन रूपी भयंकर प्रदूषण फैला दिया है।उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि नीतीश-भाजपा सरकार ने 20 वर्षों में दो पीढ़ियों का जीवन बर्बाद कर दिया। अब यह सरकार बिहारवासियों पर बोझ बन चुकी है। अब इसे बदलना अति आवश्यक है। श्री यादव ने कहा कि बिहार के युवाओं ने ठान लिया है कि अब 20 साल पुरानी खटारा, जर्जर, बीमार और थकी हुई अविश्वसनीय नीतीश-राजग सरकार को हटा कर एक नई सोच, नए विज़न, नए जोश और नयी दिशा वाली युवा एवं नौकरी-रोजगार एवं विकास कार्यों को समर्पित विश्वसनीय जुनूनी सरकार को लाना है तथा नया बिहार बनाना है।

# बांग्लादेश आकर अपने लोगों को दिलाऊंगी इंसाफ

ढाका



शेख हसीना की मोहम्मद यूनुस को चुनौती, ढाका की राजनीति में मचेगी हलचल!

भारत में निर्वासन में रह रहीं बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा है कि वह जल्दी ही अपने वतन वापस जा सकती हैं। उन्होंने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस पर देश की व्यवस्था को पटरी से उतार देने का आरोप लगाया है। भारत से एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि वह ढाका लौटकर यूनुस के गैरकानूनी कामों की जांच कराएंगी और लोगों को न्याय दिलाएंगी। सबसे ज्यादा समय बांग्लादेश की पीएम रहीं हसीना ने देश में भारी विरोध प्रदर्शन और हिंसा के बाद 5 अगस्त, 2024 को ढाका छोड़ दिया था और भारत आ गई थीं।

अवामी लीग पार्टी की नेता शेख हसीना ने एक वीडियो संदेश में अपने मुल्क के लोगों से कहा, %मैं वापस आऊंगी और सबकी जांच होगी। मोहम्मद यूनुस की सरकार ने आतंकवादियों को खुला छोड़ दिया है। वे लोगों को मार रहे हैं और सड़कों पर उत्पाद मचा रहे हैं। उन्होंने बांग्लादेश के संस्थानों पर अवैध कब्जा कर लिया है। मैं वापस आकर अपने लोगों को इंसाफ दिलाऊंगी।

शेख हसीना ने यूनुस पर आतंकवादियों को छोड़ने और उनका देश के संस्थानों पर अवैध कब्जा कराने का आरोप लगाया है। हसीना ने अपने समर्थकों से वादा करते हुए कहा है कि वह ढाका लौटकर उनको न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ेंगे। हसीना ने ये संकेत भी दिया है कि वह बांग्लादेश के अगले चुनाव में अवामी लीग का नेतृत्व कर सकती हैं।

बांग्लादेश की राजनीति में आने वाले समय में कई बदलाव देखने को मिल सकते हैं। इसकी दो बड़ी वजह हैं। एक तो हसीना की ओर से बांग्लादेश वापसी के संकेत दिए गए हैं। अलावा उनके खिलाफ आंदोलन चलाने वाले छात्रों ने भी राजनीतिक पार्टी बनाने का ऐलान किया है। ऐसे में हसीना की अवामी लीग और छात्रों के दल के बीच दिलचस्प टकराव देखने को मिल सकता है।


शेख हसीना को सत्ता से बेदखल करने वाले विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व करने वाले छात्रों ने हाल ही में राजनीतिक दल बनाने का ऐलान किया है। मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार में सलाहकार बने छात्र नेता नाहिद इस्लाम ने नई पार्टी का नेतृत्व करने के लिए सरकार से इस्तीफा दे दिया है। वह इस पार्टी के संयोजक होंगे, जो बांग्लादेश के लोगों के लिए एक वैकल्पिक राजनीतिक विकल्प पेश करेगी।

## लालू यादव को 40 साल राजनीति करने के बाद आज याद आया पलायन : पीके

**पटना (वार्ता)।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने सरकार बनने के बाद पलायन रोकने के राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रयाद यादव के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि 40 वर्ष राजनीति करने के बाद श्री यादव को याद आ रहा है कि बिहार में पलायन भी रोका जा सकता है। श्री किशोर ने शनिवार को कहा कि श्री यादव ने सिर्फ इतना कहा कि पलायन रोकेंगे लेकिन यह नहीं बताया कि कैसे रोकेंगे। उन्होंने कहा, जनसुराज ने जो पांच वादे किए हैं, उनका पहले से ही गहन अध्ययन किया गया है। हम कह रहे हैं कि पलायन रोकेंगे तो हमारे पास तर्क है कि कैसे रोकेंगे। जो पूंजी बैंकों के माध्यम से बिहार से बाहर जा रही है, उसे रोक कर हम पूंजी का पलायन रोकेंगे और जब पूंजी का पलायन रुकेगा तो फिर बुद्धि का पलायन रुकेगा और फिर श्रम का पलायन अपने आप ही रुक जाएगा।

# दुनिया की सबसे बड़ी सोने की खदान, हर साल निकलता है 48 टन सोना

जकार्ता



सोने का खनन सदियों से एक बड़ा उद्योग रहा है। दुनिया के कुछ हिस्सों में सोने के बड़े भंडार हैं, जो उस क्षेत्र की समृद्धि में अहम भूमिका निभाते हैं। ऐसी ही एक सोने की खदान इंडोनेशिया के पापुआ क्षेत्र में स्थित है, जो सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी वाले इस देश की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। ग्रासबर्ग नाम की ये खदान दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे अमीर सोने की खदान है। इस खान से हर साल करीब 48 टन सोना उत्पादित करती है। इसकी बड़ी खासियत ये है कि यह सोने के साथ-साथ दुनिया की सबसे बड़ी तांबे की खदानों में से भी एक है।

ग्रासबर्ग खदान से निकाले जाने वाले अयस्क में सोने और तांबे दोनों की उच्च मात्रा होती है। ग्रासबर्ग खदान पापुआ के सबसे ऊंचे पर्वत पुंचक जया के पास स्थित है। यह पूरा क्षेत्र ही टेक्टोनिक प्लेटों के खिसकने से बना है और खनिज भंडारों से भरा हुआ है। इस खदान से बड़ी तादाद में सोना निकाला जाता है और इसका काफी बड़ा ऊपरी हिस्सा अब बंद भी हो गया है।

इंडोनेशिया की इस खदान का संचालन बहुत बड़े पैमाने पर होता है। इसमें फिलहाल के समय में करीब 20,000 लोग काम कर रहे हैं। खदान का अपना एयरपोर्ट और बंदरगाह है। इसमें कर्मचारियों के रहने के लिए आवासी परिसर, स्कूल और अस्पताल हैं। पहले इस खदान की सबसे बड़ी खासियत एक मील चौड़ा खुला हुआ गड्ढा था। हालांकि अब सतह के भंडार काफी हद तक खत्म हो चुके हैं और अंडरग्राउंड उत्पादन हो रहा है।

साल 2023 में ग्रासबर्ग ने 52.9 टन सोना (1.7 मिलियन औंस), 680,000 टन तांबा और 190 टन चांदी का उत्पादन किया। यह इसे दुनिया की सबसे बड़ी खदान बनाता है। इस खदान में अभी भी अनुमानित 40 अरब डॉलर मूल्य के सोने के भंडार मौजूद हैं। इसका मतलब है कि यह खदान आने वाले कई वर्षों तक सोने की एक प्रमुख उत्पादक बनी रहेगी।

इस खदान का इतिहास 1936 से शुरू होता है। इसी साल डच भूविज्ञानी जीन जैक्स डोजी ने यहां खनिजों की खोज की थी। हालांकि बड़े पैमाने पर खनन 1960 के दशक में शुरू हुआ। इस दशक में फ्रीपोर्ट मैकमोरन ने यहां खनन के अधिकार हासिल किए थे। इसके बाद से ग्रासबर्ग का लगातार विस्तार हो रहा है। बीते कई वर्षों से यह खदान इंडोनेशिया की सबसे मूल्यवान संपत्तियों में से एक है। इंडोनेशियाई सरकार ने कुछ समय पहले ही फ्रीपोर्ट मैकमोरन को 2041 तक खनन की इजाजत दी है।

# प्राकृतिक खेती को विस्तार देगी योगी सरकार

लखनऊ, ( वार्ता )

उत्तर प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को और विस्तार देगी। सरकार ने तय किया है कि अब सिर्फ गंगा ही नहीं स्थानीय नदियों के दोनों किनारे पर 5/5 किलोमीटर के दायरे में सिर्फ प्राकृतिक खेती होगी। इस बाबत 1886 क्लस्टर बनाए जाएंगे। सरकार इस पर 270.62 करोड़ रुपए खर्च करेगी। हाल में हुई राज्य स्तरीय कृषि समिति की बैठक में इस कार्ययोजना को मंजूरी भी मिल चुकी है। इसके पूर्व कैबिनेट में भी प्राकृतिक खेती और खेत तालाब योजना के लिए इसके पूर्व भी 1191.51 करोड़ की मंजूरी मिली थी। हाल ही में सरकार की ओर से प्रस्तुत बजट में भी नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग के तहत प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए 124 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। सरकार की योजना है कि प्रदेश में गंगा सहित सभी स्थानीय नदियों जिन जिलों से गुजरती है उनके दोनों किनारों पर एक दायरे में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन दिया जाए।

## सारण में दो युवकों की गोली मारकर हत्या

**छपरा, (वार्ता)।** बिहार में सारण जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र में दो युवकों की गोली मारकर हत्या कर दी गयी है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने शनिवार को यहां बताया कि जीएस बंगरा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के समीप से दो युवकों का शव बरामद किया गया है। दोनों युवकों की गोली मारकर हत्या की गयी है। मृतकों की पहचान मशरक थाना क्षेत्र के कवलपुरा गांव निवासी फारुख और अशरफ के रूप में की गयी है। विधि विज्ञान प्रयोगशाला और डॉग स्क्वाड की टीम को जांच के लिये बुलाया गया है।

# सीरिया में शांति क्यों नहीं चाहता इजरायल

तेल अवीव

सीरिया में बीते साल, 2024 के दिसंबर में बड़े नाटकीय घटनाक्रम देखने को मिले हैं। कई दशक से सीरिया की सत्ता पर काबिज बशर अल असद परिवार को अबु मोहम्मद जुलानी के नेतृत्व में विद्रोही लड़ाकों ने देश छोड़ने पर मजबूर कर दिया था। असद के सीरिया छोड़ने के बाद से देश में कई गुट एक-दूसरे से लड़ रहे हैं और पूरी तरह शांति नहीं लौट सकी है। इस सबके बीच इजरायल चाहता है कि सीरिया में ये अशांति जारी रहे। इजरायल अमेरिका से भी सीरिया को कमजोर और बिखरा हुआ रखने की पैरवी कर रहा है। इसमें रूस को अपने सैन्य ठिकाने सीरिया में बनाए रखने देना भी शामिल है ताकि तुर्की के बढ़ते प्रभाव का मुक़ाबला किया जा सके। इजरायली वेबसाइट यरुशलम पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में ये कहा है।

यरुशलम पोस्ट के मुताबिक, इजरायली अधिकारियों ने वॉशिंगटन को बताया है कि सीरिया के नए इस्लामी शासक उनके देश के लिए खतरा हैं क्योंकि उनको तुर्की से समर्थन मिल रहा है। इजरायली अफसरों ने इसी महीने, फरवरी में वॉशिंगटन में हुई बैठकों और बाद में अमेरिकी कांग्रेस के प्रतिनिधियों के साथ अपने देश में हुई मुलाकातों के दौरान अमेरिकी अधिकारियों को सीरिया के बारे में अपने विचार बताए हैं। यह जानकारी तीन अमेरिकी सूत्रों और इन संपर्कों से परिचित एक दूसरे व्यक्ति ने दी है।

अमेरिकी थिंकटैंक सेंचुरी इंटरनेशनल के फेलो एरॉन लुंड का कहना है कि इजरायल का बड़ा डर यह है कि तुर्की के नई सीरियाई सरकार के साथ आने से वहां हमास जैसे गुट पैदा हो सकते हैं। ऐसे में वह किसी भी कीमत पर तुर्की को सीरिया में रोकना चाहता है। सूत्रों ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन किस हद तक इजरायल के प्रस्तावों पर गंभीर है और इस पर आगे बढ़ने विचार कर रहा है या नहीं।

तुर्की को नियंत्रित करने के लिए इजरायली अधिकारियों ने अमेरिका को यह समझाने की कोशिश की है कि रूस को सीरिया के टार्टस प्रांत में अपना भूमध्यसागरीय नौसैनिक अड्डा और लटाकिया प्रांत में अपना हवाई अड्डा बनाए रखना चाहिए। ये ऐसे समय हो रहा है, जब सीरिया का नया नेतृत्व सैन्य ठिकानों को लेकर रूस के साथ बातचीत कर रहा है। इजरायल ने हयात तहरीर अल-शाम पर सार्वजनिक रूप से अविश्वास व्यक्त किया है। ।।ज्ञ्स् वही इस्लामी गुट है, जिसने असद को गिराने वाले अभियान का नेतृत्व किया था। यह एक ऐसे समूह से निकला है, जो 2016 तक अल कायदा से संबद्ध था। इजराली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हाल ही में कहा है कि उनका देश दक्षिणी सीरिया में एचटीएस से संबद्ध बलों की उपस्थिति को बर्दाश्त नहीं करेगा।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन



### मेरा करियर आलोचना के सहारे ही बना है, मैं इसका आनंद लेता हूं : जॉन

अभिनेता-फिल्म निर्माता जॉन अब्राहम का कहना है कि उनके दो दशक से अधिक लंबे करियर में उन्हें अक्सर नजरअंदाज किया गया लेकिन दर्शकों ने उन्हें आगे बढ़ाया और वह इसका सम्मान करते हैं। अब्राहम ने कहा कि वह अच्छी फिल्में करके इसका बदला चुकाना चाहते हैं। वहधूम, रेस 2, सत्यमेव जयते, ढिशूम और पठान, गरम मसाला, दोस्ताना, हाउसफुल 2, वाटर, नो स्मोकिंग, न्यूयॉर्क, मद्रास कैफे, परमाणु और वेदा जैसी अलग-अलग तरह की फिल्मों में काम कर चुके हैं। अब्राहम ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सच्ची घटनाओं पर आधारित उनकी आगामी फिल्म द डिप्लोमैट दर्शकों को बहुत पसंद आएगी। अब्राहम ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, लोग पहले कहते थे कि परमाणु मेरी पहली फिल्म है, क्योंकि मैं चार साल तक नदारद रहा था। मुझे हर दिन नजरअंदाज किया जाता है और यह ठीक है, मुझे इससे कोई परेशानी नहीं है। मेरा करियर आलोचनाओं पर आधारित रहा है और मैं इसका आनंद लेता हूं। उन्होंने कहा, मुझे आगे बढ़ाने वाली एकमात्र चीज मेरे दर्शक हैं।व्यापार जगत के लोग, निर्माता, आलोचक सभी आपको कमाई के आधार पर आंकते हैं और मैं यह सब समझता हूं, और इसका सम्मान करता हूं। यह व्यवसाय है। लेकिन जिन्होंने मुझे आगे बढ़ाया है और जीवित रखा है, वे मेरे दर्शक हैं। मैंने 'द डिप्लोमैट' उन्हीं दर्शकों के लिए बनाई है। फिल्म उद्योग के लिए कमाई के नजरिये से यह वर्ष बहुत खराब रहा और अब्राहम का मानना है कि अब बुनियादी बातों पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि किसी भी कहानी को दर्शकों के बीच पहुंचाने में पटकथा की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अब्राहम ने कहा, एक निर्माता और एक अभिनेता के तौर पर मेरा लक्ष्य सिर्फ अच्छी फिल्म बनाना और ज्यादा से ज्यादा दर्शकों तक पहुंचना है।



### जावेद अख्तर और कंगना रनौत ने मानहानि के मामले सुलझाए

दिग्गज पटकथा लेखक जावेद अख्तर और अभिनेता से मंडी से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद बनीं कंगना रनौत ने शुक्रवार को मुंबई की एक स्थानीय अदालत के समक्ष एक दूसरे के खिलाफ दायर मानहानि के मामलों में समझौता कर लिया। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने 2020 में एक दूसरे के खिलाफ दायर किए गए दो मामलों का निपटारा कर दिया। अपने वकीलों के साथ, अख्तर और रनौत स्थानीय अदालत के समक्ष पेश हुए और मामलों को सुलझाने के लिए अपनी सहमति प्रस्तुत की, जिस पर अदालत ने सहमति व्यक्त की और उनकी याचिकाओं को खारिज कर दिया।

समझौते के बाद अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर उनके साथ एक तस्वीर साझा की और लिखा आज जावेद जी और मैंने मध्यस्थता के माध्यम से अपने कानूनी मामले (मानहानि मामले) को सुलझा लिया है। जावेद जी बहुत दयालु हैं। उन्होंने मेरी अगली निर्देशित फिल्म के लिए गीत लिखने पर भी सहमति व्यक्त की। कंगना हाल ही में निर्देशक बनी हैं क्योंकि उनकी फिल्म इमरजेंसी जनवरी में रिलीज़ हुई थी, जिसमें उन्होंने इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई थी।

### एक समय सलमान खान गोविंदा से हो गए थे इनसिक्योर

गोविंदा के भांजे एक्टर विनय आनंद ने हाल ही में एक बड़ा खुलासा किया है। सलमान खान ने उनेक मामा और एक्टर गोविंदा के खिलाफ उनसे क्या कहा था। आपको बताते चलें कि विनय आनंद दिल ने फिर याद और आमदनी अठन्नी खर्चा रुपैया जैसी फिल्मों में काम किया। बता दें कि, विनय आनंद गोविंदा के काफी करीब रहे, बल्कि सलमान खान के साथ भी काफी अच्छा बॉन्ड रहा है। अब बताते विनय आनंद ने क्या कहा इंटरव्यू में, सलमान ने एक बार विनय से गोविंदा के बारे क्या कहा था? इंटरव्यू के दौरान सिद्धार्थ कनन ने पूछा कि लोग कहते हैं कि सलमान और गोविंदा अच्छे दोस्त हैं और कुछ लोग ये भी कहते हैं कि सलमान पार्टनर फिल्म के दौरान गोविंदा को रोल दिया था, वो काट दिया क्योंकि उन्हें लगा कि गोविंदा उन्हें स्क्रीन पर खा रहे थे। इसका जवाब विनय दिया कि, नहीं, मुझे नहीं लगता कि सलमान खान को गोविंदा जी का रोल कटवाने की जरुरत है, क्योंकि जब सलमान भाई ने गोविंदा के साथ फिल्म की, वो बहुत बड़े सुपरस्टार थे। उस समय वो नंबर वन स्टार थे उस वक्त। अगर सलमान भाई के अंदर गोविंदा के लिए इनसिक्योरिटी होती, तो वे पार्टनर नहीं बनते। आगे इंटरव्यू में विनय आनंद ने बताया कि, आप सलमान खान साहब के इंटरव्यूज देख लो। वो खुद ही कहते है कि हिंदूस्तान में दो ही बड़े स्टार्स हैं, उनमें से एक गोविंदा हैं। इससे बड़ी बात क्या ही होगी। मैं तो सलमान भाई से मिला था, तो वह कुछ चीजें गोविंदा के खिलाफ यही कहते थे कि यार गोविंदा सोचता बहुत है कुछ चीजें करने के लिए।








# शक्ति धाम दरबार में मां दुर्गा देवी प्राण प्रतिष्ठा आयोजन प्रारंभ

## नगर में निकली भव्य कलश शोभायात्रा

**गाडरवारा ( स्वतंत्र मत )।** स्थानीय पलोटन गंज शक्ति धाम दरबार में धर्म की गंगा बह रही है । नगर की आस्था का प्रतीक शक्ति धाम दरबार में मां दुर्गा देवी प्राण प्रतिष्ठा एवं शतचंडी महायज्ञ अनुष्ठान संगीतमय श्रीदेवी पुराण का विशाल आयोजन शक्ति धाम परिवार द्वारा 1 मार्च से प्रारंभ होकर 7 मार्च तक किया जा रहा है प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 6 तक मंदिर परिसर कथा स्थल पर प्रवचन कथावाचक पंडित दीनबंधु शरण शर्मा श्री धाम वृंदावन के मुखारविंद से होंगे । यज्ञ आचार्य पंडित भगवान दास जी शास्त्री इंदौर के सानिध्य में महायज्ञ अनुष्ठान किया जा रहा है ।

### नगर में निकली भव्य कलश शोभा यात्रा

शक्ति धाम परिसर से धर्ममय वातावरण के साथ हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में विशाल कलश शोभा यात्रा निकाली गई जो पानी की टंकी , महावीर भवन, शक्ति चौक, शुक्रवारा बाजार, पुराना बस स्टैंड, जवाहर गंज, बड़ा सराफा, झंडाचौक,चौकी, चाव?ी होते हुए वापस शक्तिधाम मंदिर परिसर पहुची वहा पर शोभा यात्रा का समापन किया गया । शोभा यात्रा में भक्ति भाव के साथ माता रानी की आराधना में लीन होकर हजारो की संख्या में मातृशक्ति सर पर कलश लेकर श्रद्धा भाव के साथ चल रही थी ।

### जगह-जगह की गई पुष्प वर्षा

नगर के प्रमुख मार्गो से वाहन पर सवार देवी मां की प्रतिमा एवं विभिन्न झांकियां के साथ निकली विंशाल कलश शोभा यात्रा का जगह-जगह धर्मप्रेमी जनों ने फूल माला च?ाकर, पुष्प वर्षा करते हुए श्रीफल भेंटकर अभूतपूर्व स्वागत किया इसके साथ ही कई स्थानों पर प्रसाद,शीतल पेयजल का वितरण किया गया । शुक्रवारा बाजार मार्ग पर मुस्लिम समाज द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया ।

### झांकिया रही आकर्षण का केंद्र बिंदु

जगत जननी मातारानी की शोभा यात्रा में सबसे आगे घोड़े पर सवार श्रद्धालु धर्म ध्वज लेकर चल रहे थे डी जे एवं बेंड बाजो पर युवा वर्ग उत्साह के साथ माँ जगदम्बे के जयकारे लगाते हुए नृत्य करते हुए दिखाई दिए, आदिवासी ढोल का अलग ही आकर्षण रहा, पंजाबी अखाड़े के युवाओं ने हेरत अंगेज करतब दिखाकर सभी का मनमोह लिया , शोभायात्रा वाले मार्ग पर रंगोली सजी हुई दिखाई दी, भस्म रमैया की शानदार प्रस्तुति काबिले तारीफ रही, ढोल पर घोड़े का नृत्य मनमोहक लगा, हनुमान जी की झांकी एवं भगवान भोलेनाथ की नृत्य करती हुई चलित झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र बिंदु रही । धार्मिक भजनों पर नृत्य करते हुए कलाकारों की शानदार प्रस्तुति प्रशंसनीय रही ।

शोभायात्रा में धर्म प्रेमी जनता, जनप्रतिनिधि, गणमान्य जन, सभी वर्ग के लोग बड़ी संख्या में शामिल रहे । शक्तिधाम परिवार ने शोभा यात्रा में शामिल शहर की धर्मप्रेमी जनता के प्रति आभार जताते हुए सभी से 7 मार्च तक चलने वाले भव्य धार्मिक आयोजन में उपस्थित होने की अपील की है ।

# वाटरशेड यात्रा अभियान कार्यक्रम 3 से 8 मार्च तक

### वाटरशेड यात्रा अभियान का आयोजन जनपद पंचायत चांवरपाठा, नरसिंहपुर व चीचली की ग्राम पंचायतों में होगा

नरसिंहपुर ( स्वतंत्रमत )

संचालक राजीव गांधी जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन मिशन भोपाल के निर्देशानुसार वाटरशेड यात्रा अभियान का आयोजन वाटरशेड विकास घटक, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत चयनित ग्रामों में किया जाना है। इसका उद्देश्य विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन कर जनप्रतिनिधियों व स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक ग्रामीणों तक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना- वाटरशेड विकास 2.0 परियोजना की उपयोगिता, किये गये कार्यों, इनके परिणामों और इनसे ग्रामीणों को प्राप्त हुए लाभों के बारे में जागरूकता व सहभागिता को बढ़ावा देना है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री दलीप कुमार ने बताया कि वाटरशेड यात्रा अभियान के मुख्यत- दो घटक होंगे। पहले घटक के अंतर्गत परियोजना के सभी ग्रामों में विभिन्न प्रचार- प्रसार तथा जन जागरूकता गतिविधियों व कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। दूसरे घटक के अंतर्गत परियोजना क्रमांक एक जनपद पंचायत चांवरपाठा की ग्राम पंचायत भामा, मनकापुर, ग्वारी व भौंरा में 3 एवं 4 मार्च को, परियोजना क्रमांक 3 जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत डोंगरगांव, मुर्गाखेड़ा, अमोदा व कुरेला में 5 व 6 मार्च को और परियोजना क्रमांक 2 जनपद पंचायत चीचली की ग्राम पंचायत बारहाबड़ा, देवरी, बसुरिया व बारछी में 7 व 8 मार्च को योजना के विभिन्न आयामों को समाहित कर सम्पूर्ण अभियान का समापन किया जायेगा। वाटरशेड यात्रा अभियान के लिए जिला स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रमुख समन्वयक होंगे। परियोजना स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय घटन की विभिन्न गतिविधियों व कार्यक्रमों के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं प्रोजेक्ट लीडर जनपद पंचायत नोडल अधिकारी होंगे। जिला परियाजना अधिकारी वाटरशेड तथा परियोजना के सभी डब्ल्यूडीटी सदस्य- विकासखंड परियोजना समन्वयक सम्पूर्ण अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों व गतिविधियों के आयोजन के लिए उत्तरदायी होंगे। वाटरशेड यात्रा अभियान के अंतर्गत वाटरशेड परियोजनाओं के कार्य क्षेत्र में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों व गतिविधियों में अन्य विभागों यथा कृषि विज्ञान केन्द्र, जल संसाधन विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, नेहरू युवा केन्द्र, जनअभियान परिषद, मप्र राज्य आजीविका मिशन, स्कूल शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग एवं संबंधित विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी- कर्मचारी भी प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से अपनी भूमिका के साथ स्वयं अथवा अधीनस्थों के साथ सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक, चित्रकलां, निबंध प्रतियोगिता, सचित्र दीवार लेखन, नारे लेखन, पानी की रैली, लोकगीत, लोकनृत्य की प्रस्तुति, परियोजना के कार्यों, प्रभावों का प्रस्तुतीकरण, कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन, प्रचार वेन के भ्रमण एवं अन्य गतिविधियों के लिए संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी एवं संबंधित ग्राम पंचायत/ वाटरशेड समितियों के डब्ल्यूडीटी सदस्य- विकासखंड परियोजना समन्वयक को आयोजन प्रभारी का दायित्व सौंपकर नियुक्त किया गया है।

## नगर के युवा सचिन का रियलिटी शो दूरदर्शन पर



**करेली।** क्षेत्रीय संस्कृति व परंपराओं को युवाओं से जोड़ने रियलिटी शो के माध्यम से बुंदेलखंडी गीतों को प्रोत्साहित करने नगर के होनहार युवा सचिन परिहार का रियलिटी शो सिंफनी ऑफ़ इंडिया का प्रसारण 3 मार्च 2025 को शाम 6 बजे डीडी नेशनल दूरदर्शन पर टेलीकास्ट होने जा रहा है। जिसमें सचिन परिहार द्वारा बुंदेलखंडी गीत एवं हिंदी भजन बॉलीवुड गानों की प्रस्तुति दी है। नगर पालिका करेली में पदस्थ रामकुमार जाटव के पुत्र सचिन को प्रोत्साहित करने सभी क्षेत्रीय जनों से प्रसारित कार्यक्रम देखने अपील की गई है।



## धार्मिक कार्यों में अग्रणी भूमिका के जाट युवा मोर्चा की सराहना

**नरसिंहपुर।** राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन के कार्यक्रमो में जाट युवा मोर्चा के सदस्यों ने बागेश्वर धाम पहुंचकर संत धीरेंद्र शास्त्री का आशीर्वाद लिया एवं उक्त कार्यक्रम में अपनी सेवाएं दी। जाट युवा मोर्चा के सदस्यों ने बागेश्वर धाम में उक्त कार्यक्रमो में दिए गए दायित्व का निर्वाहन करते हुए 11000 रुपए की राशि भी संत धीरेंद्र शास्त्री को सौंपी। बागेश्वर धाम के महाराज संत धीरेंद्र शास्त्री ने जाट युवा मोर्चा की सराहना करते हुए कहा कि मोर्चा के सदस्य हमेशा धार्मिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते हैं।

# अर्चना जाट ने निष्ठा और ईमानदारी से किया कार्य




सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित

**नरसिंहपुर।** आज के समय में जब शिक्षा और समाज दोनों के स्तर पर लगातार बदलाव आ रहे हैं, ऐसे में कुछ व्यक्तित्व हैं, जो अपने कार्य से न केवल एक नई दिशा देते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनते हैं। श्रीमती अर्चना जाट उन गिनती के व्यक्तित्वों में से एक हैं, जिन्होंने अपनी पूरी जीवन यात्रा में शिक्षा क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और अपनी शासकीय सेवा के दौरान अनगिनत छात्रों की जिंदगी को संवारने में अहम भूमिका निभाई।उक्त बात ग्राम कपूरी के शासकीय विद्यालय में पदस्थ शिक्षिका अर्चना जाट के सेवानिवृत्ति पर आयोजित विदाई समारोह में उनके साथी सहयोगी शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने कही। सभी ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज जब वह अपने सेवा के 42 वर्षों की शानदार यात्रा को समाप्त कर रिटायर हो रही हैं, तब हमें यह समझने का अवसर मिलता है कि एक शिक्षक का कार्य केवल पढ़ाना नहीं होता, बल्कि वह बच्चों के जीवन को आकार देने, उन्हें समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाने और उन्हें सच्चाई, ईमानदारी और मेहनत की राह दिखाने का कार्य भी करता है। श्रीमती जाट ने ठीक इसी तरह से अपने विद्यार्थियों के साथ व्यवहार किया। उन्होंने न केवल शिक्षा दी, बल्कि उन्हें हर क्षेत्र में उत्कृष्टता की प्रेरणा दी। शिक्षकों एवं उपस्थित गणमान्य नागरिको ने कहा कि शिक्षक के रूप में अर्चना जाट की समर्पित सेवा ने शिक्षा विभाग को भी गौरांवित किया है । वे न केवल एक शिक्षिका थीं, बल्कि एक मार्गदर्शिका भी थीं । उनके द्वारा निभाया गया यह दायित्व साक्षात एक सामाजिक सेवा था, जो किसी भी समाज की नींव को मजबूत करने में सहायक होता है। आज जब श्रीमती अर्चना जाट जी सेवा निवृत्त हो रही हैं, तो यह समय केवल उनके लिए ही नहीं, बल्कि सभी उनके संपर्क में रहे लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। उनके कार्यों और प्रयासों को संबंधित हमेशा याद रखेंगे। समारोह में उपस्थित लोगों ने शुभकामनाएं देते हुए आगे कहा कि वे अच्छे स्वास्थ्य के साथ खुशहाल जीवन बिताएं। अब रचनात्मक और सामाजिक कार्यों में सकारात्मक भूमिका निभाएं। जिससे उनके अनुभव का लाभ समाज को मिल सके। कार्यक्रम में सेवानिवृत हो रहीं शिक्षिका अर्चना जाट ने सेवाकाल के दौरान मिले सहयोग और मार्गदर्शन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो भी दायित्व दिए गए उन्होंने कोशिश की कि पूरी निष्ठा के साथ उसे करें।

उक्त मौके परजिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यौहार, नंदकिशोर शर्मा, उमेश दुबे, राजेश पाराशर, सुषमा गढ़ेवाल, अनीता दीक्षित, अंजना ठाकुर, राजेश शर्मा, ,वहीदा बेग, संकुल प्राचार्य महेश कतिया, समस्त संकुल स्टाप , बीडी यादव, जनशिक्षा के नृपेंद्र शर्मा, अरुण शर्मा, श्योकुमार कुमार जाट, कमलेश जाट, रश्मि वर्मा, अतुल शर्मा, हेमवती मेहरा, सुशीला श्रीवास्तव, अनीता शर्मा, हरिओम जाटव, सीमा कोर, अंजना जाट,रश्मि जाट, रेवाराम जाट के अलावा बड़ी संख्या में उनके शुभचिंतक, शिक्षक, शिक्षिका, शुभचिंतक एवं परिवारजन मौजूद रहे।

## जनअभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त नागर अल्प प्रवास पर नरसिंहपुर आए

### जिले में ग्राम विकास के विविध आयामों पर कार्यों की ली जानकारी

नरसिंहपुर ( स्वतंत्रमत )

मप्र जनअभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त श्री मोहन नागर जबलपुर भ्रमण के दौरान अल्प प्रवास पर नरसिंहपुर पहुंचे। यहां जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद श्री जयनारायण शर्मा एवं विकासखण्ड समन्वयकों से मुलाकात की। श्री नागर ने परिषद के ग्राम विकास के विविध आयामों पर कार्य कर रही नवांकुर संस्थाओं व ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के कार्यों की प्रगति के साथ परिषद के अधिकारी-कर्मचारियों व मैदानी अमले की जानकारी ली। श्री नागर ने वर्तमान में मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के सम्पूर्ण मैदानी अमले के माध्यम से स्थानीय जन सहभागिता से प्रदेश के सभी विकासखण्डों में सेक्टर के एक ग्राम का चिन्हांकन कर ग्राम के स्थानीय सहभागिता व संसाधनों के आधार पर आदर्श ग्राम बनाया जाये। उन्होंने शासन की योजनाओं की जानकारी को आमजनों तक पहुंचाने व उनका प्रचार-प्रसार, नशामुक्ति के लिए नागरिकों को जागरूक करने, गौ संरक्षण व संवर्धन, ग्राम में पौध नर्सरी की स्थापना व संचालन, ग्राम सुरक्षा व स्वावलंबन के साथ ग्राम विकास एवं ग्रामोत्सव के कार्यक्रमों के आयोजन के माध्यम से स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देने जैसे कार्यों को स्थानीय परिस्थितियों व आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए करने के लिए निर्देशित किया।

## रमजान प्रारंभ पहला रोजा आज



**गाडरवारा ( स्वतंत्र मत ) ।** मुस्लिम समाज का पवित्र त्यौहार रमजान मुबारक आज से प्रारंभ हो गया है रमजान के पूरे महीने 30 दिन के रोजे रखकर मुस्लिम समाज के लोग अल्लाह की इबादत करते हैं । सुबह शहरी के बाद रोजेदार रोजा रखकर दिनभर नमाज प?ते हुए तिलावत कर शाम को मगरिब की अजान होते ही रोजेदार इफ्तार करते है । रमजान का चांद दिखते ही मस्जिदों में तराबीह पढ़ाई जाने लगी है । नगर की सभी मस्जिदों में रमजान मुबारक को लेकर बेहतर इंतजाम किए गए हैं । शाम को मस्जिदों में इफ्तार के वक्त का माहौल देखने काबिल रहता है सभी मस्जिदों में खुशनुमा अंदाज में सामुहिक रोजा अफ्तार किया जाता है मस्जिदों में रोजा इफ्तार की सामग्री अलग अलग किस्म के पकवानों के रूप में भेजी जाती है रमजान के चलते नगर में इफ्तार सामग्री की दुकाने भी सजने लगी है । मुस्लिम समाज के लोग रमजान में काफी खुश नजर आ रहे है । जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष अबरार खान ने नगर पालिका परिषद से रमजान के त्यौहार को लेकर सभी मस्जिदो के आसपास, मुस्लिम इलाको में समुचित साफ सफाई एवं हेलोजिन लाइट लगाने का आग्रह किया है ।

# एनटीपीसी-विंध्याचल द्वारा 4 कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर दी गई भावभीनी विदाई

सिंगरौली ( स्वतंत्रमत )




एनटीपीसी-विंध्याचल परियोजना मे दिनांक 28.02.2025 को अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात कुल 04 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी इस प्रकार से हैं : - श्री रमेश कुमार द्विवेदी, उप प्रबंधक (एडीएम), श्री परशुराम, अभियंता/ एसएलपीएस (एमएम टीएमडी), श्री अकबाल बहादुर सिंह, अभियंता / एसएलपीएस(प्रचालन) एवं श्री प्रहलाद प्रसाद साहू, प्रचालक(मानव संसाधन) । एनटीपीसी-विंध्याचल प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का सम्मान परियोजना के उमंग भवन के सभागार में किया गया। स्वागत की कड़ी में महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री संजीब कुमार साहा नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। साथ ही परियोजना की यूनियन/एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी पुष्पमाला पहनाकर अतिथि कर्मचारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री संजीब कुमार साहा नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी-विंध्याचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में आपके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और एनटीपीसी-विंध्याचल सदा ही आपकी सेवा के लिए आपका कृतज्ञ रहेगा। साथ ही सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपने जीवन की नई पारी की नए सिरे से शुरुआत करने हेतु शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इसी कड़ी मे विभागाध्यक्षों ने भी सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। सम्मान की कड़ी में सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री संजीब कुमार साहा एवं अन्य महाप्रबंधकगणों द्वारा श्री फल, शाल एवं स्मृति-चिन्ह से सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को एनटीपीसी मे उनके द्वारा दी गई दीर्घ सेवाओं के लिए दीर्घ सेवा प्रमाण-पत्र आदि भी प्रदान किया गया । तत्पश्चात सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों ने बारी-बारी से एनटीपीसी से जुड़ी अपनी यादों को साझा किया। सभी नें एनटीपीसी में अपने बिताए समय को अविस्मरणीय कहा । उन्होने कहा कि उनकी पहचान एनटीपीसी के कारण ही बनी है और वे अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते हैं। इसी के साथ सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों ने सभी सहकर्मियों को उनके सहयोग एवं सानिध्य के लिए विशेष तौर से धन्यवाद दिया। इस अवसर पर महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोशिएशन के प्रतिनिधिगण, सेवानिवृत होने वाले विभाग के कर्मचारीगणों के साथ-साथ एवं उनके परिवार जन भी उपस्थित रहे। अभिनंदन समारोह का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्रबन्धक(मानव संसाधन) श्रीमती पुर्णिमा चतुर्वेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में इस क्षण को अविस्मरणीय बनाने के लिए सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों के साथ साथ, मुख्य महाप्रबंधक एवं अन्य महाप्रबंधकगणों के साथ एक सामूहिक एवं सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की व्यक्तिगत फोटोग्राफ भी ली गई।

## बांधवगढ़ के तीन गांवों में बाघ की दहशत से ग्रामीण परेशान...!



### मवेशियों को बना रहा शिकार, पेट्रोलिंग टीम तैनात

उमरिया ( स्वतंत्रमत )।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के मानपुर बफर क्षेत्र में बाघ की गतिविधियों से ग्रामीण भयभीत हैं। रिजर्व के तीन गांव मझखेता, मढ़उ और देवरी में बाघ लगातार दिखाई दे रहा है। बाघ ने गांव के मवेशियों को नुकसान पहुंचाया है। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम सक्रिय हो गई है। विभाग ने गांवों में आठ ट्रैप कैमरे लगाए हैं। बाघ की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए दिन-रात पेट्रोलिंग टीम भी तैनात की गई है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के अधिकारी ग्रामीणों के साथ बैठकें कर रहे हैं। उन्हें सतर्क रहने की हिदायत दी जा रही है। ग्रामीणों को बाघ की गतिविधियां दिखने पर तुरंत टीम को सूचित करने को कहा गया है। साथ ही अकेले जंगल न जाने और रात में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के सहायक संचालक बी.एस. उप्पल ने बताया कि वन विभाग की टीम पूरी तरह सतर्क है। ट्रैप कैमरों और पेट्रोलिंग टीम के माध्यम से बाघ की हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जा रही है।



## मानपुर में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम संपन्न

**उमरिया ( स्वतंत्रमत )।** भारतीय रिजर्व बैंक के मार्गदर्शन में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम मानपुर जनपद पंचायत सभा कक्ष में आयोजित किया। कार्यक्रम में आरबीआई से आये अधिकारी राम नागर, एलडीएम सेवकराम ने उपस्थित महिलाओं को बचत कैसे करे,सामाजिक सुरक्षा के लाभ के साथ साथ सायबर फ्रॉड से कैसे बचे,ऋण लेकर अपने परिवार को समृद्ध कैसे करे अनेकों बैंक की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला पंचायत उमरिया से राज्य आजीविका मिशन विभाग के माधुरी शुक्ला ,कामना त्रिपाठी,एवं भारतीय स्टेट बैंक शाखा मानपुर के शाखा प्रबंधक एवं फील्ड ऑफिसर उपस्थित रहे।कार्यक्रम भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह मना रही है जिसमे इस वर्ष का थीम वित्तीय साक्षरता.समृद्ध नारी है जिसमे देश की महिलाओं को समृद्ध करना मूल उद्देश्य है।

## सेवा भारती उमरिया की पहल से दो यूनिट रक्त का किया गया दान



**उमरिया ( स्वतंत्र मत )।** शनिवार 1 मार्च को सेवा भारती उमरिया की पहल से दो यूनिट रक्तदान किया गया है। सेवा भारती के माध्यम ये जानकारी मिली की जिला अस्पताल मे एनीमिया मरीज सावित्री गौतम जिनका ब्लड 3 पांइट है जिन्हे ब्लड की अत्यंत आवश्यकता है उन्हें कृष्ण राज जी भाई साहब ने बी पोजेटिव ब्लड दिया और उनको ब्लड चढ़ाया गया वही अन्य मरीज फनीराम यादव हरवाह को ऑपरेशन के लिए ए पॉजिटिव ब्लड की आवश्यकता थी जिसे अंशुल यादव ने एक्सचेंज मे बी पॉजिटिव ब्लड दिया जिससे दोनों मरीजो को रक्त चढ़ाया गया। जिला सचिव अखिलेश त्रिपाठी ने दोनों दान दताओं का आभार ब्यक्त किया और समाज से भी आग्रह किया की लोगो को आवश्यकता पढ़ने पर रक्तदान जरूर करना चाहिए। रक्तदान महादान के समान है रक्तदान दान देने से लोगो के शरीर मे स्फूरती आती है साथ ही कई प्रकार के लाभ भी मिलता जिससे दान देने वाले व्यक्ति लाभान्वित होते है। रक्तदान देने से कई लोगो की जान बचाई जा सकती है। रक्तदान करते समय जिला प्रचारक हरिनारायण जी भाईसाहब, चंद्रकांत जी, डॉ संदीप सिंह, शुभम तिवारी, अभिनाश यादव उपस्थिति रहे।

# महापौर की पहली प्राथमिकता थी जगन्नाथ सड़क चौड़ीकरण

## अंततः आ गया वो दिन : घंटाघर सड़क पर शुरू हुआ डामलीकरण, बनने लगी 12 मीटर चौड़ी सड़क





कटनी ( स्वतंत्रमत )।

घंटाघर से चांडक चौक सड़क के डामरीकरण का कार्य शुरू हो गया। लंबे समय से क्षेत्र के लोगों को इस बात का इंतजार था, कि चौड़ीकरण के साथ व्यवस्थित सड़क की सौगात मिले। नगर निगम तमाम औपचारिकताओं को पूरा करते हुए अब डामरीकरण की ओर बढ़ चुका है। अब कोई अड़चन नहीं आई तो संभवतः डेढ़ से दो माह में चौड़ीकरण के साथ पूरी सड़क बन जाएगी। इस सिलसिले में मेयर प्रीति सूरी ने बताया कि जहां 12 मीटर तक चौड़ीकरण हो गया है और लोगों ने अपने निर्माण हटा लिए हैं वहां डामरीकरण का काम शुरू कर दिया गया, ताकि लोगों को जल्द से जल्द राहत मिल सके। फिलहाल दौलती देवी धर्मशाला के पास से 12 मीटर सड़क निर्माण चल रहा है। चांडक चौक की ओर भी जल्द डामरीकरण पहुंच जाएगा। गौरतलब है कि इस मामले में नगर निगम परिषद की बैठक में यह सहमति बनी थी। कि चौड़ीकरण के साथ मजबूत सड़क बने। यह मामला सदन से लेकर विधानसभा तक पहुंचा। पर देर सबेर ही सही, लोगों को अब अच्छी और चौड़ी सड़क की सौगात मिलने जा रही है। इस मुद्दे को लेकर क्षेत्र के लोगों द्वारा आंदोलन और सड़क जाम जैसे प्रदर्शन भी किए गए। विधायक संदीप जायसवाल भी चौड़ीकरण के साथ सड़क निर्माण के पक्षधर थे, किंतु उन्होंने विधानसभा में तात्कालिक राहत के लिए मार्ग में डामरीकरण की एक लेयर बिछाने की बात कही थी। उधर महापौर और एमआईसी इस पक्ष में थी कि चौड़ीकरण के साथ 12 मीटर की सड़क लोगों को मिले। महापौर प्रीति सूरी ने सड़क निर्माण का निरीक्षण भी किया। इस दौरान एमआईसी सदस्य और नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

# शासकीय शिविर में राहत समर्पण सेवा समिति ने भी लगाया कैम्प

कटनी ( स्वतंत्रमत )



विजयराघवगढ़ कैमोर विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का 7 दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर 22 फरवरी से 28 फरवरी तक ग्राम हरैया तहसील बिजराघवगढ़ में लगाया गया था जिसका 28 फरवरी को भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। सात दिवसीय शिविर के दौरान छात्राओं द्वारा ग्रामीण जनों को रैली निकाल कर, सोख्ता गड्ढा बना कर, नुक्कड़ नाटक एवं नारा लगाकर, दीवार लेखन कर, वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, बाल संरक्षण, बाल अपराध, नशा मुक्ति, मतदाता जागरूकता माय भारत पोर्टल रजिस्ट्रेशन, स्वच्छता विभिन्न जागरूक किया गया, शिविर के दौरान ही राहत समर्पण सेवा समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कैमोर विज्ञान महाविद्यालय कैमेर के द्वारा विशाल निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 150 ग्रामीण जनों का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया तथा दवाइयां एवं चश्मा निशुल्क प्रदान की गई, 28 फरवरी को समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बीडीसी मेंबर स्नेह लता लोधी, विशिष्ट अतिथि सरपंच मुंडी बाई सचिन इंद्रपाल पटेल, रोजगार सहायक अजय कचेर, समाजसेवी कृष्ण पाल सिंह, चंदा महाराज, काशी प्रसाद पटेल विकास जायसवाल, अंकुर नामदेव महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एमपी स्वर्णकार सहायक प्राध्यापक, स्तर दया, नीलांचल मिश्रा, वैशाली गुप्ता, जयप्रकाश नामदेव, रजनी वर्मा एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार पटेल तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही, समापन कार्यक्रम के दौरान छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, अतिथियों द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र, मेडल एवं पुरस्कार प्रदान किए गए अंत में आए हुए अतिथियों का राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सम्मान किया गया।

# सनशाइन एकेडमी समदरिया में समर कैंप के दौरान डिस्को पार्टी का आयोजन

कटनी ( स्वतंत्रमत )

सनशाइन एकेडमी समदरिया में समर कैंप के दौरान डिस्को पार्टी का आयोजन किया गया। जिसके चलते बच्चों ने बहुत ही आनंद के साथ गतिविधियों में भाग लिया, डिस्को पार्टी के दौरान बच्चों को तरह तरह की आनंददात्मक गतिविधियां कराई गई। बच्चों के लिए तरह तरह के थीम वाली पार्टी गेम्स जैसे डांस ऑफ, डिस्को ट्विस्टर, डिस्को मास्टर इत्यादि। साथ ही बच्चों की पार्टी के दौरान उनके नृत्य के समय प्लेलिस्ट भी चयनित करी गई। पसंदीदा धुनों पर गाने से लेकरए डांस-ऑफ में प्रतिस्पर्धा करने और महाकाव्य खेल खेलने तक, डिस्को थीम वाली पार्टी सभी उम्र के बच्चों के लिए कालातीत और बढ़िया है। आज के दिन सभी बच्चे उत्साह के साथ अपनी सुंदर-सुंदर पोशाकों में उपस्थित रहे। बच्चों ने फ्रीज डांस का बड़ा आनंद लिया जिसमें बच्चों को समूह में नृत्य व अन्य गतिविधियों से अवगत कराया। इस डिस्को पार्टी में बच्चों ने अपने मित्रों व शिक्षिकाओं के साथ बहुत ही आनंद लिया। बच्चों के लिए डिस्को पार्टी का भी



एक अपना महत्व है, जिसमें बच्चे सामूहिक रूप से अपने मित्रों के साथ आनंद लेते है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की निर्देशिका जूही जैन विद्यालय में उपस्थित रही साथ ही बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करी।

# होली पर्व पर कटनी होकर चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

## 5 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन से यात्रियों को मिलेगी सुविधा

कटनी ( स्वतंत्रमत )




रेल प्रशासन द्वारा होली त्यौहार में अतिरिक्त यात्री यातायात को लीयर करने के उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेलवे से 5 जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से इस होली स्पेशल ट्रेनों के आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है। इन स्पेशल ट्रेनों की संक्षिप्त जानकारी निम्न है। जानकारी के मुताबिक गाड़ी संख्या 02186 रीवा से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 8 एवं 12 मार्च को रीवा से दोपहर 12:30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात में 21:10 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 02185 रानी कमलापति से रीवा स्पेशल ट्रेन 8 एवं 12 मार्च को रानी कमलापति स्टेशन से रात 22:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 07:30 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 01704 रीवा से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 16 मार्च को रीवा से सायं 18:45 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन भोर में 04:30 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01703 रानी कमलापति से रीवा स्पेशल ट्रेन 17 मार्च को रानी कमलापति स्टेशन से सुबह 06:15 बजे प्रस्थान कर उसी दिन सायं 17:10 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 01705 जबलपुर से दानापुर स्पेशल ट्रेन 11 मार्च को जबलपुर से रात 19:40 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सुबह 08.45 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01706 दानापुर से जबलपुर स्पेशल ट्रेन 12 मार्च को दानापुर स्टेशन से सुबह 11:45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन भोर 03:40 बजे जबलपुर स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 09817 कोटा से दानापुर स्पेशल ट्रेन 8 एवं 15 मार्च को कोटा से रात 21:05 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सायं 18.30 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09818 दानापुर से कोटा स्पेशल ट्रेन 9 एवं 16 मार्च को दानापुर स्टेशन से रात 21:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन रात्रि 22:25 बजे कोटा स्टेशन पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 01663 रानी कमलापति से दानापुर स्पेशल ट्रेन 12 एवं 15 मार्च को रानी कमलापति से दोपहर 14:25 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01662 दानापुर से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 13 एवं 16 मार्च को दानापुर स्टेशन से सुबह 11:45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 09:50 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी।

# लाइन मेन के स्वाभिमान हेतु बीमा कवर अनिवार्य आदेश करने की संघ ने की माँग

कटनी ( स्वतंत्रमत )

04 मार्च को लाइन मेन दिवस पर संगठन ने अपने पत्र के माध्यम से लाइन मेन हेतु दुर्घटना के उपरान्त, दुर्घटना बीमा कवर, विकलांगता बीमा कबर, इलाज बीमा कवर, हेतु उन अग्रिम पंक्ति के लाइन मेनों के लिए सम्मान एवं मान्यता हेतु चार मार्च के पहले उपभोक्ता सेवा, लाइन मेन के सुरक्षा नियम विद्युत कंपनियो ने बनाये है। किन्तु सम्पादक लाइनमैन के स्वाभिमान हेतु वीमा कवर के भादेश को अनिवार्य नहीं किया है। जिसके कारण, आउट सोर्स लाइन मेन, सविदा लाइनमेन, नियमितकर्मी लाइन मेन को कार्पोरेट सेलरी पैकेज बीमा कवर का लाभ नही मिल रहा है। सम्पादक कार्पोरेट सेलरी पैकेज बीमा कवर के आदेशों को निचले स्तर के अधिकारियो ने नोटिस बोर्ड पर इसकी सूचना जारी नहीं की है। इसी विषय को ध्यान में रखते हुए संघ ने प्रबंध संचालक से अनुरोध किया था कि लाइन मेनों के स्वाभिमान को बनारसे रखने की लिए स्वाभिमान बीमा कवर अनिवार्य आदेश करने की माँग की है। भतः संगठन के लाइन मैन महेश गोयल, उन्जैन, धर्मेन्द्र पटेल सीहोर, कैलाश नागेश, सिवनी, अरविन्द साहू, उमरिया, अरविन्द्र शर्मा, ग्वालियर, भूपेन्द्र बहोरिया टीकमगढ़, प्रजेश पटेल अशोक नगर, दारा सिंह चंदेल देवास, धनीराम जबलपुर, ब्रजेश पटेल सतना, परमानंद पटेल कटनी, प्रहलाद साहू करनी, सत्यप्रकाश मिश्रा, शहडोल, सुरेन्द्र तिवारी अनुपपुर, तुलसीराम गावडे खण्डवा, उमराव पवार विदिशा, विक्रम धुर्वे मंडला, विवेक ब्यावर, राजेश पटेल राजगढ, वीरेन्द्र सिंह परिहार सिगरौली एवं आर. के. शर्मा ने कंपनी प्रबन्धन से स्वाभिमान बीमा कवर अनिवार्य आदेश करने की माँग की है।

# हंतला मे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर विधायक के मार्गदर्शन पर आयोजित

## 150 मरीजों की जाचँ 72 का नेत्र परीक्षण 18 का होगा निःशुल्क मोतियाबिन्द आपरेशन

कटनी ( स्वतंत्रमत )






विजयराघवगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम हंतला मे महर्षि परासर परिसर मे विधायक संजय सतेंद्र पाठक के मार्गदर्शन पर उद्योगपति तरुण उपाध्याय ने अपने उद्योग कैम्पस हंतला में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजित किया। जिसमे विजयराघवगढ़ स्वास्थ्य अधिकारी बीएमओ डॉक्टर विनोद के मार्गदर्शन पर राहत समर्पण सेवा समिति ने हंतला अपनी टिम के साथ पहुच कर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। जिसमे 150 मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ तथा 72 मरीज का नेत्र परीक्षण कर निःशुल्क चश्मा उपलब्ध कराए गए साथ ही जाचँ के दौरान 18 मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किए गए 6 मार्च को ऑपरेशन जीजी नर्सिंग होम गीता गुप्ता चैरिटेबल ट्रस्ट डॉ. शैफाली गुप्ता के माध्यम से निःशुल्क किया जाएगा आसपास के सभी वरिष्ठ की उपस्थिति के साथ सभी चिन्हित रोगियों का इलाज कराया गया। महर्षि पाराशर बिल्डटेक एल एल पी हंतला संचालक तरुण उपाध्याय, जय भोले मिश्रा, मनोज उपाध्याय, ओमप्रकाश तिवारी, जहान सिं, अज्जू केवट आदी ने शिविर मे अपना श्रमदान दिया मरिजो को लाभान्वित कराने के लिए तरह तरह से प्रचार-प्रसार कर मरिजो को शिविर तक लाया गया। आगे भी शिविर में जिन मरिजों को निःशुल्क चश्मे तरुण उपाध्याय द्वारा निःशुल्क प्रदान किए जाएगे। वही सभी मरिजों का निःशुल्क आपरेशन डॉक्टर सैफाली गुप्ता अपने स्वास्थ्य केंद्र में करेगी। इस दौरान राहत समर्पण सेवा समिति अध्यक्ष शारदा प्रसाद साहू समिति के कोषाध्यक्ष, डॉ. सत्यराम साहू, डॉ. गुलशेर अहमद, विकास निर्देशक चंद्रभान पाल, वॉलंटियर डायरेक्टर छवि ताम्रकार, सी.एच.ओ सपना पटेल, अशा कार्यकर्ता आदी ने सराहनीय भूमिका निभाई। शिविर के आयोजक तरुण उपाध्याय ने कहा की विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक के मार्गदर्शन पर मरिजों के स्वास्थ्य लाभ के लिए डॉक्टर विनोद शारदा साहू आदी के सहयोग से शिविर आयोजित हुआ आगे भी यह क्रम जारी रहेगा ताकि गरीबों को स्वास्थ्य लाभ मिल सके।

## शासकीय कन्या महाविद्यलय की छात्राओं ने किया पानी प्लांट का भ्रमण

कटनी ( स्वतंत्रमत )

शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी की छात्राओं ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय से लगे ग्राम सिंघनपुरी में पहुंचकर महक इंटरप्राईजेज द्वारा संचालित पानी प्लांट में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। इस अवसर पर मिनरल वॉटर नेचर ड्यू के संचालक जिला पंचायत कटनी के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा एवं प्लांट के कर्मचारियों ने महाविद्यालय की छात्राओं एवं शैक्षणिक स्टाफ का स्वागत किया। प्लांट के भ्रमण के दौरान केमिस्ट एवं बायोमेडिकल स्टाफ द्वारा मिनरल वॉटर की प्रोसेसिंग के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया गया। जिसमें बताया गया कि किस तरह मिनरल वॉटर का निर्माण करते हुए उसकी बॉटल में पैकेजिंग की जाती है। इस अवसर पर कॉलेज की 40-45 छात्राओं ने मिनरल वॉटर की जानकारी प्राप्त की।

# अपना धर्म अपना देश अपनी संस्कृति के लिए जिए मुनि सुधा सागर





कटनी ( स्वतंत्रमत )

मैं हूं अपने में स्वयं पूर्ण पर कि मुझ में कुछ गंध नहीं मैं अरस अरूपी अस्पर्शी पर से कुछ भी संबंध नहीं। यह जैनागम की वस्तु स्वतंत्रता का उद्घोष है आत्मा के उद्धार में स्वयं आत्मा ही कार्य कारण है परमात्मा एवं गुरु तो निमित्त मात्र हैं गुरु हमारे लिए परमात्म तत्व तक चरण चिन्ह है मार्गदर्शक हैं शुभ भाव के हेतु हैं यही शुभ भाव परंपरा से मोक्ष का कारण भी है हमारा भारत जहां ऋषि मुनियों भगवान तीर्थंकर चक्रवर्ती सलाका पुरुष जैसे महान व्यक्तित्व के धनी ने जन्म लिया ऐसी पवित्र पुण्य धरा को छोड़कर आर्थिक दौड़ में अपने परिजनों को अनाथ जैसा छोड़कर युवा विदेश जा रहे हैं जहां धर्म की चर्चा चर्या करें मंदिर भगवान गुरु एवं तीर्थ एवं सेवा सुश्रिता का अवसर भी नहीं है हमारा जन्म इस धरा पर इसलिए हुआ था कि हम अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाकर स्वयं का जीवन जीवन बनाते पर अफसोस व्यक्तिगत मन से कह रहा हूं कि हम अपने इस कृत्य के माध्यम से अनाथ पने की जिंदगी को न्योता दे रहे हैं कर्म फल के अनुसार अब कभी तुम्हें भारतीय वसुंधरा प्राप्त नहीं होगी कूकर सूकर जैसी अनाथ बेसहारा जीवन व्यतीत करोगे तुमने माता-पिता परिजन पुरजन छोड़े हैं तैयार रहें ऐसा जीवन जीने के लिए जहां तुम्हारे सिर पर कोई हाथ रखने वाला नहीं होगा। कार्यक्रम के प्रथम चरण में बालम्हचारी प्रदीप भैया के निर्देशन मे मंदिरजी में पूजन विधान अभिषेक एवं सामूहिक शांति धारा का आयोजन बड़ी संख्या में उपस्थित धर्म प्रेमी जनों की उपस्थिति में संपन्न किया गया तरुण काला उत्तम चंद जैन कोयला अशोक पाटनी सुशीला पाटनी, राकेश जैन, गोलाकोट पूर्व अध्यक्ष राजकुमार सिंघई, अनिल जैन, प्रमोद काका, प्रमोद जैन, चूना अनुराग जैन, प्रेमचंद प्रेमी, मिट्ठू लाल जैन, के. एल जैन, सुरेन्द्र सिंघई, मनोज मोदी, गोपीचंद जैन, दिनेश जैन, रमेश जैन, प्रशांत जैन, सुरेन्द्र सिंघई, पुष्पेन्द्र मोदी आदि की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

# बेल्ट प्रमोशन टेस्ट का आयोजन



कटनी ( स्वतंत्रमत )

हमारे कटनी जिले के ताइक्कांडो क्लब के द्वारा 28 फरवरी को बेल्ट प्रमोशन टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें सभी प्रतिभागी बच्चों ने अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बेल्ट प्रमोशन टेस्ट में हाय व्हाइट से येलो बेल्ट प्राप्त किया। इस बेल्ट प्रमोशन टेस्ट को संपन्न कराने में प्रशिक्षक ईश्वरी प्रसाद के साथ-साथ ब्लैक बेल्ट सतीश सोनी एवं गोपाल सिंह रंदकं की उपस्थिति एवं सहयोग सराहनी रहा। इस बेल्ट टेस्ट में अध्यांश सरावगी, परियत मेहानी, मिराया जैन, मेहेर केवलानी, जिशा केवलानी, कायना डोडवानी के साथ कनक प्रसाद ने सफलता प्राप्त की। इस टेस्ट में सभी बच्चों के अभिभावकगण सिद्धांत जैन, मोनिका जैन, प्रवीण केवलानी पूनम केवलानी, हिमांशु मेहानी, सृष्टि मेहानी, आदित्य सरावगी, नेहा सरावगी एवं अमित डोडवानी, मन्नत डोडवानी की उपस्थित गणमान्य रही। हम सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

# भारत बनाम न्यूजीलैंड : चैंपियंस ट्रॉफी में टॉप पर पहुंचने की जंग

## ग्रुप स्टेज में पहला स्थान हासिल करने के लिए मैच बेहद अहम

दुबई।

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम अपना आखिरी लीग मुकाबला 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगी। इस मैच पर सभी की नजरें टिकी हैं, क्योंकि यह मुकाबला तय करेगा कि ग्रुप ए में कौन सी टीम शीर्ष पर रहेगी। भारत और न्यूजीलैंड दोनों ही सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं, लेकिन ग्रुप स्टेज में पहला स्थान हासिल करने के लिए यह मैच बेहद अहम होगा। अब तक भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। पहले मैच में बांग्लादेश को 6 विकेट से हराया और फिर पाकिस्तान को भी 6 विकेट से मात दी। दूसरी ओर न्यूजीलैंड ने भी अपने दोनों मुकाबले जीते हैं। उन्होंने



पाकिस्तान को 60 रनों से हराया और फिर बांग्लादेश को 5 विकेट से शिकस्त दी। ऐसे में दोनों टीमें पूरे आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेंगी।

इस टूर्नामेंट में अब तक तीन मैच बारिश की वजह से प्रभावित हुए हैं। साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया था, जबकि पाकिस्तान और बांग्लादेश का मैच भी बारिश के कारण नहीं हो सका। ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के बीच मैच आधा ही खेला जा सका और अंकों का बंटवारा हुआ। ऐसे में फैंस के मन में यह सवाल जरूर उठ रहा है कि भारत और न्यूजीलैंड के मुकाबले पर मौसम का क्या असर पड़ेगा।

### मौसम साफ रहने की उम्मीद

राहत की बात यह है कि मौसम पूरी तरह से साफ रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को दुबई में तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा और ह्यूमिडिटी 47 प्रतिशत तक होगी। मैच के दौरान हवा की गति 29 किलोमीटर प्रति घंटे रहने की संभावना है, लेकिन बारिश की संभावना केवल 5 प्रतिशत ही जताई गई है। इसका मतलब यह है कि फैंस को पूरे 50 ओवर का रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा।

भारतीय टीम की अगुआई कप्तान रोहित शर्मा करेंगे, जबकि न्यूजीलैंड की कप्तानी केन विलियमसन के हाथों में होगी। भारत के लिए विराट कोहली, शुभमन गिल और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी अहम भूमिका निभा सकते हैं, जबकि न्यूजीलैंड की टीम डेवोन कॉनवे, ट्रेंट बोल्ट और मिशेल सैंटनर पर निर्भर रहेगी। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगा।

## पूर्व रणजी खिलाड़ियों के लिए बन रही लीग

मुम्बई।

अब पूर्व रणजी क्रिकेटरों के लिए भी एक नई बनने जा रही है। इस लीग का आयोजन इसी साल जून.जुलाई में हो सकता है। इसमें रणजी से संन्यास ले चुके खिलाड़ी खेलेंगे। एक लीग के आयोजन की रुपरेखा बनायी जा रही है । इसके लिए मेंटोर की जिम्मेदारी पूर्व तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार को दी गयी है। इस लीग का नाम एपिक विक्ट्री क्रिकेट लीग रहेगा और इसमें छह फ्रेंचाइजी टीमें भाग लेंगी और कुल 18 मैच होंगे। प्रवीण कुमार ने कहा मैं रणजी खिलाड़ियों के योगदान को मान्यता देने के लिए ईवीसीएल का समर्थन करता हूं। इन खिलाड़ियों को श्रेय मिलना ही चाहिये क्योंकि इन खिलाड़ियों को मेहनत के बाद भी अधिक पहचान नहीं मिली है। उन्होंने कहा मुझे उम्मीद है कि यह लीग पूर्व रणजी क्रिकेटर को करियर को फिर से निखारने और कमाई करने का एक अवसर देगी। इस लीग के लिए खिलाड़ियों का शीघ्र होगा।

## साउथ अफ्रीका ने इंग्लैंड को 7 विकेट से हराया

### सेमी फाईनल में बनाई जगह

कराची।



साउथ अफ्रीका ने चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। साउथ अफ्रीका ने शनिवार को ग्रुप-बी के आखिरी मुकाबले में इंग्लैंड को 7 विकेट से हराया। अफ्रीकी टीम ने 180 रन के लक्ष्य को 29.1 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। इंग्लैंड की टीम 38ए2 ओवर में 179 रन पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैड के बल्लेबाज जो रूट ने सबसे ज्यादा 37 रन बनाए। वहीं जोस बटलर ने 21 और जोफ्रा आर्चर ने अपनी टीम के लिए 25 रन का योगदान दिया। अफ्रीकी गैंदबाज मार्को यानसन और वायन मुल्डर ने 3-3 विकेट लिए वहीं लुंगी एनगिडी, कगिसो रबाडा ने 1-1 विकेट लिया और केशव महाराज ने 2 विकेट लिये।

इंग्लैंड के द्वारा दिये गये 179 रनों का पीछा करने उतरनी साउफ अफ्रीका की टीम ने 3 खोकर 29.1 ओवर में 181 बनाकर जीत हासिल की और चैम्पियन ट्राफी 2025 के सेमीफईनल में अपनी जगह बनाई। साउथ अफ्रीका की ओर से रासी वान डर डसन ने नाबाद 72 रन की पारी खेली। हेनरिक क्लासन 64 रन बनाकर आउट हुए। दोनों ने 122 बॉल पर 127 रन की साझेदारी की। इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर ने 2 एवं रसीद ने 1 विकेट लिया।

## जब सीमा पर शांति होगी तभी खेली जाएगी भारत-पाक द्विपक्षीय सीरीज



मुम्बई। भारत और पाकिस्तान ने करीब एक दशक से कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली है। दोनो ही टीमों ने अंतिम बार कोई सीरीज साल 2012.13 में खेली थी। तब पाक टीम भारत दौरे पर आई थी। इसके बाद से ही राजनीतिक तनाव के चलते भारतीय टीम ने पाक दौरे से इंकार कर दिया। इसके पीछे एक बड़ा कारण खिलाड़ियों की सुरक्षा का भी है। भारतीय टीम अभी जारी चैम्पियंस ट्रॉफी में अपने मुकाबले दुबई में खेल रही है जबकि इस टूर्नामेंट का मेजबान पाक है। वहीं जब एक शो में टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर से पूछा गया कि भारतीय टीम कब पाक के साथ द्विपक्षीय सीरीज खेलेगी तो गावस्कर ने कहा कि जब तक सीमा पर शांति नहीं हो जातीए तब तक द्विपक्षीय क्रिकेट संबंधों की बहाली संभव नहीं है। गावस्कर ने कहा कि जब सीमा पर शांति होगी तो तभी खेल भी संभव है। अगर सीमा पर शांति रहती है, तो मुझे लगता है कि दोनों सरकारें निश्चित रूप से कहेंगी, देखिए ठीक है हमारे यहां कोई घटना नहीं हुई बिल्कुल भी नहीं। तो चलिए कम से कम बाचतीत से शुरुआत करते हैं। गावस्कर ने आगे कहा किए मुझे पूरा भरोसा है कि बातचीत के प्रयास चल रहे होंगे पर जब तक जमीन पर सब कुछ ठीक न हो कुछ कहा नहीं जा सकता । आये दिन हम आतंकी घुसपैठ की बातें सुनते हैं। इसी कारण भारत सरकार कह रही है कि पहले पाक अपनी हरकतें रोके उसके बाद ही खेल होना संभव है।

## विदर्भ से करुण नायर ने शतक लगाया

नई दिल्ली।

करुण नायर ने रणजी ट्रॉफी फाइनल के चौथे दिन दूसरी पारी में नाबाद 132 रन बनाकर विदर्भ को 286 रन की कुल बढ़त के साथ मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। नायर ने रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सत्र में अपना चौथा शतक जड़ा। नायर की इस पारी से विदर्भ रणजी ट्रॉफी के अपने तीसरे खिताब के काफी करीब पहुंच गया है। रणजी ट्रॉफी के 90वें सत्र के फाइनल में नायर ने जीवनदान का फायदा उठाते हुए 280 गेंद की धैर्यपूर्ण पारी में 132 रन बनाये, जिससे विदर्भ ने दिन का समापन चार विकेट पर 249 रन पर किया। विदर्भ ने पहली पारी में 37 रन की बढ़त हासिल की थी। अगर मैच ड्रॉ भी होता है तो पहली पारी में मिली बढ़त के आधार पर विदर्भ की टीम चैंपियन बन जाएगी।

## अफगानिस्तान से हार से दुखी इंग्लैंड के कप्तान बटलर ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली।





चैंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप से बाहर होने के बाद जोस बटलर ने इंग्लैंड के सफेद गेंद के कप्तान के पद से इस्तीफा दे दिया है, उन्होंने घोषणा की कि वह करांची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी बार टीम का नेतृत्व करेंगे। बटलर ने कहा कि वह इंग्लैंड की कप्तानी छोड़ रहे हैं। यह उनके और टीम के लिए सही फैसला है। उम्मीद है कि ब्रेंडन मैकुलम के साथ कोई और आ सकता है जो टीम को वहां ले जाएगा जहां इसकी जरूरत है। बटलर इंग्लैंड के लिए खेलना जारी रखेंगे और उन्होंने कहा कि वह वास्तव में अपने क्रिकेट का आनंद लेना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अभी भी हावी भावनाएं उदासी और निराशा हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें यकीन है, समय के साथ यह बीत जाएगा और वह अपने क्रिकेट का आनंद ले सकेंगे और यह भी प्रतिबिंबित करने में सक्षम होंगे कि अपने देश की कप्तानी करना कितना बड़ा सम्मान है और इसके साथ आने वाली सभी विशेष चीजें। बता दें बटलर को जून 2022 में इयोन मोर्गन के उत्तराधिकारी के रूप में नियुक्त किया था और उन्होंने उस साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप जीता थाए लेकिन लगातार तीन असफल आईसीसी आयोजनों 2023 में 50 ओवर विश्व कप, 2024 में टी20 विश्व कप और 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अब उनपर दबाव बन गया था। इंग्लैंड क्रिकेट के परिणामों में तेजी से गिरावट आई थी जिसका जिम्मेदार बटलर को माना गया था। बटलर ने अफगानिस्तान से इंग्लैंड की 8 रन से हार के बाद संकेत दिया कि वह साल 10 मैचों में नौवीं हार मिलने पर इस्तीफा दे देंगे। उन्होंने कहा था कि उन्हें सभी संभावनाओं पर विचार करने और इस पर काम करने की जरूरत है कि क्या वह समस्या का हिस्सा हैं या समाधान का।

## सरफराज को जून में मिल सकता है टेस्ट खेलने का अवसर

नई दिल्ली।



घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाने वाले सरफराज खान को जून में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से एक बार फिर अवसर मिल सकता है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उन्हें एक भी टेस्ट मैच में खेलने का मौका नहीं मिला क्योंकि वह चोटिल हो गए थे। इसके बाद वह घरेलू क्रिकेट भी नहीं खेल पाये। भारतीय टीम को अब टेस्ट क्रिकेट जून में खेलना है। तब टीम इंडिया इंग्लैंड दौरे पर जाएगी जहां उसे मेजबानों के साथ 5 टेस्ट की सीरीज खेलनी है। सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से खेला जाएगा। सरफराज ने अपना आखिरी टेस्ट न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले साल नवंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने घर में खेला था। उन्होंने अभी तक भारत के लिए केवल एक टेस्ट में डेब्यू किया है। ऐसे में अब वह तभी भारतीय टीम में नजर आ सकते हैं। सरफराज का घरेलू क्रिकेट में शानदार रिकॉर्ड है। उन्हें घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद साल 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में डेब्यू का मौका मिला। सरफराज ने अब तक 6 टेस्ट खेले हैं जिसमें उन्होंने 371 रन बनाए हैं जिसमें 1 शतक और 3 अर्धशतक शामिल है। उनका सबसे अधिक स्कोर 150 रन रहा है। इसके अलावा 54 फर्स्ट क्लास मैचों में सरफराज खान के नाम 4593 रन दर्ज हैं।

## टेस्ला का पहला शोरूम मुंबई के बीकेसी में खुलेगा





### अप्रैल से ईवी की बिक्री संभव

**मुंबई।** दुनिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरर टेस्ला भारत का अपना पहला शोरूम मुंबई में खोलेगी। यह मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में होगी। कंपनी ने हाल ही में इसके लिए डील फाइनल की है। प्रॉपर्टी मार्केट के सोर्सेस के अनुसार टेस्ला बीकेसी में एक कॉमर्शियल टावर के ग्राउंड फ्लोर पर 4,000 स्क्वायर फीट की जगह ले रही है। यहां वह अपने कार मॉडल्स को शोकेस करेगी और बेचेगी। कंपनी इस जगह के लिए मंथली लीज रेंट करीब 900 रुपए प्रति वर्ग फीट या करीब 35 लाख रुपए देगी। लीज एग्रीमेंट पांच साल के लिए है। खबर थी कि कंपनी दिल्ली और मुंबई में अपना स्टोर खोलेगी। उम्मीद की जा रही है कि टेस्ला दिल्ली के एयरोसिटी कॉम्प्लेक्स में दूसरा शोरूम खोलेगी। सीईओ इलॉन मस्क ने हाल ही में पीएम मोदी के अमेरिका दौरा में मुलाकात की थी। इसके बाद कंपनी ने भारत में 13 नौकरियों के लिए वैकेंसी निकाली गई।

मुंबई के बीकेसी में शोरूम ओपन करने और भारत में नौकरी के लिए वैकेंसी देने के बाद उम्मीद बढ़ गई है कि टेस्ला अप्रैल तक भारत में एंट्री ले लेगी और भारत में कारें बेचना शुरू कर देगी। टेस्ला भारत में फिलहाल मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट नहीं लगाएगी। वो जर्मनी के बर्लिन-ब्रांडेनबर्ग की गीगाफैक्ट्री में बनी कारें भारत लाएगी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक कंपनी यहां सबसे किफायती ईवी उतारने की तैयारी में है। इसकी कीमत 25 हजार डॉलर हो सकती है। यह कौन-सा मॉडल होगा, इसकी जानकारी नहीं दी गई है। लेकिन ईवी कार को लेकर भारत की मौजूदा इंपोर्ट पॉलिसी हिसाब से 21 लाख रुपए की कार भारतीय बाजार में 36 लाख रुपए तक हो सकती है। अभी बाहर से आने वाली इलेक्ट्रिक कारों पर 75 प्रतिशत तक बेसिक कस्टम ड्यूटी लगती है।

## इस सप्ताह 1,036 रुपए सस्ता हुआ सोना

### चांदी भी 3,667 रुपए फिसली

**नई दिल्ली।** देश भर में इस हफ्ते सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 22 फरवरी को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 86,092 रुपए प्रति 10 ग्राम थाए जो 1 मार्च को घटकर 85ए056 रुपए हो गया। इस हफ्ते सोने के दाम में 1,036 रुपए की गिरावट दर्ज की गई है। चांदी की कीमतों में भी बड़ी गिरावट देखी गई है। पिछले शनिवार को चांदी 97,147 रुपए प्रति किलो थी, जो अब 3,667 रुपए घटकर 93,480 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को 99,151 रुपए प्रति किलो के सार्वजनिक स्तर को छुआ था। वहीं दिल्ली में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 79,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 86,770 रुपएए मुंबई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 79,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 86,620 रुपएए कोलकाता में 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 79,400 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 86,620 रुपए और चेन्नई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 79,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 86,620 रुपए है। वहीं इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 8,894 रुपए बढ़कर 85,056 रुपए पर पहुंच गया है।

## कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 6 रूपये तक महंगा

### इंश्योरेंस पॉलिसी प्रीमियम पेमेंट के नियम बदले

नई दिल्ली।

नया महीना यानी मार्च अपने साथ कई बदलाव लेकर आया है। आज से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 6 रुपए तक महंगा हो गया है। म्यूचुअल फंड्स और डीमैट अकाउंट्स के नॉमिनी से जुड़े नियमों में बदलाव किया है। इसके अलावा इंश्योरेंस पॉलिसी के प्रीमियम पेमेंट के नियम बदल गए हैं। आज से 19 किलो वाला कॉमर्शियल सिलेंडर 6 रुपए तक महंगा हो गया है। दिल्ली में इसकी कीमत 6 रुपए बढ़कर 1803 हो गई। पहले ये 1797 में मिल रहा था। कोलकाता में यह 6 रुपए बढ़कर 1913 में मिल रहा है, पहले इसके दाम 1907 थे।

मुंबई में सिलेंडर 1749 रुपए से 5.5 रुपए बढ़कर 1755.50 रुपए हो गया है। चेन्नई में सिलेंडर 1965 रुपए पर मिल रहा है। हालांकि 14.2 केजी वाले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में यह 803 और मुंबई में 802.50 का मिल रहा है। मार्केट रेगुलेटर सेबी ने म्यूचुअल फंड्स और डीमैट अकाउंट्स के नॉमिनी से जुड़े नियमों में



बदलाव किया है। निवेशक अब डीमैट अकाउंट्स या म्यूचुअल फंड पोर्टफोलियो में 10 व्यक्तियों को नॉमिनी बना सकता है। इनका मकसद क्लेम न किए गए एसेट्स को कम करना और इंवेस्टमेंट्स के बेहतर मैनेजमेंट को बढ़ावा देना है। बीमा नियामक इरेडा ने लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों को बीमा एएसबीए नामक एक नई सुविधा शुरू करने के लिए कहा है। इस सुविधा के तहत पॉलिसी खरीदने वाला व्यक्ति बीमा प्रीमियम की राशि को अपने बैंक खाते में ब्लॉक कर सकता है। यह पैसा तभी काटा जाएगा जब बीमा पॉलिसी जारी की जाएगी।

## 2000 रुपये के नोटों की वापसी 98.18 प्रतिशत पर : आरबीआई

**नयी दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शनिवार को कहा कि 28 फरवरी 2025 को कारोबार बंद होने तक 2000 रुपये के 98.18 प्रतिशत करेंसी नोट प्राप्त हो चुके हैं। साथ ही यह भी कहा कि ये बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। आरबीआई ने कहा कि 2000 रुपये के नोटों की कुल कीमत 19 मई 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपये थी, जब 2000 रुपये के नोटों को वापस लेने की घोषणा की गई थी। यह 28 फरवरी 2025 को कारोबार की समाप्ति पर घटकर 6,471 करोड़ रुपये रह गई है। इस प्रकारए 19 मई 2023 तक प्रचलन में रहे 2000 रुपये के नोटों में से 98.18 प्रतिशत वापस आ चुके हैं।

2000 रुपये के नोटों को जमा करने औरध्या बदलने की सुविधा देश की सभी बैंक शाखाओं में 07 अक्टूबर 2023 तक उपलब्ध थी। 2000 रुपये के नोटों को बदलने की सुविधा 19 मई 2023 से रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है। 09 अक्टूबरए 2023 से आरबीआई निर्गम कार्यालय भी व्यक्तियों/संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए 2000 रुपये के नोट स्वीकार कर रहे हैं। इसके अलावा आम लोग देश के किसी भी डाकघर से भारतीय डाक के माध्यम से 2000 रुपये के नोट आरबीआई के किसी भी निर्गम कार्यालय में अपने बैंक खातों में जमा करने के लिए भेज सकते हैं।

## सेंसेक्स और निफ्टी में लगभग तीन फीसदी की रही गिरावट

### सेंसेक्स 73,198.10 पर बंद, निफ्टी भी 420 अंक गिरकर 22,124.70 पर बंद

मुंबई।

उपभोक्ता मांग में नरमी और टैरिफ खतरों की चिंताओं के बीच अमेरिकी व वैश्विक बाजारों में कमजोरी और वैश्विक बाजारों में जारी बिकवाली की वजह से बीते सप्ताह साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स और निफ्टी में लगभग तीन फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। महाशिवरत्रि के पर्व के अवसर पर बुधवार को शेयर बाजार बंद रहे, इस दिन बीएसई और एनएसई में कारोबार नहीं हुआ। जिसकी वजह से बीते सप्ताह शेयर बाजार में एक दिन कम कारोबार हुआ। सोमवार को भारतीय बेंचमार्क इक्विटी इंडेक्स लगातार पांचवें सत्र के लिए लाल निशान में खुले। सोमवार को बाजार खुलने के बाद सभी क्षेत्रों में



बिकवाली देखी गई। इस दौरान सेंसेक्स 733.86 की गिरावट के साथ 74,577.20 पर खुला और 856.65 की गिरावट के साथ 74,454.41 पर बंद हुआ। निफ्टी 50222.61 अंक गिरकर 22, 573.30 पर खुला और 242.56 अंक फिसलकर 22,553.35 के स्तर पर बंद हुआ। मंगलवार को भारतीय बेंचमार्क इक्विटी इंडेक्स हर निशान के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 117.57 अंक बढ़कर 74,571.98 पर खुला और 147.71 अंक यानी 0.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,602.12 अंक पर बंद हुआ।

निफ्टी भी 31.3 अंक की उछाल के साथ 22,584.65 पर खुला और 5.80 अंक फिसलकर 22,547.55 अंक पर बंद हुआ। बुधवार को महाशिवरात्रि की छुट्टी के बाद गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक हरे निशान पर खुले। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 231.97 अंक चढ़कर 74,834.09 पर खुला और 10.31 अंक की मामूली बढ़त के साथ 74,612.43 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 65.75 अंक मजबूत होकर 22,613.30 पर खुला और 10.31 अंक की मामूली बढ़त के साथ 74,612.43 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 65.75 अंक मजबूत होकर 22,613.30 पर खुला और 2.50 अंक फिसलकर 22,545.05 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स 1300 अंकों से अधिक क्रेश होकर 73,27650 अंक पर खुला और 1,414.33 अंक गिरकर 73,198.10 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी-50 भी 400 अंकों का गोता लगाकार 22,138.95 के स्तर पर खुला और 420.35 अंक गिरकर 22,124.70 के स्तर पर बंद हुआ।

## चंडीगढ़ में भारत अंतरराष्ट्रीय मेगा व्यापार मेला शुरू

**चंडीगढ़।** पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने शनिवार को चंडीगढ़ के परेड ग्राउंड में दूसरे भारत अंतरराष्ट्रीय मेगा व्यापार मेले का उद्घाटन किया और कहा ऐसे आयोजन व्यापारियों को अपने उत्पादों को लोगों के बीच पहुंचाने का मंच प्रदान करता है। वित्त मंत्री चीमा ने कहा कि इस प्रकार के मेगा व्यापार मेले हमारे देश और राज्य की विकास क्षमता को प्रदर्शित करने और व्यापारिक संबंधों को प्रोत्साहित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन व्यापारियों को अपने उत्पादों, सेवाओं और नवाचारों का प्रदर्शन करने, संपर्क स्थापित करने, ज्ञान साझा करने और विकास के नए अवसरों की खोज करने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं। वित्त मंत्री ने उद्योग और व्यापार में पंजाब की समृद्ध विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि पंजाब हमेशा से उद्यमियों, अन्वेषकों और व्यापारियों का केंद्र रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस विरासत को आगे बढ़ाने, उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों और सेवाओं के उत्पादन को प्रोत्साहित करने और उद्योग व व्यापार के लिए एक अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री चीमा ने इस व्यापार मेले के आयोजन के लिए बंगाल चैंबर और जीएस मार्केटिंग एसोसिएट्स को बधाई दी।

### शक्कर में तेजी, खाद्य तेल मजबूत

**इंदौर।** सियागंज किराना बाजार में शक्कर में मांग रही। खाद्य तेल मजबूत रहे। मूंगफली तेल बढ़कर बिका। सरसों में प्लांटों की लिवाली बताई गई। दलहनों में तेजी हुई। आज दाल तथा चावल में पूछपरख बनी रही। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में मांग से तेजी रही। आज शक्कर में चार गाड़ी की आवक हुई। खोपरा बूरा दिसावर के साथ बना रहा। खोपरा गोला, हल्दी में लग्नसरा ग्राहकी रही। खाद्य तेलों में खरीदी से मजबूती हुई। आज मूंगफली तेल ऊंचा होकर बिका। तिलहन में उठाव से सरसों में तेजी दर्ज की गई। संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन जिन्सों में कामकाज तेजी लिए रहा।

# जीआईएस बना टैक्सटाइल में निवेश का एक्सप्रेस सुपर हाईवे: मुख्यमंत्री

## पारंपरिक से आधुनिकता की ओर अग्रसर मध्यप्रदेश का टैक्सटाइल उद्योग






**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश अपने समृद्ध टैक्सटाइल और परिधान उद्योग के कारण एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में उभर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा है कि प्रदेश की कृषि समृद्धि, पारंपरिक बुनकर समुदायों की उत्कृष्ट कला, आधुनिक औद्योगिक आधार और निवेशक-अनुकूल नीतियाँ राज्य में टैक्सटाइल सेक्टर को सशक्त बना रही हैं। जीआईएस-जीआईएस-भोपाल का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश को देश की कॉटन कैपिटल घोषित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश देश का सबसे बड़ा कपास उत्पादक राज्य है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने राज्य की प्रसिद्ध चंदेरी और माहेश्वरी साड़ियों, बाघ प्रिंट, छीपा हैंड-ब्लॉक प्रिंट और बटिक प्रिंट की प्रशंसा की। उन्होंने यह भी बताया कि देश के सात बड़े टैक्सटाइल पार्कों में से एक मध्यप्रदेश में स्थापित किया जा रहा है। भोपाल में राज्य सरकार के प्रयासों से देश-विदेश के निवेशकों ने रुचि दिखाई है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की है कि मध्यप्रदेश भारत के टैक्सटाइल और एपैरल हब के रूप में स्थापित हो रहा है।

**जीआईएस भोपाल में टैक्सटाइल निवेश को बढ़ावा:-** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भोपाल में टैक्सटाइल उद्योग में निवेश को बड़े पैमाने पर बढ़ावा मिला। प्रदेश में एमएसएमई क्षेत्र के लिए 21 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव में अधिकांश टैक्सटाइल उद्योग को प्राप्त है। इससे युवाओं के लिये 1.3 लाख से अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। उद्योग और निवेश संवर्धन विभाग के अंतर्गत 8,616 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित हुआ है। वर्तमान में मध्यप्रदेश में 60 से अधिक बड़ी टैक्सटाइल मिलें संचालित हैं। साथ ही इंदौर के रेडीमेड गारमेंट और अपैरल क्लस्टर में 1,200 से अधिक इकाइयां उत्पादन कर रही हैं।

**रोजगार और औद्योगिकीकरण को बढ़ावा:-** मध्यप्रदेश के धार जिले में बन रहा पीएम मित्र पार्क देश का सबसे बड़ा टैक्सटाइल पार्क है। इसमें एक लाख से अधिक प्रत्यक्ष और दो लाख से अधिक अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। पीएम-मित्र पार्क प्रदेश को टैक्सटाइल उद्योग में नये सिरे से स्थापित करेगा। मध्यप्रदेश में भारत के 43 प्रतिशत जैविक कपास का उत्पादन होता है। विश्व में प्रदेश के कपास उत्पादन का योगदान 24 प्रतिशत है। प्रदेश में कपास का उत्पादन 31 हजार 700 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष है। इसलिए इसे कॉटन कैपिटल कहा गया है। मलबरी सिल्क को मिलाकर 200 मीट्रिक टन सिल्क का उत्पादन होता है।

2025 से उद्योगों को मिल रहा प्रोत्साहन

**प्रदान किए जा रहे वित्तीय प्रोत्साहन:-** मध्यप्रदेश सरकार ने टैक्सटाइल उद्योग के लिए नई नीति लागू की है, जिसमें निवेशकों को कई वित्तीय और गैर वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किए जा रहे हैं। नीतिगत प्रावधानों में प्लांट और मशीनरी में किए गए निवेश पर 10 से 40 प्रतिशत तक की राशि निवेश संवर्द्धन सहायता के रूप में उद्यमियों को दी जाएगी। इस पर 5 से 7 प्रतिशत तक ब्याज अनुदान भी 5 वर्ष तक दिया जाएगा। इकाइयों में बिजलीए पानी और सड़क अधोसंरचना निर्माण के के लिए 1 करोड़ रुपये तक की सहायता दी जाएगी। साथ ही इकाइयों के परिसर में कचरा प्रबंधन प्रणाली के लिए 1 करोड़ रुपये तक की ग्रीन इंडस्ट्रियलाइजेशन सब्सिडी भी दी जाएगी। एपैरल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट खोलने पर 50 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी। पहली बार 5 लाख रुपये तक के पेटेंट शुल्क की 100 प्रतिशत वापसी, पेटेंट मिल जाने पर दी जाएगी, साथ ही पेटेंट प्रक्रिया में भी सरकार आवश्यक सहायता करेगी।

# एनपीएस में मिसिंग क्रेडिट राशि अभिदाता के खाते में जमा होंगे: उप मुख्यमंत्री

## वल्लभ भवन एवं विंध्याचल कोषालय में होगा चालान का सत्यापन, निर्देश जारी



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि सरकार ने कर्मचारियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मिसिंग क्रेडिट की राशि अभिदाताओं के खातों में जमा करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब अशंदायी पेंशन योजना में मिसिंग क्रेडिट की राशि अभिदाता के खातों में जमा किये जायेगें। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने बताया है कि अभिदाताओं के खातों में मिसिंग क्रेडिट की राशि जमा करने के लिये 15 मार्च 2025 तक विशेष अभियान चलेगा। इस संबंध में विभागीय स्तर पर निर्देश भी जारी कर दिये गये हैं।

राज्य शासन के अधीन सिविल सेवा के पदों पर एक जनवरी 2005 को या उसके बाद नियुक्त होने वाले शासकीय सेवकों पर अंशदायी पेंशन योजना लागू है। इसमें शासकीय सेवकों के वेतन से कर्मचारी अंशदान एवं शासकीय अंशदान संबंधित के परमानेंट रिटायरमेंट अकाउंट नम्बर में जमा किया जाता है। ऐसे शासकीय कर्मचारीए जो प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ हैं और उनके अंशदान उनके प्रान में जमा नहीं हुए हैए ऐसे प्रकरणों में मिसिंग क्रेडिट कटौत्री की समस्या होती है। गुमशुदा कटौत्री की समस्या के समाधान के लिए संचालनालय कोष एवं लेखा द्वारा आईएफएमआईएस में सुविधा विकसित की गयी है। ऐसे शासकीय सेवक, जो प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ है, उनके अंशदान के चालानों का विवरण कोषालय अधिकारी द्वारा आईएफएमआईएस में भरा जायेगा एवं रिफण्ड देयक तैयार कर अंशदान जमा करने की कार्यवाही की जाएगी। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी वल्लभ भवन राजीव सिंह पवैया ने बताया कि वल्लभ कोषालय द्वारा जो भी प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ शासकीय सेवक जिनके द्वारा चालान भारतीय स्टेट बैंक की टीटी नगर, जहांगीराबादएएमपी नगर, पंचाननए एवं बरखेड़ी की शाखाओं में जमा किये जायेगे उनका चालान का सत्यापन बल्लभ भवन कोषालय सतपुड़ा भवन द्वारा किया जायेगा। इसके साथ ही प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ शासकीय सेवक जिनके द्वारा चालान स्टेट बैंक शाखा विन्ध्याचल, शिवाजी नगर, एचईटी एसएमई गोविन्दपुरा, महावीर नगर, हबीबगंज शाखा में जमा किए गये है, वह शासकीय सेवक विन्ध्याचल कोषालय, विन्ध्याचल भवन में उपस्थित होकर चालान का सत्यापन करा सकते हैं।

### राज्य बाल संरक्षण आयोग की एक दिवसीय कार्यशाला 3 मार्च को

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सोमवार को मध्यप्रदेश राज्य बाल संरक्षण आयोग की एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। सोमवार 3 मार्च 2025 को कुशाभाऊ ठाकरे अन्तर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में बच्चों के शिक्षा के अधिकार, पॉक्सो एवं किशोर न्याय अधिनियम पर आधारित इस कार्यशाला में महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। कार्यशाला में सभी जिलों के महिला बाल विकास, शिक्षा, जनजातीय कल्याण एवं गृह विभाग के अधिकारी, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड एवं सामाजिक संगठनों के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

# जेनेरिक दवाओं के संबंध में निकाली गई जागरुकता यात्रा



**दमोह।** जन औषधी दिवस के अवसर पर समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों ने मानस भवन से घंटाघर जेनेरिक दवाओं के संबंध में आयोजित यात्रा को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस दौरान कलेक्टर सुधीर कुमार कोचरए जन औषधी केंद्र संचालक किशन लाल हुरा घीवाला सहित जनप्रतिनिधिगण आमजन मौजूद रहे। इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा भारत सरकार के द्वारा जन औषधि योजना शुरू की गई हैए व्यक्ति को कम से कम कीमत पर जेनेरिक दवाइयां मिल सके, इस उद्देश्य से चालू की गई है। प्रदेश में जन औषधि केंद्र खोले गए हैं, आज उसी दिवस को मनाने के लिए शासन के निर्देश थे, उसी उपलक्ष्य में यह रैली निकाली गई है, पूरे सप्ताह कार्यक्रम चलेंगे इसमें हमारा लक्ष्य यही है कि जहां-जहां पर जन औषधि केंद्र नहीं पहुंचे हैं, हम पहुंचाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर प्रमोद बजाज, पंकज हर्ष श्रीवास्तव, अंजू मोंगिया, गोविंद सिंह बग्गा, सेवंती गुजराती, नरेंद्र दुबे, सीएमएचओ डॉ मुकेश जैन, आरके अहिरवाल, महिमा जैन, मुकेश जैन, लखन गुप्ता एवं किशन लाल हुरा मौजूद रहे।

# जनता की सुखद अनुभूति ही महोत्सव की सफलता है : राज्यमंत्री



**दमोह। दस** दिवसीय नोहलेश्वर महोत्सव में जनता ने जो आनंद, मनोरंजन, नृत्य, गीत, संगीत, भजन, लोकगीत की सुखद अनुभूति की है, उनकी सुखद अनुभूति ही इस नोहलेश्वर महोत्सव की सफलता है। यही मेरी और आयोजन समिति की संतुष्टि है। महोत्सव का उद्देश्य ही लोगों को महोत्सव के माध्यम से संस्कृति और विरासत के प्रति जागरूक करना था। आयोजन में विभिन्न समितियों, प्रशासन और पुलिस ने जो पूर्ण लगन के साथ कार्य किया हैए उसके लिए भी मैं सभी का आभारी हूँ। उक्त आशय के विचार राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने नोहलेश्वर महोत्सव के समापन कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इस दौरान राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, बरगी विधायक नीरज सिंह, राजेंद्र गुरु, भाव सिंह लोधी, सत्येंद्र सिंह, नितेंद्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी रही। अतिथियों का राज्यमंत्री लोधी ने महोत्सव अंगवस्त्र पहना कर स्वागत किया। महोत्सव संयोजक सत्येंद्र सिंह लोधी ने कहा कोई भी कार्यक्रम छोटा हो अथवा बड़ा बिना टीम वर्क के वह संपन्न नहीं हो सकताए महोत्सव की सफलता के लिए विभिन्न समितियों में कार्यकर्ताओं की मेहनत लगी हुई हैं तभी हम एक दिव्य और भव्य नोहलेश्वर महोत्सव का आयोजन कर सके। आगामी महोत्सव में हमारा प्रयास अधिक से अधिक लोगों को महोत्सव से जोड़ना रहेगा।

**राज्यमंत्री ने किया मीडियाजनों का सम्मान:-** 10 दिवसीय नोहलेश्वर महोत्सव को प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करने वाले पत्रकार बंधुओं का राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने सम्मान कर प्रशस्ति पत्र और उपहार भेंट किए। राज्यमंत्री ने पत्रकार बंधुओं का आभार प्रकट करते हुए कहा आप सभी लोकतंत्र के चतुर्थ स्तंभ है, आप ही वही माध्यम है जो संस्कृति और विरासत की महत्वता को अपने समाचार के माध्यम से जन-जन तक पहुंचने का कार्य करते हैं। महोत्सव में आप सभी के सहयोग और सहभागिता से महोत्सव संपन्न हुआ। मंचीय कार्यक्रम में विभिन्न स्थानीय लोकगीत कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से सभी का मनोरंजन किया। सविता यादव एवं उनकी टीम द्वारा बुंदेली राई के माध्यम से मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी द्वारा जबेरा विधानसभा में किए गए विकास कार्यों की गाथा सुनाई, जिस पर सभी दर्शकों ने तालियां बजाकर समर्थन और स्वागत किया।

# श्रीमद्भगवत कथा का हुआ समापन

## स्वामी श्रवणानंद सरस्वती ने दिए श्रेष्ठ जीवन जीने के सूत्र



**दमोह।** अजबधाम में जै-जै सरकार वार्षिक महोत्सव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का शनिवार को समापन हो गया। कथा व्यास आचार्य श्रवणानंद सरस्वती महाराज ने कथा के अंतिम दिन कहा कि अजबधाम में जै जै सरकार की कृपा बरस रही है। इतना आनंद है कि धाम छोड़ने का मन नहीं है लग रहा है कि जै-जै सरकार की छत्रछाया में रहकर यहीं कथा करते रहे। कथा के दौरान श्रवणानंद ने कहा कि भगवान भाव के भूखे है, शबरी के पास भाव थे इसीलिए झूठे बेर भी चाव से खाए थे। आपके पास जो भी चीज हो उसे भाव से खिलाएं भगवान उसे ग्रहण करते है। उन्होंने कथा में कृष्ण सुदामा के प्रसंग का बड़े मार्मिक प्रसंग सुनाते हुए कहा कि मित्रता भाव की होती है यह जात पात उंच नीच छोटा बड़ा नहीं देखती। सुदामा एक पोटली में चावल लेकर गए थे तो भगवान ने उन चावल को भी ग्रहण किया। उन्होंने कृष्ण सुदामा की मित्रता के रोचक प्रसंग भी सुनाए।

श्रवणानंद ने कहा कि संतों के सत्संग में समय का पता नहीं चलता। कृष्ण की कथा कब आरम्भ होती कब समाप्त होती पता ही नहीं रहता। उन्होंने कहा कि लोगों की यशकीर्ति बढ़ने के साथ भगवान का ध्यान कम होने लगता है। भगवान की कृपा का चिंतन मन में होना चाहिए। अपना आकलन स्वयं करना चाहिए। भगवान का अनुग्रह महसूस करना चाहिए, उन्होंने कहा कि हम थोड़ा सा देते है तो छपवाने का प्रयास करते हैएइतनी कंगाली हो गई हैं कि देते है तो दिखाते है यह गलत है उन्होंने कहा जब दान करें तो किसी को दिखना नहीं चाहिए। छिपाकर देना सीखो कब दिया पता नहीं लगना चाहिए। यही दान है। सेवा का अवसर मिले तो सदुपयोग करें। जै-जै सरकार का इतना दिव्य आश्रम बन गया है जहां से जाने का मन नहीं करता। दान की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। सुखदेव जी के उपदेशों का वर्णन किया। कथा के अंत मे उल्लेख किया कि गीता के 700 श्लोकों से हवन हुआ है, यह पहली बार सुना है। रामचरित मानस की चौपाई दोहों से हवन हुआ है संतो की उपस्थिति हुई है। देवराहा बाबाजी के बड़े महाराज का आगमन हुआ। अंत में जै जै सरकार पर बनी फिल्म का विमोचन हुआ। कथा समापन उपरांत कथा व्यास श्रवनानंद को अजबधाम से भावभीनी विदाई दी गई।



### रजपुरा थाना में विदाई समारोह संपन्न

**दमोह।** रजपुरा थाना में पदस्थ थाना प्रभारी शत्रुघन दुबे 28 फरवरी को पुलिस सेवा से रिटायर्ड हुए, दुबे के रिटायरमेंट के बाद आज 1 मार्च को विदाई समारोह का आयोजन रजपुरा थाना परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ काशी से पधारे विद्वान कथाचार्य द्वारा पूजन पाठ के साथ किया। रजपुरा और हटा थाना पुलिस परिवार ने पुष्पमालाओं से श्री दुबे का स्वागत कर शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में उपस्थिति क्षेत्रीयजनों ने श्री दुबे के कार्यकाल को याद कर सराहना की।

# युवा खिलाड़ी देश की हैं रीढ़

## बरोदा और खोजाखेड़ी के बीच खेला गया फाइनल मुकाबला



**दमोह।** जिले की तहसील पथरिया में टेनिस वाल क्रिकेट टूर्नामेंट विधानसभा स्तरीय मंत्री कप 2025 के समापन के अवसर पर जनपद की 40 एवं 4 नगर बटियागढ़ की टीमों ने भाग लिया। राष्ट्रगान के साथ फाइनल मुकाबला प्रारंभ हुआ। फाइनल मुकाबला बरोदा और खोजाखेड़ी के बीच खेला गया जिसमें खोजाखेड़ी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 203 रन का लक्ष्य रखा, बडौदा जनपद टीम ने महज 73 रन बनाए। खोजाखेड़ी जनपद की टीम ने 130 रन से विजय हासिल की। मेन ऑफ द मैच योगेश पटेल रहे जिन्होंने 93 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। कार्यक्रम में राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा खिलाड़ियों की मेहनत और लगन अद्भुत है। खिलाड़ियों अपनी लगन और मेहनत से इसी तरह प्रगति करते रहें। उन्होंने कहा टीमों पर गर्वए हमें टीम भावना से खेलना चाहिये। खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। युवा खिलाड़ी देश की रीढ़ है। सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा खिलाड़ियों को मेहनत का फल अवश्य मिलता है, आपका सपना आपकी मेहनत से साकार होगाए इसलिए कभी हार नहीं मानना चाहिये। इस अवसर डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, पूर्व विधायक सोनाबाई अहिरवार, पूर्व जनपद अध्यक्ष अशोक पटेल, पूर्व मंडी अध्यक्ष खरगराम पटेल, लोकेंद्र पटेल, गौरव पटेल, जनपद अध्यक्ष खिलान अहिरवार, आयोजक लखन भैया मित्र मंडल, राजेंद्र गुरु, सागर के पूर्व जिलाध्यक्ष गौरव सिरोठिया सभी मंडल अध्यक्ष, सभी जनपद सदस्य एवं लखन भैया मित्र मंडल के सहयोगी ओर बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# सांसद ने मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्यो का लिया जायजा

## निर्माण कार्य समय सीमा में पूरा करने के निर्देश



**दमोह।** दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के साथ शनिवार को निर्माणाधीन मेडीकल कॉलेज का जायजा लिया। उन्होंने नर्सिंग बिल्डिंग, केंटीन, प्ले ग्राउंड, डॉक्टर्स के क्वाटर्स, छात्रावास आदि निर्माण कार्यो का जायजा लिया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों सहित निर्माण एजेंसी के अधिकारीगण मौजूद थे। सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा आज मेडीकल कॉलेज का आकार जो बनते देख रहे है। चाहे वह नर्सिंग बिल्डिंग, केंटीन, प्ले ग्राउंड, डॉक्टर के क्वाटर्स का कार्य तेज गति से चल रहा है। उन्होंने कहा केन्द्र सरकार और मध्यप्रदेश सरकार की यह बहुत बड़ी योजना है, यह मेडीकल कॉलेज संपूर्ण दमोह जिले के लियेए पन्ना, बड़ा मलहरा, बक्सवाहा के लिये मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा 6 माह पहले देखने के लिये आये थे, तब से काम की गति बहुत तेज है, इसी दिसम्बर तक यह कार्य पूरा हो जायेगा। यहां पर बहुत तेजी से काम चल रहा है। समय.समय पर अधिकारियों से साथ यहां की मॉनिटरिंग कर रहे है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिपार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा और पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रम मंत्री प्रहलाद पटैल और पूरी केन्द्र और राज्य सरकार को बधाई देते हुए कहा सभी के प्रयास से दमोह को एक बहुत बड़ी उपलब्धि मिलने वाली है। जो निश्चित ही आने वाले समय में स्वास्थ्य के क्षेत्र में दमोह जिले के लिये बहुत लाभकारी होगा।

**आमजन को मिलेगा लाभ:-** सांसद राहुल सिंह ने कहा इसके बनने से मेडीकल क्षेत्र के अलावा भी और रोजगार मिलेंगे जैसे साफ सफाई करने वालों को और भी अन्य लोगों को क्योंकि जब कोई बड़ा उद्योग या कॉलेज आता है, तो निश्चित ही रोजगार मिलते है। मुख्य बात यह है कि सभी को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा, अभी लोगों को सागर और जबलपुर जाना पड़ता है लेकिन जब मेडिकल कॉलज बन जायेगा तो आसपास के क्षेत्र से जो लोग यहां इलाज करवाने के लिये आयेंगे, उन्हें यहां पर स्वास्थ्य लाभ मिलेगा और साथ ही वह यहां पर रूकेंगे तो अन्य लोगों की भी इससे आय होगी। भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा प्रधानमंत्री का जो उद्देश्य रहा है, सबको शिक्षा, सबको स्वास्थ्य, सबको पानी और उस उद्देश्य की पूर्ति होने वाली है, लगभग हम उस मील के पत्थर को पार करने वाले हैं। दमोह एक इतिहास रचेगा स्वास्थ्य को लेकर एक मेडिकल कॉलेज जिसकी लंबे समय से मांग थी। उन्होंने कहा मेडीकल कॉलेज की मांग रखी जिस पर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भूमि पूजन के साथ शुरूआत की। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव इसका भव्य तरीके से उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा दमोह जिले की जनता के लिये स्वास्थ्य की अति आवश्यक मांग थी वह भी पूरी होगी।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-4 छोटी लाईन फाटक**
**गोरखपुर नगर पालिक निगम, जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि.04/एम 313/2024-25
दिनांक 26/2/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सम्पत्तिकर पिन नं. 1000503824 में पंजीकृत भवन स्वामी श्रीमति नरिन्दर कौर पाल पति श्री रणवीर सिंह के स्थान पर आवेदक श्री अब्दुल कादिर पिता मोहम्मद कलीम ने भवन नं.1708/312 वार्ड क्र. 13 तृतीय तल 800 व.फु. एवं दस्तावेज पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस पर किसी भी व्यक्ति या संस्था को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्र. 03 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-4 छोटी लाईन**
**फाटक नगर निगम, जबलपुर**

**न्यायालय तहसीलदार**
**तहसील आधारताल, जबलपुर**

रा.प्र.क्र./3152/अ-6/-2024-25 जबलपुर, दिनांक 13.02.25

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती सोनल छत्तानी पति श्री रवि छत्तानी निवासी 1221, 1222 नेपियर टाउन जबलपुर के द्वारा मौजा सुभाषनगर डाया. शी. नं. 299 प्लाट नं. 97/1 स्थित भूमि खसरा नंबर .. में से रकवा 312 व.फु. भूमि पर पार्वती छत्तानी पति टेकचंद छत्तानी की मृत्यु दिनांक 09/01/2025 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 27/02/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 13/02/2025
पेशी दिनांक - 27/02/2025

सील

**तहसीलदार**
**आधारताल, जबलपुर**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी**
**(रा) पाटन जिला जबलपुर**

क्रमांक/105/रीडर/अ0वि0अ0/2025 पाटन, दिनांक 27.02.25
राजस्व अपील प्रकरण क्रंमाक 0050/अपील / 2024-25

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी शैलेष कुमार जायसवाल पिता स्व.राजेन्द्र प्रसाद जायसवाल निवासी खमरिया जिला जबलपुर की ओर से अधिवक्ता श्री दीपक कुमार द्वारा मौजा जुगतरा प.ह.नं. 26 राजस्व निरीक्षक मंडल कटंगी तहसील पाटन जिला जबलपुर न्यायालय तहसीलदार पाटन के रा.प्र.कं. 0002/अ-6/2011-12 में पारित आदेश दिनांक 18.06.2012 के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की गई है। यह आम सूचना जारी की जाती है कि न्यायालय में पेशी दिनांक 18.02.2025 को उत्तरवादी 1. जानकी बाई पिता नन्हेंलाल यादव 2. गोकुल पिता रिब्बा यादव 3. दशरथ यादव पिता गोकल यादव सभी निवासी तेन्दूखेडा जिला दमोह म0प्र0 नियत पेशी दिनांक 18.03.2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है। उपस्थित ना होने की दशा में प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेंगी ।
पेशी दिनांक 18.03.2025
जारी दिनाक 27.02.2025
स्थानः- पाटन

सील

**(मानवेन्द्र सिंह राजपूत)**
**अनुविभागीय अधिकारी, पाटन**

सहकारिता एवं खेल मंत्री विश्वास सारंग का जबलपुर दौरा

# अनियमितता और भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टालरेंस पर कार्य करें




## मंत्री सारंग ने ली सहकारिता की संभाग स्तरीय बैठक

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

सहकारिता एवं खेल, युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग शनिवार को जबलपुर दौरे पर थे। कलेक्ट्रेट में आपने सहकारिता की संभाग स्तरीय बैठक ली उन्होंने पहले कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने में सहकारिता विभाग अहम भूमिका निभाएगा। एम–पैक्स से ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में मिलेगी मदद। देश में पहली बार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में सहकारिता क्षेत्र में 2305 करोड़ से अधिक के एमओयू हुये हैं। सहकारिता विभाग के नवाचार में सीपीपीपी कोऑपरेटिव पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर कार्य होगा। रिलायंस, वैधनाथ, पतंजलि जैसी बड़ी कम्पनियों के साथ सहकारिता क्षेत्र में एमओयू होने से सीपीपीपी मॉडल से किसानों के जीवन में आएगी समृद्धि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी सुदृढ़ता आयेगी। डिजिटलीकरण के माध्यम से पैक्स में भी पारदर्शिता आएगी। पैक्स के डिजिटलीकरण में मप्र देश का अग्रणी राज्य है। कुंभ पर गांधी परिवार के सम्मिलित नहीं होने पर श्री सारंग ने कहा कि राहुल गांधी को इटली से अनुमति नहीं मिली इसलिए महाकुंभ में नहीं, राहुल गांधी और नेहरू परिवार केवल चुनावी हिन्दू हैं, 66 करोड़ में भी सोनिया, राहुल और प्रियंका नहीं हैं। बैठक में सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहाणी, सुशील कुमार तिवारी इंदु, डॉ अभिलाष पांडे, नीरज सिंह ठाकुर, विनोद गोंटिया, राजकुमार पटेल, रत्नेश सोनकर, कमलेश अग्रवाल, राजमणी पटेल, कलेक्टर दीपक सक्सेना, सहकारिता आयुक्त मनोज पुष्प, जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत, सयुंक्त संचालक अम्बरीश वैद्य तथा जबलपुर संभाग में पदस्थ सहकारिता से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे। **फोटो– अनिल तिवारी**

### हर विस में एक खेल परिसर होगा

मंत्री श्री सारंग ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक लेकर वर्तमान गतिविधियों की जानकारी लेकर अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि खेलो बढ़ो अभियान के अंतर्गत युवाओं को खेल मैदानों की ओर आकर्षित करने पर कार्य करें। अभियान के तहत खेल अधोसंरचनाओं में भ्रमण के माध्यम से युवाओं को खेल इंफ्रा से रूबरू करवाएं। मंत्री सारंग ने घोषणा करते हुये कहा कि जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करें और पारंपरिक खेलों को भी दें बढ़ावा दें। मंत्री सारंग ने कहा कि प्रदेश के सभी खेल इंफ्रास्ट्रक्चर में एक–एक युवा भवन का निर्माण किया जाएगा, हर विधानसभा क्षेत्र में एक खेल परिसर होगा। युवा भवन में खिलाड़ियों को खेलों के साथ–साथ अन्य संस्कारों का भी ज्ञान मिलेगा।


# जबलपुर फिल्म इंडस्ट्री का शक्ति केन्द्र बनने की राह पर

## बियोंड स्टूडियोज द्वारा शूट की गई फिल्म जल्द होगी रिलीज

जबलपुर (स्वतंत्र मत)




जबलपुर और मध्य प्रदेश, भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के बड़े शक्ति केंद्र बनने की राह पर हैं। यह बात बाहुबली फेम राना दग्गुबाती ने कही। वीडियो संदेश के माध्यम से उन्होंने कहा कि वह इस सिनेमाई यात्रा को देखने के लिए उत्साहित हैं। फिल्म बाहुबली में बलालदेव की भूमिका निभाने वाले राना ने कहा कि वह मध्य प्रदेश के विकास के लिए अच्छी नीतियों के निर्माण विशेष तौर पर फिल्म नीति को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बहुत धन्यवाद देते हैं। उन्होंने लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह को विशेष तौर पर धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि राकेश सिंह ने दक्षिण भारतीय सिनेमा जगत के कलाकारों और निर्माताओं को जो सहयोग दिया है वह अमूल्य है। वीडियो संदेश में तेलगू अभिनेता वेंकटेश के बड़े भाई और अभिनेता राना दग्गुबाती के पिता तथा दक्षिण भारतीय निर्माता परिषद के अध्यक्ष डी. सुरेश बाबू ने कहा कि वह जबलपुर फिल्म सिटी के निर्माण के लिए कठिन परिश्रम कर रहे पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव तथा मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड प्रमुख शिव शेखर शुक्ला तथा इस फिल्म सिटी के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे बियोंड स्टूडियो के भारत भूषण को शुभकामना देते हैं। जबलपुर पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कति परिषद जेएटीसीसी के सीइओ हेमंत सिंह ने बताया कि जबलपुर में फिल्म सिटी के लिए वह सभी आधारभूत ढांचा उपलब्ध है जो जरूरी होता है, प्रशासन फिल्म निर्माताओं को हर तरह से सहयोग करने तत्पर है। बियोंड स्टूडियोज के एमडी भारत भूषण ने कहा कि वह एक फिल्म जबलपुर में शूट कर चुके हैं जो जल्द रिलीज होगी इस फिल्म में प्रदेश के दो हजार लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि नर्मदे नाम की फिल्म का निर्माण किया जा रहा है, जिसकी लाचिंग लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने की नर्मदा प्रकटोत्सव पर की थी । 1 मिनट 16 सेकंड के वीडियो में राणा ने जय महाकाल तथा डी सुरेश ने नर्मदे हर का जयघोष लगाया।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अल्प प्रवास आज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज रविवार को शाम 4.20 बजे भोपाल से वायुयान द्वारा डुमना एयरपोर्ट जबलपुर आयेंगे। मुख्यमंत्री डुमना एयरपोर्ट में कुछ देर रूकने के बाद शाम 4.25 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा कटनी प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री का कटनी में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद शाम 6.25 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा वापस डुमना एयरपोर्ट आगमन होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शाम 6.30 बजे डुमना एयरपोर्ट से वायुयान द्वारा भोपाल प्रस्थान करेंगे।

# धूमधाम से निकाली खाटू श्याम बाबा की शोभा यात्रा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



श्री श्याम महिमा मंडल जबलपुर द्वारा खाटू श्याम बाबा का 20वां वार्षिकोत्सव मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत शनिवार को बड़ी धूमधाम से शोभायात्रा कोतवाली स्थित बलदाऊ जी के मंदिर से प्रारंभ कर मालवीय चौक स्थित बंगलामुखी मंदिर तक निकाली गई। यात्रा प्रभारी मनीष अग्रवाल ने बताया कि यात्रा में हजारों की संख्या में श्याम बाबा के भक्तों ने भाग लिया, खाटू श्याम बाबा के साथ सालासर हनुमान जी और जींड माता की झाकी भी शामिल थी जिसका स्वागत यात्रा मार्ग पर जगह जगह शहर के अग्रवाल सभा, शेखावाटी अग्रवाल समाज, खंडेलवाल समाज व अन्य द्वारा फूलों की बरसात के साथ किया गया। शोभा यात्रा के बगलामुखी मंदिर पहुंचने पर सभी झाकियों की आरती उतारी गई। जिसमें शहर के कई गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे। श्याम महिमा मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल और सचिव पवन बागडोरिया ने यात्रा को सफल बनाने में श्री खाटू श्याम मित्र मंडल गोरखपुर के पदाधिकारियों के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया।

## भविष्य निधि खाता किया जाये ऑनलाइन

**जबलपुर।** मप्र जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि महालेखाकार ग्वालियर द्वारा कर्मचारियों की जीपीएफ पर्ची सिर्फ उनके द्वारा जारी चालू वित्तीय वर्ष की ही निकलती है, जिससे कर्मचारियों को अपने खाते में जमा राशि को देखने की आवश्यकता पड़ने पर राशि निकालने पर पूर्व वर्षों की पर्ची नहीं निकलती है । यदि किसी कारणवश किसी माह की राशि गुमशुदा हो जाती है तो गुमशुदा कटौत्रे का समायोजन हुआ है या नहीं यह भी आनलाईन पासबुक के अभाव में ज्ञात नहीं होता है, जिससे कर्मचारियों को वित्तीय हानि होती है। कर्मचारियों के अंतिम आहरण मे सामान्य भविष्य निधि कार्यालय की मनमानी चलती है।

# 35 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में दिखाए हुनर

## शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन क्रमश: एक एवं 3 मार्च 2025 को किया जा रहा है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 के अंतर्गत 1 मार्च को विज्ञान मॉडल एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पोस्टर का विषय ग्रीन टेक्नोलॉजी था। प्रतियोगिता में लगभग 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मॉडल को बायो एवं फिजिकल दो कैटेगरी रखा गया। बायो मॉडल में हृदय की संरचना, वायरस, माइक्रोस्कोप एवं फिजिकल मॉडल में त्रिकोणमितीय पार्क, सूर्य ग्रहण, स्पेस शटल, सिक्योरिटी अलार्म, मैथ्स पार्क, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन आदि प्रमुख थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एएल महोबिया के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ सुनीता शर्मा एवं संयोजक डॉ मोना मरकाम थीं। निर्णायक की भूमिका में डॉ रवि कटारे, डॉ एसएन शुक्ला, डॉ शंपा जैन, डॉ शीला मैथ्यूज रहीं। कार्यक्रम में विशेष सहयोग स्वाति महोबिया, डॉ रिपुल मेहरोत्रा, डॉ सुतांजय सक्सेना, डॉ विनीता रतोनिया, डॉ अपर्णा अवस्थी, डॉ ओम प्रकाश साहू, डॉ दौलतराम ग्वालवंशी, डॉ ऋषभ तिवारी का सहयोग रहा। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा एवं स्थान प्राप्त करने वाली विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। दिनांक 3 मार्च को विज्ञान साइंस क्विज का आयोजन सुबह 11 बजे से किया जाएगा उसके बाद डॉ मुकेश राय प्राध्यापक आईआईआईटी, डीएम का व्याख्यान एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न होगा।

## प्रदेश के कई जिलों में बदला मौसम

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

देश के बड़े हिस्से में जहां गर्मी की शुरुआत होने लगी है, वहीं कई राज्यों में मौसम अचानक बदल गया है। जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी बर्फबारी हो रही है, तो यूपी, बिहार में बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट है। इसके साथ ही मध्य प्रदेश के 7 जिलों में भी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। वहींए चमोली के एवलांच में फंसे 22 मजदूरों के निकालने का ऑपरेशन जारी है। कल हुए इस हिमस्खलन में करीब 30 लोगों को बचाया गया है। मौसम विभाग के अनुसार मध्य प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में गर्मी की शुरुआत हो चुकी है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में मौसम के अलग–अलग रूप देखने को मिलेंगे।

# एनएसयूआई ने यूजीसी के छात्र विरोधी नियमों के खिलाफ पर्चे बांटे

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ एनएसयूआई ने विभिन्न कॉलेजों में जाकर ड्राफ्ट यूजीसी रेगुलेशन 2025 के खिलाफ जागरुकता अभियान चलाया और छात्रों को इस नीति के खतरों से अवगत कराया। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने पर्चे वितरित किए, जिनमें सरकार द्वारा शिक्षा के निजीकरण, आरक्षण नीति की उपेक्षा, कुलपतियों की मनमानी नियुक्ति और उच्च शिक्षा में बढ़ती असमानता के खिलाफ जानकारी दी गई थी। यह अभियान एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रवक्ता विराज यादव और प्रदेश सचिव राहुल यादव के नेतृत्व में चलाया गया। इस दौरान छात्रों को बताया गया कि सरकार शिक्षा के निजीकरण को बढ़ावा देकर आम छात्रों को उच्च शिक्षा से वंचित करने की साजिश कर रही है। राष्ट्रीय प्रवक्ता, विराज यादव ने कहा कि सरकार जान–बूझकर उच्च शिक्षा को कॉर्पोरेट हाथों में सौंप रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय छात्रों के लिए पढ़ाई करना कठिन होता जा रहा है। नई शिक्षा नीति के बाद अब यूजीसी रेगुलेशन 2025 छात्रों के अधिकारों पर एक और बड़ा हमला है। प्रदेश सचिव राहुल यादव ने कहा कि सरकार लगातार शिक्षा क्षेत्र को कमजोर कर रही है, जिससे छात्रों के भविष्य पर संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे इस अन्याय के खिलाफ एकजुट हों और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करें। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के आदेशानुसार यह अभियान प्रदेश में बड़े स्तर पर चलाया जाएगा। एनएसयूआई छात्रों के अधिकारों की रक्षा के लिए हर मोर्चे पर संघर्ष करेगा और किसी भी छात्र विरोधी नीति को लागू नहीं होने देगा। इस मौके पर साहिल मिश्र, अभय ठाकुर, श्रीराम चंदेल आदि मौजूद थे।

### पर्चे में शामिल हैं ये मुद्दे

पर्चे में प्रमुख मुद्दों पर प्रकाश डाला गया जैसे विवि. में आरएसएस और उद्योगपतियों के हस्तक्षेप को बढ़ावा देना। कुलपतियों की नियुक्ति में पारदर्शिता की कमी और ऋ्स् कार्यकर्ताओं को उच्च पदों पर बैठाने की साजिश। यूजीसी केयर लिस्ट को समाप्त करना, जिससे रिसर्च और उच्च शिक्षा का स्तर प्रभावित होगा। परीक्षा फीस और फॉर्म शुल्क में बेहताशा बढ़ोत्तरी, जिससे सामान्य वर्ग के छात्रों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ बढ़ेगा।


JPV DAV PUBLIC SCHOOL, KATNI

A Senior Secondary School Affiliated with CBSE NO.1030138

ADMISSION OPEN 2025-26

Classes Nursery To IX

- FULLY AIR-CONDITIONED CLASS ROOMS FROM NURSERY TO UKG .
- ALL CLASS ROOMS ARE EQUIPPED WITH SMART BOARDS.
- HORSE RIDING, SWIMMING, TAEKWANDO, KARATE, YOGA, EXCURSION ETC.
- INDOOR AND OUTDOOR SPORTS AND GAMES,EXTRA CO-CURRICULAR ACTIVITIES.
- MODERN LABS OF SCIENCE, COMPUTER SCIENCE & ENGLISH LAB.
- INTERNATIONAL DIMENSION IN SCHOOLS 2022-2025 BY BRITISH COUNCIL .
- ISO 9001-2015 CERTIFIED.
- LEADING TRANSPORT FACILITY EQUIPPED WITH WI-FI, CCTV, PANIC BUTTON AND GPRS.
- DEDICATED AND WELL QUALIFIED TEACHING STAFF.
- ATAL TINKERING LAB (ROBOTICS & INNOVATION )
- Note: Forms for registration can be downloaded from our website www.jpvdavps.ac.in and submitted to the school office by..... 28/02/2025

FOR MORE INFORMATION CONTACT NO. 9425163445, 6268458989, 07622-240812, 240741

Note :- Admission form will be Available from 15-01-2025 onwards.


# कार्मिकों ने सीखीं जीवन रक्षक तकनीक



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) एवं रेडक्रॉस सोसायटी व स्थानीय जिला चिकित्सालयों, मेडिकल कॉलेजों के सहयोग से मप्र में एमपी ट्रांसको के जिला मुख्यालयों में स्थित ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस उप संभागों, सब–स्टेशनों आदि में सीपीआर एवं अन्य ऐसे ही जीवन रक्षक तकनीकों पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किये जा रहें है। इसी क्रम में एक प्रशिक्षण कार्यशाला ट्रांसको एवं छिंदवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइस के संयुक्त तत्वावधान में छिंदवाडा में आयोजित की गई। इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइस के डॉ. अश्विनी पटेल एवं डॉ. उमेश शिवहरे द्वारा व्यवहारिक और उपयोगी प्रशिक्षण दिया गया। कार्यपालन अभियंता दीपक पारधी एवं सहायक अभियंता सुश्री अंजु धुर्वे के सतत् प्रयासों से आयोजित कंपनी के कार्मिकों एवं समाज के लिए बहुउपयोगी एवं जीवनरक्षक इस कार्यशाला के सफल आयोजन में एमपी ट्रांसको के करीब 30 मेंटनेन्स, ऑपरेटिंग एवं सुरक्षा कर्मियों ने हिस्सा लिया।


नेशनल हॉस्पिटल
PEOPLE WHO CARE

C.G.H.S. C.S.M.A. E.S.I.C द्वारा मान्यता प्राप्त एवं मेडीक्लेम की सुविधा

हृदय रोग विभाग: सीने में दर्द (हार्ट अटैक) एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर व इको-कार्डियोग्रॉफी
न्योरोलॉजी न्यूरोसर्जरी विभाग: लकवा, मिर्गी, सिरदर्द, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, न्यूरो सर्जरी, ब्रेन ट्यूमर सर्जरी
अन्य सुविधाएँ: सभी गठानों एवं मुँह के छालों की जाँच, सी.टी. स्केन, डायलिसिस
यूरोलॉजी विभाग: मूत्र के सभी रोगो का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेज़र द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्टल ट्रामा एवं सभी प्रकार की हड्डियों के फेक्चर, हिप एवं नी रिप्लेशमेंट की सुविधा (कूल्हा एवं घुटना का ऑपरेशन)
शल्य चिकित्सा विभाग: दूरबीन पद्धति से गाल ब्लेडर की पथरी, हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतो में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन कुशलतापूर्वक किये जाते है। इन्डोस्कोपी एवं क्रोनोस्कोपी
छाती रोग विभाग: दमा एवं श्वास सम्बंधी समस्या के इलाज की सुविधा, पोस्ट कोविड संबंधी समस्या का इलाज, अस्थमा, निमोनिया, टीबी., फेफड़ों में पानी भरना

28 वर्षो से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान

स्थान: 703, गोलबाजार, जबलपुर फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612



South Avenue Mall
MOVIE MAGIC MULTIPLEX, SOUTH AVENUE MALL, NARMADA ROAD 9425807508
moviemagic Magically Refreshed
ENJOY ALL DAY, ALL SHOWS @ DISCOUNTED PRICES*
15th Year ANNIVERSARY — YOUR JOURNEY OUR MULTIPLEX 15 YEARS TOGETHER
ZERO PLATFORM FEE — BOOK TICKETS FROM MOVIE MAGIC APP AT
3 BIG SCREENS | LASER AND 2K EQUIPPED PROJECTOR | DOLBY DIGITAL SOUND | COMFORTABLE RECLINERS | LIVE KITCHEN

| | |
|---|---|
| CRAZXY (HINDI) | 10:30 AM, 10:40 PM |
| SHAILA (HINDI) | 12:20 PM |
| SUPERBOYS OF MALEGAON (HIN) | 8:10 PM |
| MERE HUSBAND KI BIWI (HIN) | 2:20 PM |
| CHHAAVA (HINDI) | 9:00 AM, 10:00 AM, 12:00 PM, 1:00 PM, 3:10 PM, 4:10 PM, 5:00 PM, 6:20 PM, 7:20 PM, 9:30 PM & 10:30 PM |

BOOK TICKETS & F&B FROM MOVIE MAGIC APP AT ZERO PLATFORM FEE
FOR BULK BOOKING/ADVERTISEMENT 9425807507
FOLLOW US ON @MOVIEMAGIC_JBP


हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक– राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक– सुबोध दुबे, सम्पादक– राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई–मेल–**smatjbp1@ gmail.com,** फोन– 0761–2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023–25, **RNI No. 64561/96.**